

# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : सोमवार, 23 मार्च, 2026 | वर्ष -01 | अंक-36 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

## संक्षिप्त खबरें

### नहाय-खाय के साथ चैती छठ शुरू, खरना आज

**पटना।** चैत्र शुक्ल चतुर्थी रविवार को चैती छठ के चार दिन की पूजा में पहले दिन व्रतियों ने गंगा स्नान कर नहाय-खाय में पवित्रता से निर्मित अरवा चावल, चना दाल, कद्दू की सब्जी ग्रहण किया। सोमवार को खरना (लोहंडा) की पूजा में दूध व गुड़ से निर्मित खीर, रोटी, मौसमी फल का प्रसाद बनाकर इसे पूजा के बाद ग्रहण कर 36 घंटे का निर्जला उपवास की संकल्प लेंगी। सूर्य को आरोग्य देवता के रूप में पूजा की जाती है तथा समस्त जगत के जीवन शक्ति के प्रदाता सूर्य को ही माना गया है।

### वरिष्ठ नेता केसी त्यागी रालोद का दामन थामा

**नई दिल्ली।** जनता दल (यूनाइटेड) से हाल ही में त्यागपत्र देने वाले वरिष्ठ नेता के.सी. त्यागी रविवार को राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) में शामिल हो गए। केन्द्रीय मंत्री व रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने उन्हें औपचारिक रूप से पार्टी में शामिल कराया। केसी त्यागी ने साल 2003 में समता पार्टी से होते हुए जद (यू) में कई वरिष्ठ पदों की जिम्मेदारी संभाली थी। वे जद (यू) के मुख्य महासचिव, मुख्य प्रवक्ता और राजनीतिक सलाहकार रहे।

### जम्मू : 30 हजार से अधिक तीर्थयात्री माता वैष्णो देवी मंदिर की ओर रवाना

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर के बेस कैंप कटरा में रविवार को तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) के कार्यालय ने रविवार को बताया कि श्री माता वैष्णो देवी श्राइन के बेस कैंप कटरा में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। 30 हजार से अधिक तीर्थयात्री पवित्र गुफा की यात्रा करने के लिए रवाना हो चुके हैं।

### नालंदा में गोली मारकर प्रोपर्टी डीलर की हत्या

**नालंदा/बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के हिलसा अनुमंडल अंतर्गत बाइपास के समीप आज रविवार की अहले सुबह मार्निंग वॉक करने गए प्रोपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक हिलसा गांव निवासी नंदलाल यादव के पूत्र भुषण यादव है। घटनाक्रम की जानकारी हिलसा थाना पुलिस को दी गई। हिलसा थाना पुलिस घटनास्थल पर जाकर घटना की जांच करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है।

# गांधी मैदान में दिखी मिनी बिहार की झलक

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुब्बारा उड़ाकर 114वें बिहार दिवस का किया उद्घाटन

### तीन दिवसीय कार्यक्रम की थीम है उन्नत बिहार उज्ज्वल बिहार





**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को ऐतिहासिक गांधी मैदान में बिहार दिवस समारोह 2026 (22-24 मार्च) का दीप प्रज्वलित कर एवं गुब्बारा उड़ाकर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। समारोह में अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग डॉ. बी. राजेन्दर ने मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। बिहार के 114वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम की थीम उन्नत बिहार, उज्ज्वल बिहार रखी गयी है।

मुख्यमंत्री ने बिहार दिवस समारोह-2026 के उद्घाटन से पूर्व गांधी मैदान में विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों से संबंधित लगाई गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं पर आधारित लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सीएम ने शिक्षा विभाग के पवेलियन में लगायी गयी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु संवर्द्धन कक्ष, विज्ञान प्रयोगशाला, कला कक्ष, स्मार्ट क्लास, व्यावसायिक शिक्षा कक्ष, अटल टिंकरिंग लैब, आईसीटी कक्ष, ईको क्लब बाल संसद, खेल कक्ष, निपुण कक्ष, बाल वाटिका आदि का जायजा लिया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा, मंत्री विजय कुमार चौधरी, बिजेन्द्र प्रसाद यादव, सुनील कुमार, अशोक चौधरी, रामकृपाल यादव, दीपक प्रकाश, लखेन्द्र कुमार रौशन, जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद संजय कुमार झा, विधान पार्षद ललन सर्राफ, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री उदयकांत, बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेन्दर, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ. गोपाल सिंह, पटना प्रमण्डल के आयुक्त अनिमेष परासर, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम, एसएसपी कार्तिकेय के. शर्मा सहित अन्य वरीय पदाधिकारीएवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

### पीएम मोदी ने बिहार दिवस की शुभकामनाएं दीं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को बिहार दिवस के अवसर पर बिहार की जनता को शुभकामनाएं दीं और कहा कि बिहार ने लंबे समय से भारतीय विरासत को गौरव और दिव्यता प्रदान की है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, "बिहार दिवस के अवसर पर राज्य के अपने सभी परिवारजनों को अनेकानेक शुभकामनाएं! भारतीय विरासत को भव्यता और दिव्यता प्रदान करने वाला हमारा यह प्रदेश आज प्रगति के नित-नए अध्याय गढ़ने में जुटा है।

### समृद्ध बिहार कॉन्क्लेव में शामिल हुए चिराग



**नई दिल्ली/पटना (एनएसबी)।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोजपा (रा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने रविवार को नई दिल्ली में बिहार दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में बीटो द्वारा आयोजित समृद्ध बिहार कॉन्क्लेव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुआ। बिहार की समृद्ध विरासत, अपार संभावनाओं और विकास के नए आयामों पर सार्थक चर्चा हुई। राज्य के उज्ज्वल भविष्य के लिए यह पहल निश्चित रूप से प्रेरणादायी है। कार्यक्रम में देश भर के विभिन्न हिस्सों से आए निवेशकों ने बिहार में निवेश करने के लिए अपनी गहरी रुचि व्यक्त की। उद्योग, शिक्षा, कृषि, पर्यटन एवं बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर विस्तृत संवाद हुआ।

## लेबनान में हिज्बुल्लाह कमांडर को आईडीएफ ने मार गिराया : इजरायल

**तेल अवीव (एजेंसी)।** इजरायल के इजरायल डिफेंस फोर्सेज ने दावा किया कि उन्होंने लेबनान में हिज्बुल्लाह के एक बड़े कमांडर को मार गिराया है। इजरायली सेना के मुताबिक, माजदल सेल्म इलाके में किए गए हमले में हिज्बुल्लाह कमांडर अबू खलील बारजी की मौत हो गई। इस हमले में दो और लोग भी मारे गए।



आईडीएफ की ओर से मुहैया कराई गई जानकारी के अनुसार, बारजी ने कई वर्षों तक 'रदवान फोर्स' में कमांडर के तौर पर सेवा दी और हाल ही में इसकी स्पेशल फोर्स की कमान संभाली थी, जो मुख्य रूप से आईडीएफ सैनिकों पर हमला करने के लिए जिम्मेदार थी। इसके अलावा, आईडीएफ ने दक्षिणी लेबनान के अलग-अलग इलाकों में हिज्बुल्लाह के आतंकवादी ठिकानों पर भी हमला किया। इजरायल डिफेंस फोर्सेज ने बारजी से पहले वालिद मुहम्मद दिब को भी मार देने का ऐलान किया था। उसके अनुसार, दिब लेबनान में हमास के वित्तीय विभाग के एक शीर्ष अधिकारी थे। दिब हमास के केंद्रीय वित्त मंत्रालय के अधीन थे। वह जुडिया और सामरिया, लेबनान और अन्य देशों में स्थित विभागों को धन हस्तांतरित करने के अलावा सीरिया और लेबनान से आतंकवादी गुर्गों की भर्ती भी कराते थे। इजरायली सेना ने एक फुटेज जारी कर ये भी दावा किया कि उसने लेबनान के दक्षिणी हिस्से में हिज्बुल्लाह के 9 लड़ाकों को मार गिराया है। सेना के मुताबिक, उनके जवान ग्राउंड ऑपरेशन के लिए तैनात थे। इसी दौरान कुछ हथियारबंद उस इलाके के पास आए। जैसे ही इन लोगों की पहचान हुई, सैनिकों ने तुरंत गोलीबारी शुरू कर दी। इसके साथ ही एयर फोर्स को भी सूचना दी गई, जिसने ऊपर से हमला किया।

## लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर बिलाल की ईद के दिन हत्या

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के मुरीदके में शुक्रवार को ईद की नमाज के बाद आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर बिलाल आरिफ सराफी की गोली मार कर हत्या कर दी गई। घटना मरकज तैयबा परिसर में हुई, जिसे पाकिस्तान के अशांत पंजाब प्रांत स्थित आतंकवादी समूहों के सबसे सुरक्षित ठिकानों में गिना जाता है।



मीडिया रिपोर्टस के अनुसार, आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष कमांडरों में से एक बिलाल आरिफ सराफी को मुरीदके में ईद की नमाज के बाद गोली मारकर और कई बार चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। उसकी हत्या 'मरकज तैयबा' परिसर के अंदर की गई, जिसे लश्कर-ए-तैयबा का मुख्यालय माना जाता है। यह घटना शुक्रवार को ईद की सामूहिक नमाज के बाद हुई। उसे बहुत करीब से गोली मारी गई और कई बार चाकू से वार किए गए, जिससे उसकी मौत हो गई।

## बांग्लादेश : ट्रेन की बस से टक्कर में बारह की मौत, 20 लोग जख्मी

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश में ढाका-चटगांव मार्ग पर आज तड़के कोमिला के पादुआ बाजार लेवल क्रॉसिंग पर ट्रेन और बस की टक्कर में 12 लोगों की जान चली गई । इस हादसे में 20 लोग घायल हो गए। इस दुर्घटना के बाद ढाका-चटगांव मार्ग पर तीन घंटे तक ट्रेनों का परिचालन निलंबित रहा।

मृतकों में सात पुरुष, तीन महिला और दो बच्चे शामिल हैं। सूचना पाकर सेना, पुलिस, अग्निशमन सेवा और रेड क्रिसेंट के सदस्य पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया। ढाका ट्रिब्यून और द डेली स्टार अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, कोमिला सदर दक्षिण थाना अंतर्गत ईपीजेड चौकी के सब-इंस्पेक्टर सैफुल इस्लाम ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना लगभग 3:00 बजे हुई। चटगांव जा रही मामून स्पेशल बस पादुआ बाजार लेवल क्रॉसिंग पर ट्रेन की चपेट में आ गई। बस ट्रेन के इंजन में फंस गई और ट्रेन के रुकने से पहले लगभग एक किलोमीटर तक घिसटती रही। बस को ट्रेन घसीटते हुए जंगाल्या-



कचुआ इलाके तक ले गई। यात्रियों की चीख-पुकार सुनकर सबसे पहले स्थानीय लोग पहुंचे। बचावकर्मियों के घटनास्थल पर पहुंचने के बाद और घायलों को बाहर निकालकर कोमिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल से तीन शव बरामद किए गए, जबकि नौ अन्य लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई। अधिकारियों के अनुसार, ढाका-चटगांव मार्ग पर ट्रेनों का आवागमन तीन घंटे तक बाधित रहा। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना के समय क्रॉसिंग पर कोई गेटमैन मौजूद नहीं था। पूर्वी जोन के महाप्रबंधक ने पुष्टि की कि बांग्लादेश रेलवे ने मंडल स्तर क्षेत्रीय स्तर पर दो जांच समितियां बनाई हैं। गेटमैन मेहदी हसन और हेलाल उद्दीन को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। बताया गया है कि अभी तक कोई बचाव ट्रेन घटनास्थल पर नहीं पहुंची है।

### अमेरिका से LPG, रूस से क्रूड ले भारत पहुंचा शिप

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** अमेरिका के टेक्सास से लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (LPG) लेकर एक कार्गो शिप रविवार को मेंगलुरु पोर्ट पर पहुंच गया है। वहीं रूस से एक जहाज क्रूड लेकर भारत आया। पिछले 7 दिनों में करीब पांच जहाज गैस-कच्चा तेल लेकर समुद्र के रास्ते भारत पहुंचे। इससे पहले 18 मार्च को क्रूड ऑयल टैंकर जग लाडकी गुजरात में अडाणी पोर्ट्स आया था। वहीं, दो अन्य LPG कैरियर MT शिवालिक और टळ नंदा देवी करीब 92,712 मीट्रिक टन गैस लेकर 16 और 17 मार्च को भारत आए थे। हालांकि, ये तीनों जहाज होर्मुज के रास्ते से होकर गुजरे थे। फारस की खाड़ी में अभी भी करीब 22 भारतीय जहाज फंसे हुए हैं। हालांकि, वे सभी सुरक्षित हैं।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की पश्चिम एशिया के हालात पर हाई लेवल मीटिंग

## ईंधन व एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित रहे : मोदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पेट्रोलियम, कच्चे तेल, गैस, बिजली और उर्वरक क्षेत्रों की स्थिति की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक पश्चिम एशिया में चल रहे संकट के बीच निर्बाध आपूर्ति और स्थिर वितरण सुनिश्चित करने को लेकर थी। बैठक का मुख्य फोकस निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने, स्थिर लॉजिस्टिक्स सुनिश्चित करने और पूरे देश में वितरण प्रणालियों को सुव्यवस्थित करने पर था, ताकि आवश्यक सेवाओं में किसी भी तरह की रुकावट को रोका जा सके।



इस दौरान अधिकारियों ने प्रधानमंत्री को ईंधन की उपलब्धता की वर्तमान स्थिति और भारत की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, सरकार वैश्विक घटनाक्रम पर करीबी नजर रख रही है और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उतार-चढ़ाव से उपभोक्ताओं और उद्योगों को प्रभावित न होने देने के लिए सक्रिय कदम उठा रही है। बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच पर्याप्त भंडार बनाए रखने और आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह समीक्षा ऐसे समय में हुई है, जब पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजारों में अस्थिरता बनी हुई है। यह क्षेत्र तेल और गैस आपूर्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। मुख्य समुद्री मार्गों, विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य में संभावित व्यवधान को लेकर भी चिंता जताई गई है, जो वैश्विक ऊर्जा व्यापार का बड़ा हिस्सा संभालता है। एक दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन से बातचीत की थी और क्षेत्रीय स्थिति पर चर्चा करते हुए शांति और स्थिरता की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों को खुला और सुरक्षित रखने के महत्व को भी रेखांकित किया और चेतावनी दी कि किसी भी तरह का व्यवधान वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को प्रभावित कर सकता है। मध्य पूर्व पर निर्भरता कम करने के लिए भारत ने अपने तेल और गैस आयात को विविध बनाया है, जिसमें अमेरिका, रूस और अफ्रीकी देशों जैसे नाइजीरिया से आयात बढ़ाया गया है।

## कतर की सेना का हेलीकॉप्टर क्रैश, 6 की मौत, एक लापता

**दोहा (एजेंसी)** । खाड़ी देश कतर के समुद्री क्षेत्र में रविवार को बड़ा हादसा हुआ, जब नियमित ड्यूटी पर तैनात सेना का हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि हादसे में एक लापता व्यक्ति की खोज के लिए अभियान जारी है।



**तकनीकी खराबी के कारण हादसा**

कतर न्यूज एजेंसी के अनुसार रविवार को कतर के समुद्री क्षेत्र में सेना का हेलीकॉप्टर तकनीकी खराबी के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में हेलीकॉप्टर में सवार छह लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति अब भी लापता है। कतर के गृह मंत्रालय के अनुसार, हेलीकॉप्टर में कुल सात लोग सवार थे। दुर्घटना के तुरंत बाद बचाव और राहत कार्य शुरू किया गया। लापता व्यक्ति की तलाश के लिए समुद्री क्षेत्र में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इससे पहले कतर रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि यह दुर्घटना नियमित ड्यूटी के दौरान हुआ। मंत्रालय के अनुसार, उड़ान के दौरान हेलीकॉप्टर में अचानक तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण वह समुद्र में गिर गया।

## खबरें : एक नजर में

### निशांत को फतुहा में जदयू नेताओं की भव्य स्वागत



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार के बख्तियारपुर जाने के क्रम में रविवार को जदयू कार्यकर्ताओं ने फतुहा आरओबी के समीप उनका जोरदार स्वागत किया।

**फतुहा(एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार के बख्तियारपुर जाने के क्रम में रविवार को जदयू कार्यकर्ताओं ने फतुहा आरओबी के समीप उनका जोरदार स्वागत किया। निशांत कुमार बख्तियारपुर स्थित सीढ़ी गंगा रिवर फ्रंट पर आयोजित भव्य गंगा आरती में सम्मिलित होने के लिए जा रहे थे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं के साथ उनका अभिनंदन किया। मिली जानकारी के अनुसार, गंगा आरती में भाग लेने के पश्चात वह महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित शीलभद्र याजी की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। इस विशेष मौके पर जदयू के युवा प्रदेश नेता नीतीश पटेल, अमरेंद्र कुमार उर्फ मोचू, राजदेव यादव, प्रकाश कुमार, रणधीर यादव, मुरारी यादव और दीपराज सहित बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं में निशांत कुमार के आगमन को लेकर खासा उत्साह देखा गया और पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

### नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय छठ अनुष्ठान प्रारंभ

**दनियावां(एनएसबी)।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में रविवार को नहाय-खाय के साथ लोक आस्था के महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान विधिवत प्रारंभ हो गया। इस अवसर पर वतियों ने पवित्र नदी, तालाब एवं घरों में स्नान कर भगवान सूर्य की आराधना करते हुए शुद्ध-सात्विक भोजन ग्रहण किया।नहाय-खाय के दिन वतियों द्वारा अरवा चावल, चना दाल एवं कद्दू की सब्जी को प्रसाद के रूप में तैयार किया गया, जिसे परिवार के अन्य सदस्यों ने भी श्रद्धा के साथ ग्रहण किया। ग्रामीण क्षेत्रों में पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है और घर-घर में छठ की तैयारियां जोरों पर हैं।सोमवार को छठ वत का दूसरा दिन 'खरना' मनाया जाएगा, जिसमें वती पूरे दिन उपवास रखकर शाम को गुड़-चावल की खीर एवं रोटी का प्रसाद ग्रहण करेंगे। इसके बाद अगले दो दिनों तक डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य देकर वत का समापन किया जाएगा। प्रखंड क्षेत्र में छठ पर्व को लेकर साफ-सफाई, घाटों की तैयारी एवं पूजा सामग्री की खरीदारी भी तेज हो गई है, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है।

### बिहार दिवस पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के पवेलियन का निदेशक अनिल कुमार ने किया परिभ्रमण

**पटना (एनएसबी)।** बिहार दिवस के मौके पर पटना के गांधी मैदान में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग (आईपीआरडी) के पवेलियन का रविवार को विभागीय निदेशक अनिल कुमार ने परिभ्रमण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस वर्ष बिहार दिवस का थीम उन्नत बिहार, उज्जवल बिहार रखा गया है। इस थीम के अनुरूप पवेलियन में आम जनता को सरकार की तमाम कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। उन्होंने पवेलियन में लगी राज्य सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और कहा कि इस बार का बिहार दिवस कई मायनों में खास है। इसके साथ ही उन्होंने यहां वर्चुअल सेल्फी प्वांइट पर सेल्फी भी ली और कहा कि यह आगंतुकों के लिए नया और अनोखा अनुभव होगा। इस बार पवेलियन का मुख्य आकर्षण केंद्र वर्चुअल सेल्फी पइंट रहा, जहां दर्शकों की लंबी कतारें लगी दिखाई दीं। लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और अखबारों में छपी अपनी तस्वीरों के साथ सेल्फी लेने के लिए उत्साहित नजर आए। यहां एलईडी स्क्रीन के माध्यम से मुख्यमंत्री के 'सात निश्चय' भाग 1, 2 और 3 की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। साथ ही, राज्य की विकास यात्रा को दर्शाते जीवंत चित्रों और वीडियो के माध्यम से प्रगति से भरी तस्वीरें प्रस्तुत की जा रहीं हैं।

कार्यक्रम के तीनों दिनों विभाग के पवेलियन में विशेष सांस्कृतिक आयोजन किया गया है। इनमें बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक नृत्य और गीत-संगीत की जीवंत प्रस्तुतियां दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहीं हैं। इसके अलावा, लोक कलाकारों द्वारा विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्होंने न केवल मनोरंजन किया, बल्कि विचारों को भी प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाया।

इस मौके पर विभाग के अपर सचिव राजीव कुमार सिंह, अपर सचिव विधुभूषण चौधरी, संयुक्त निदेशक रवि भूषण सहाय, विशेष कार्य पदाधिकारी (ओएसडी) कुमारिल सत्यनंदन, उपनिदेशक नीना झा, उपनिदेशक लाल बाबू सिंह, उपनिदेशक सह नोडल पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार पाठक, सहायक इलेक्ट्रनिक अभियंता रिचा रानी, सहायक निदेशक राजेश चंद्र व पवन सिन्हा, अन्य वरीय एवं कर्मी उपस्थित रहे।

### बेमौसम बरसात से हुई फसल क्षति का होगा आकलन, मंत्री ने दिया निर्देश

**पटना(एनएसबी)।** बिहार सरकार का कृषि विभाग आपदा के समय किसानों के साथ मजबूती से खड़ा है। इसी कड़ी में कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने रविवार को बिहार के विभिन्न जिलों में असमय आई आंधी और बारिश से फसलों को हुए नुकसान के आकलन के लिए विभाग के प्रधान सचिव, कृषि निदेशक और उद्यान निदेशक सहित अन्य विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने कृषि विभाग की टीमों को सक्रिय कर किसानों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने को कहा है। इस दौरान कृषि मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य की सरकार आपदा की इस घड़ी में किसानों के साथ पूरी दृढ़ता के साथ खड़ी है। किसानों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिया गया है।

# उन्नत बिहार, उज्ज्वल बिहार : गांधी मैदान में 114वें बिहार दिवस का भव्य एवं ऊर्जावान आगाज









**पटना (एनएसबी)।** अपनी गौरवशाली विरासत को संजोए और भविष्य की नई उड़ान भरने के संकल्प के साथ, पटना के गांधी मैदान में आज 114वें बिहार दिवस समारोह का भव्य शुभारंभ हुआ। इस वर्ष का मुख्य विषय उन्नत बिहार, उज्ज्वल बिहार है, जो राज्य के सर्वांगीण विकास का प्रतिबिंब है। समारोह के पहले दिन गांधी मैदान विभिन्न विभागों के स्टल्स और प्रदर्शनियों से सराबोर दिखा, जहां शासन और प्रशासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ जनता तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

यह समारोह न केवल बिहार की उपलब्धियों का उत्सव है, बल्कि यह आत्मनिर्भर और विकसित बिहार के निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम है, जहां हर विभाग तकनीक, शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल के माध्यम से प्रदेश की जनता को सशक्त बना रहा है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ऐतिहासिक गांधी मैदान में बिहार दिवस समारोह 2026 (22-24 मार्च) का दीप प्रज्ज्वलित कर एवं गुब्बारा उड़ाकर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। समारोह में अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग डा. बी राजेन्दर ने मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने विभागों द्वारा किये जा रहे विकास कार्यो से संबंधित लगाई गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

# बिहार की मनरेगा से खेल मैदान बनाने की योजना को केंद्र ने भी अपनाया : केंद्रीय खेल राज्य मंत्री

**पटना (एनएसबी)।** बिहार में खेलों को गांव स्तर तक प्रोत्साहित करने के लिए एक विशेष पहल की है। इसके तहत ग्रामीण स्तर तक मनरेगा के सहयोग से खेल मैदान बनाने की कार्ययोजना तैयार करके इसे मूर्तरूप दिया जा रहा है। अब इस योजना को केंद्र सरकार ने भी अपना लिया है। मनरेगा से गांवगांव तक खेल के मैदान या छोटे स्टेडियम बनाए जा रहे हैं। ये जानकारी केंद्रीय खेल राज्यमंत्री श्रीमती रक्षा खड़से ने कही। वे पटना के ताज होटल में आयोजित खेल कनक्लेव को संबोधित कर रही थी। इसका आयोजन खेल विभाग के सहयोग से कराया गया था।

> केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खड़से ने पटना में आयोजित खेल कनक्लेव में दी जानकारी
>
> केंद्रीय मंत्री ने कहा, बिहार में हुनरमंद लोग हैं, इन्हें खेल की तरफ मोड़ने की है जरूरत
>
> राज्य खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने केंद्र से बिहार में अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित करने का किया अनुरोध



पटना के ताज होटल में आयोजित खेल कनक्लेव में केंद्रीय खेल राज्यमंत्री श्रीमती रक्षा खड़से, सूबे की खेल मंत्री श्रेयसी सिंह व बिहार खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्र शंकरण।

बिहार दिवस के मौके पर बिहारवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह राज्य हुनरमंदों का राज्य है। यहां के लोगों को खेल की तरफ मोड़ने की आवश्यकता है। बिहार में खेलो को लेकर काफी पैशन है। यहां के लोगों खासकर बच्चों को शुरू से ही स्पोर्ट्स साइंस से संबंधित जानकारी देने की जरूरत है। बच्चों को स्कूल से कलेज स्तर तक खेल को अनिवार्य कर दिया जाए और इसकी समुचित ट्रेनिंग भी दी जाए। युवाओं में खेल से संयम, समय प्रबंधन, लीडरशिप जैसी चीजें भी सीख सकते हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार विभिन्न राज्यों की सरकारों के साथ मिलकर खेल को बढ़ावा देने में जुटी है। खेलो भारत मिशन जैसी योजनाओं की मदद से सभी राज्यों के साथ मिलकर स्पोर्ट्स इको सिस्टम विकसित करने में सहायता होगी। उन्होंने कहा कि खेल सामग्रियों को बढ़ावा देने पर भी सरकार गंभीरता से विचार कर रही है।

**ओलंपिक और कमनवेल्थ गेमों के कुछ खेल हो बिहार में भी : श्रेयसी :** सूबे की खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि बिहार खेलों के विकास को लेकर काफी काम हुआ है। खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने से लेकर इससे जुड़ी आधारभूत संरचनाओं के विकास पर भी काफी काम हुआ है। अब यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम का निर्माण हो चुका है। खेलों को विकसित करने के लिए यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताएं निरंतर आयोजित होनी चाहिए। केंद्र से मांग करते हुए कहा कि अगर भारत को 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी मिलती है, तो बिहार में भी इसके एक या दो खेल होने चाहिए। इसी तरह कमनवेल्थ गेम के कुछ खेल भी यहां आयोजित हो। अपने संबोधन के दौरान बतौर खिलाड़ी रहे अपने संघर्ष और सामने आई चुनौतियों के बारे में भी बताया।

**बिहार इतिहास लिखता नहीं रचता है : शंकरण :** बिहार खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्र शंकरण ने कहा कि बिहार इतिहास लिखता नहीं, रचता है। बिहार में आज ओलंपिक खेलों के आयोजन की बात हो रही है। जबकि कम लोगों को यह पता होगा कि बिहार में 15 वर्षो यह इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन का कार्यालय रहा और इसके अध्यक्ष जमशेदजी टाटा थे। उन्होंने कहा कि इस कनक्लेव में खेलों के विकास को लेकर जो सुझाव आयेंगे, उन्हें केंद्र स्तर पर अप्रैल में आयोजित होने वाले चिंतन शिविर में रखा जाएगा।

इस कार्यक्रम में खेल विभाग के सचिव महेंद्र कुमार समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## ईवी वाहन समय की मांग, प्रदूषण नियंत्रण में काफी लाभ : परिवहन मंत्री

**पटना (एनएसबी)।** बिहार दिवस की मौके पर परिवहन विभाग के पवेलियन का मंत्री श्रवण कुमार ने उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने दोपहिया और चारपहिया ईवी वाहनों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मंत्री ने कहा कि ईवी वाहन समय की मांग है। इससे प्रदूषण नियंत्रण में काफी सहायता होगी। मुख्यमंत्री नितीश कुमार के कार्यकाल में राज्य में हरित क्षेत्र 9 प्रतिशत से बढ़कर 15 प्रतिशत हो गया है।

पवेलियन को सड़क सुरक्षा की थीम पर तैयार किया गया है। यहां आगंतुकों के बीच सड़क पर सावधानी से वाहन चलाने, हेलमेट पहनने और ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए पैंफलेट का वितरण भी किया गया। इसके साथ ही लोगों का निशुल्क नेत्र जांच, सिम्युलेटर से वाहन दक्षता, स्टॉल पर विभागीय योजनाओं की जानकारी इत्यादि भी दी जा रही है। मंत्री श्री कुमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा सभी के लिए जरूरी है। विभाग द्वारा एक महीने का सड़क सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसके माध्यम से लाखों लोग जागरूक हुए। ये कोशिश आगे भी जारी रहेगी। यहां सावधानी हटी, दुर्घटना घटी पर कठपुतली डांस और सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से वाहन चलाते हुए सावधानी बरतने का संदेश दिया जा रहा है। साथ ही दर्शकों के बीच हेलमेट, रोड सेफ्टी बैंड, चाबी रिंग इत्यादि का वितरण किया गया। बच्चों और युवाओं के लिए पेंटिंग, क्विज, पजल गेम, स्लोगन और संगीत गायन जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुई। यहां मुख्य आकर्षण का केंद्र जल परिवहन की अपार संभावनाओं को दर्शाते हुए वाटर मेट्रो, सामुदायिक जेटी इत्यादि का मॉडल रहा। पवेलियन के मुख्य द्वार पर 2 फीट ऊंचा 3डी वाटर मेट्रो का मडल है। यहां राज्य के सात राष्ट्रीय जलमार्गो गंगा, गंडक, सोन, कोसी, घाघरा, पुनपुन और कर्मनाशा नदियों को भी आकर्षक ढंग से दर्शाया गया है। इसके साथ ही दर्शकों को सामुदायिक जेटी, कार्गो शिप, रो-रो शिप (माल परिवहन), रो-पैक्स (माल और यात्री दोनों परिवहन), यात्री परिवहन और तट आधरित सुविधाओं की पूरी जानकारी विभागीय अधिकारियों द्वारा दी जा रही है।

## संयुक्त किसान मोर्चा ने कहा -सरकार किसानों का मुआवजा दे

**पटना (एनएसबी)।** बेमौसम भारी वर्षा, तूफान और ओलावृष्टि से किसानों के फसलों का जबरदस्त क्षति हुई। सरकार तुरंत संज्ञान ले 100000 रु प्रति एकड़ मुआवजा देने की अविलंब घोषणा करे। कल संध्या तक खेत फसलों से लदा हुआ हमारी धरती विहंस रही थी। हवा में झूमते गेहूं की बालियों को देखकर ऐसा महसूस हो रहा था कि गेहूं का उत्पादन रिकार्ड बनाएगा। आम और लीची वातावरण को मनमोहक और किसानों को आनंदित कर रहा था कि एकाएक असमय भयानक तूफान और ओले के साथ मूसलाधार बारिश ने किसानों की सारी उम्मीदों पर वज्रपात कर दिया। लहलहाते गेहूं और मक्के के पौधे मानो जमीन्दोज होकर खेतों में हरी चादर के रूप में बिछ गई और आम,केला एवं लीची सहित सारे फलदार वृक्षों पर आफत आ गई।बड़े पैमाने पर वृक्षों की तबाही,सारी डाली और मंजर टूट कर जमीन पर बिखर गए। बाग-बगीचे उजड़ गए।किसानों की सारी मेहनत और घर से लगी पूँजी पर प्रति ने पानी फेर दिया। फसलों की भारी क्षति से किसान मर्माहत है।

संयुक्त किसान मोर्चा बिहार के नेता अशोक प्रसाद सिंह,दिनेश कुमार,रामायण सिंह,भूप नारायण सिंह,आशीष रंजन,अनिल कुमार सिंह,अशोक कुमार सिंह,अशोक प्रियदर्शी,प्रो आनंद किशोर, कल्लू सिंह,सुरेश मिश्रा,बृजेश राय,अभिमन्यु सिंह,वशिष्ठ सिंह, रामचंद्र आजाद,गोपाल ष्ण,देव कुमार,नरेश कुमार यादव,प्रदीप प्रियदर्शी,भोला यादव,हरिलाल प्र सिंह, बैजनाथ शर्मा,शिव शंकर सिंह चितु एवं डा श्यामनंदन शर्मा ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि बेमौसम बारिश तेज आँधी और बड़ा-बड़ा पत्थर गिरने से किसानों को अस्त-व्यस्त कर दिया है। कटाई के मुहाने पर खड़ी फैसले खेतों में गिरकर बर्बाद हो गई। बचे फसलों एवं फलों के गुणवत्ता पर भी असर पड़ेगा। लीची का फूल, आम का मंजर एवं टिकोले सब झरकर जमीन पर गिर गए तथा केला आदि फलदार वृक्षों की बड़े पैमाने पर छति हुई है। ऐसे में किसानों को लागत भी नहीं निकलेगा। आने वाले दिनों में किसानों के सामने आर्थिक संकट गहराने की आशंका बढ़ गई है। गेहूं का फसल दाना भरने और पकने की अवस्था में थी। मशूर और चना में भी दान काला पड़ जाएगा। उनमें फलियों के चटकने का डर है। औसतन 70 प्रतिशत फसलों का नुकसान हुआ है।

## बिहार की ग्रामीण सड़कों पर दौड़ रहा है राज्य के विकास का रथ : अशोक चौधरी

**पटना (एनएसबी)।** ग्रामीण कार्य मंत्री डा. अशोक चौधरी ने कहा कि आज बिहार की ग्रामीण सड़कों पर विकास का रथ अपनी पूरी गति के साथ दौड़ रहा है। राज्य की ग्रामीण सड़कों को दो लेन की सड़क में तब्दील किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने ग्रामीण सड़कों की निगरानी का काम भी जनता को सौंप दिया है। ग्रामीण सड़कों से संबंधित समस्याएं जनता से अनलाइन मांगी जा रही हैं और उनकी शिकायतों को 24 से 72 घंटे के अंदर दूर किया जा रहा है। ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी रविवार को राजधानी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में बिहार दिवस के अवसर पर ग्रामीण कार्य विभाग के पैवेलियन का उद्घाटन कर रहे थे। इस अवसर पर विधान पार्षद संजय सिंह भी उपस्थित थे।

> कहा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री बनने से पहले बिहार में ग्रामीण सड़कों की लम्बाई थी महज सात हजार किमी
>
> 21 वर्षो में ग्रामीण सड़कों की लम्बाई 1.20 लाख किमी से भी अधिक हो चुकी हैं
>
> ग्रामीण सड़कों को दो लेन में तब्दील करने का काम भी जल्द होगा पूरा

अशोक चौधरी ने पैवेलियन का उद्घाटन करते हुए कहा कि अब बिहारी होना दुनिया में सम्मान का विषय बन चुका है। उन्होंने बिहार दिवस मनाने की परंपरा शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही बिहार की गौरवशाली इतिहास और समृद्ध परम्पराओं का उत्सव मनाने के लिए बिहार दिवस की शुरुआत की है। यह वही दिन है जब वर्ष 1912 में बंगाल से बिहार का विभाजन हुआ था। उन्होंने कहा कि यह देश का वही राज्य है जहां से कभी सम्राट अशोक ने अखंड भारत पर राज किया था।

चौधरी ने ग्रामीण कार्य विभाग की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि जब आज से करीब 21 साल पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी तब बिहार में ग्रामीण सड़कों की कुल लम्बाई महज सात हजार किलोमीटर थी। आज बिहार में ग्रामीण सड़कों की लम्बाई बढ़कर एक लाख, बीस हजार किलोमीटर से भी अधिक हो चुकी है। साथ ही, विभाग द्वारा राज्यभर में कुल 2893 ग्रामीण पुलों का भी निर्माण किया गया है। अब ऐसी कोई भी ग्रामीण बसावट नहीं है जो पक्की बारहमासी सड़कों से जुड़ी न हो।

उन्होंने कहा कि बिहार एक कृषि प्रधान राज्य है और यहां विकास का रास्ता गांवों से होकर गुजरता है। चकाचक ग्रामीण सड़कों ने न केवल राज्य के कृषि उत्पादन में अपना योगदान दिया है बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नए पंख लगे हैं। अब ग्रामीणों की पहुंच से न तो शिक्षण संस्थान दूर हैं और न ही बैंक, बाजार और अस्पताल। ग्रामीण सड़कों से संबंधित शिकायतों की निपटारे के लिए विभाग ने हमारा बिहार हमारी सड़क नामक एक मोबाइल एप का निर्माण किया है। जिसपर ग्रामीण सड़कों से सम्बंधित सभी समस्याओं और शिकायतों का निपटारा महज 24 से 72 घंटे के बीच किया जा रहा है।

## डा. धर्मवीर भारती ने बदली मेरे जीवन की दशा और दिशा : हरीश पाठक

**मुंबई (एनएसबी)।** यह मेरी जिंदगी का सर्वोच्च क्षण है जब साहित्य और पत्रकारिता के शिखर डा. धर्मवीर भारती के नाम से स्थापित धर्मवीर भारती स्मृति व्यंग्य यात्रा सम्मान 2026 मुझे दिया जा रहा है। पुष्पा भारती जी के परामर्श और प्रख्यात कथाकार ममता कालिया की अध्यक्षता वाली चयन समिति (जिसने सभी पुरस्कारों का चयन किया) ने मुझे चुना। इस क्षण मेरी आँखें नम और गला रुंध गया है। सच तो यह है कि भारती जी, कमलेश्वर मेरी जिंदगी में नहीं आते तो शायद आज भी में ग्वालियर या दिल्ली की तंग, अंधेरी गलियों में भटक रहा होता। आज यहां मैं भारती जी की ही बदौलत खड़ा हूं। भारती जी ने बदली मेरे जीवन की दशा और दिशा।

यह विचार कथाकार, पत्रकार हरीश पाठक ने दिल्ली के हिंदी भवन में आयोजित भव्य व्यंग्य यात्रा सम्मान समारोह में धर्मवीर भारती स्मृति व्यंग्य यात्रा सम्मान 2026 को ग्रहण करते हुए व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात व्यंग्यकार प्रेम जनमेजय ने की और मुख्य अतिथि मशहूर कवि लीलाधर मण्डलोई थे। आभार अशोक त्यागी ने व्यक्त किया।

### मैं अकेला नहीं हूं : प्रेम जनमेजय



दिल्ली के हिंदी भवन में आयोजित भव्य व्यंग्य यात्रा सम्मान समारोह में धर्मवीर भारती स्मृति व्यंग्य यात्रा सम्मान 2026 को ग्रहण करते कथाकार, पत्रकार हरीश पाठक।

अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रेम जनमेजय ने कहा, मैं अकेला नहीं हूँ। आप सभी का साथ ओर सहयोग मेरी ताकत, मेरी ऊर्जा और मेरा संबल है। यही मेरी पूंजी भी है,पूंजीनिवेश भी।यह उपस्थिति बता रही है कि व्यंग्य यात्रा का कुनबा रोज रोज अपने विकास पथ पर सरपट दौड़ रहा है।

इस अवसर पर विष्णु नागर, विनोद कुमार विक्की, स्नेहलता पाठक, डा. संजीव कुमार, संदीप राशिनकर और बीएल आच्छा को अलग अलग विधाओं में सम्मानित किया गया। सभी को सम्मान राशि, स्मृति चिन्ह,सम्मान पत्र अंग वस्त्र के साथ एक बेहद आकर्षक बुक मार्क का पैकेट भी दिया गया।

कार्यक्रम का संचालन नीरज मिश्र, स्वागत भाषण आशा कुंद्रा, संयोजन सोनी लक्ष्मी राव ने किया। महासचिव रणविजय राव ने विस्तार से पुरस्कारों के बारे में बताया।

इस मौके पर प्रख्यात गांधीवादी कुमार प्रशांत, वरिष्ठ पत्रकार रामशरण जोशी, बलराम, प्रताप सहगल, महेश भारद्वाज, लालित्य ललित, राजेश कुमार, अशोक गुप्ता, स्वाति चौधरी, प्रियंका सेनी, सुभाष अखिल, राजकुमार सिंह, राजेश झा, राजेंद्र शर्मा, डा. मनोरमा कुमार सहित साहित्य, कला, संस्कृति के तमाम दिग्गज मौजूद थे।

## राजस्व अमीन संघ का धरना प्रदर्शन स्थगित

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री एवं मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रति पूर्ण सम्मान व्यक्त करते हुए, समृद्धि यात्रा एवं महत्वपूर्ण मापी महाअभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से बिहार राजस्व अमीन संघ द्वारा दिनांक 23-03-2026 को राज्यभर के विभिन्न स्थलों पर प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन को तत्काल प्रभाव से स्थगित करने का निर्णय लिया गया है।

अमीन, जिन्हें राज्यभर के आमजन द्वारा भूमि विवादों के निष्पादन में आशा एवं विश्वास की दृष्टि से देखा जाता है, लंबे समय से उपेक्षा का अनुभव कर रहे हैं। यह पद अत्यंत जिम्मेदारीपूर्ण एवं तकनीकी प्रति का है, जिसमें कार्यरत कर्मियों को प्रायः तनावपूर्ण परिस्थितियों में भी स्थानीय नागरिकों की गरिमा का सम्मान करते हुए, जटिल अभिलेखों का अध्ययन कर सटीक नापी सुनिश्चित करनी पड़ती है। इस कार्य में उच्च स्तर की दक्षता, धैर्य एवं जवाबदेही की आवश्यकता होती है, साथ ही अपेक्षाओं पर खरा उतरने का निरंतर दबाव भी बना रहता है।

वर्तमान समय में देश के विभिन्न राज्यों में अमीन के कार्यो का तेजी से आधुनिकीकरण किया जा रहा है, जिसके अनुरूप उनकी भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। इसके बावजूद बिहार में कार्यरत अमीनों की सेवा शर्तो एवं सुविधाओं में अपेक्षित सुधार नहीं हो पाया है।

आह्वान पर, राज्यभर के अमीनों द्वारा दिनांक 20-03-2026 को अपने-अपने कार्यस्थलों पर बिल्ला लगाकर कार्य करते हुए, अमीन पद की गरिमा को सुदृढ़ करने तथा वर्तमान कार्यरत अमीनों के हितों एवं उनके पारिवारिक दायित्वों की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करने हेतु वेतन वृद्धि, पदोन्नति एवं पदस्थापन से संबंधित अपनी मांगों को शांतिपूर्ण तरीके से व्यक्त किया गया।

संघ यह आशा करता है कि सरकार अमीनों की न्यायोचित मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक एवं शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेगी। अन्यथा, दिनांक 31-03-2026 के पश्चात अमीनों के हितों की रक्षा हेतु आगे की रणनीति पर विचार करते हुए पुनः परिस्थित के अनुरूप आवश्यक ठोस निर्णय संघ द्वारा ली जाएगी।

# बिहार दिवस पर दिखी विरासत व सुनहरे सपनों की झलक

## मंत्री मदन सहनी बोले- बिहार सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से बिहार में आई है काफी प्रगति और समृद्धि

**नव संदेश ब्यूरो**


कार्यक्रम का उद्घाटन करते मंत्री मदन सहनी एवं अन्य।

**दरभंगा।** प्रेक्षागृह, दरभंगा लहेरियासराय में 114 वा बिहार दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार मदन सहनी, राज्यसभा सांसद धर्मशिला गुप्ता, विधायक बेनीपुर प्रो. विनय कुमार चौधरी, विधायक हायाघाट रामचंद्र प्रसाद, विधायक केवटी मुरारी मोहन झा, विधायक दरभंगा ग्रामीण राजेश मंडल, जिलाधिकारी कौशल कुमार, मां श्यामा मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष डॉ. एस.एम. झा एवं उपाध्यक्ष कमलाकांत झा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किये।

इस अवसर पर स्मारिका श्यामा कुंज का विमोचन किया गया तथा रमेश्वरी श्यामा : मिथिला की शाक्त तांत्रिक विरासत विषय पर आधारित डॉक्यूमेंट्री का भावपूर्ण प्रस्तुतीकरण किया गया,जिसने उपस्थित जनसमूह को मिथिला की समृद्ध सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परंपरा से अवगत कराया गया।

जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार ने कहा की इसी दिन राज्य पुनर्गठन आयोग ने बिहार का निर्माण किया था। 1912 में बिहार के बंगाल प्रेसीडेंसी से पृथक होने की याद में हम सभी बिहार दिवस को सांस्कृतिक रंग और उमंग के साथ मनाते आ रहे हैं। इस मंच पर श्यामा महोत्सव-2026 के अवसर पर निर्मित डॉक्यूमेंट्री- "रमेश्वरी श्यामा : मिथिला की शाक्त तांत्रिक विरासत" का भावपूर्ण प्रदर्शन किया गया।

**प्रेक्षागृह में मनाया गया 114 वाँ बिहार दिवस का भव्य समारोह**

**चयनित अभ्यर्थियों को प्रदान किया गया नियुक्ति/ नियोजन पत्र**

मंत्री मदन सहनी ने कहा कि बिहार की पावन धरती ज्ञान और मोक्ष की भी धरती रही है। बिहार सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से बिहार में काफी प्रगति और समृद्धि आई है। विधायक प्रो. विनय कुमार चौधरी ने बिहार के गौरवशाली इतिहास एवं साहित्यिक परंपरा की चर्चा करते हुए महाकवि विद्यापति के योगदान को स्मरण किया। विधायकगण रामचंद्र प्रसाद, मुरारी मोहन झा एवं राजेश मंडल ने भी बिहार दिवस के अवसर पर अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा किए। सदर, बेनीपुर और बिरौल, अनुमंडल अंतर्गत जन वितरण प्रणाली के 146 विक्रेताओं को अनुज्ञप्ति प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त 46 आंगनबाड़ी सेविकाओं को महिला पर्यवेक्षिका के पद पर प्रोन्नत कर नियुक्ति पत्र सौंपे गए,जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन कार्यालय 02 अभ्यर्थी डॉली कुमारी, लैंगिक विशेषज्ञ एवं गोविन्द कुमार मंडल, डाटा एंट्री ऑपरेटर तथा वन स्टॉप सेंटर कार्यालय में 09 अभ्यर्थी जिनमें शामिल है। रुपाली कुमारी राजीव रंजन, पुनीता कुमारी, नीलू कुमारी, आरती कुमारी, अर्जुन पासवान, शिव शंकर कुमार झा, खुशबू कुमारी, शिल्पी कुमारी का चयन किया गया है।

### बिहार दिवस पर शैक्षणिक एवं जागरूकता कार्यक्रम

**अलीनगर(एनएसबी)।** प्रखंड में बिहार दिवस के अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। जन कल्याणकारी सह शिक्षा विकास मंच, श्यामपुर की ओर से निर्धारित कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं के लिए निबंध प्रतियोगिता एवं क्विज का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ग 11वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए बाल विवाहः एक अभिशाप विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जबकि वर्ग 7-8 तथा 9-10 के विद्यार्थियों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। केंद्राधीक्षक पंकज कुमार के नेतृत्व में सहायक मो. आतिफ हुसैन, विक्रम ठाकुर, पुरुषोत्तम कुमार, आदर्श कुमार, अमरजीत यादव, शफीउद्दीन अहमद, मो. रियाज, मेराज आलम, गुलाम मुर्तजा, अभिजीत कुमार एवं मो. नौशाद ने सराहनीय भूमिका निभाई। वहीं संस्था के अध्यक्ष निर्भय यादव, उपाध्यक्ष विजय कुमार देव तथा जवाहर यादव सहित अन्य पदाधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### दुकान पर नकली सोना रख असली सोना लेकर भागी दो महिलाएं

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** भरवाड़ा नगर पंचायत स्थित बौका चौक पर एक दुकान मे खरीदारी के लिए पहुंची दो महिलाएं दुकानदार को धोखा देकर सोने के दो नोज पिन लेकर निकल गई। दुकान के सीसीटीवी फुटेज मे महिला की करतूत साफ दिखाई दे रहा था। इस मामले में रितिक रोशन ज्वेलर्स के व्यवस्थापक फेकन ठाकुर ने सिंहवाड़ा थाना में एफआईआर दर्ज करायी है। उसने बताया है कि दोपहर के समय वह दुकान पर बैठे थे। इसी बीच दो महिलाएं ग्राहक बनकर दुकान पर आई। सोने का नोज पिन उसे पसंद करने के लिए दिया गया। दोनों महिलाएं नोज पिन पसंद कर रही थी। इसी बीच धोखा देकर महिलाओं ने पीतल का नकली दो नोज पिन रख दिया और सोने का नोज पिन लेकर वहां से लापता हो गई। महिला के जानने के बाद शंका होते ही नोज पिन की जांच की गई तो वह पीतल का निकाला। इसके बाद बाजार में महिला चोर के संबंध में हल्ला शुरू हो गया। लोग चारों तरफ उसे ढूंढने लगे लेकिन भीड़ में महिला कही लापता हो गई। उसने पुलिस को बताया है की सारी घटना उसके दुकान के सीसीटीवी में कैद है। सिंहवाड़ा थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि मामले का अनुसंधान किया जा रहा है।

### 20 गैस एजेंसी/ होटलों में औचक छापामारी

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिलाधिकारी कौशल कुमार के आदेश के आलोक में जिले के सभी गैस एजेंसियों के कार्यों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए वरीय पदाधिकारियों के द्वारा 20 गोदामों और होटलों पर औचक निरीक्षण किया गया।उल्लेखनीय है कि दरभंगा जिलान्तर्गत संचालित एल.पी.जी. गैस एजेसियों द्वारा 22 मार्च को 12,123 से अधिक गैस सिलेंडरों का वितरण किया गया है, जबकि 13,127 सिलेंडर एजेसिंयों के गोदामों में शेष हैं।दरभंगा जिला में 23 मार्च 2026 को 12,113 एल.पी.जी. गैस सिलेंडर आने की संभावना है। साथ ही 25240 गैस सिलेंडर 23 मार्च को वितरण के लिए उपलब्ध रहेगा।

**22 मार्च को 12,123 से अधिक गैस सिलेंडरों का किया गया वितरण**

### विद्यालय में बेंच डेस्क को लेकर शिक्षको ने विधायक को सौंपा आवेदन

**तारडीह (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार भवन में रविवार को सभी विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक मैथिली ठाकुर ने किया। इस बैठक में विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति , मौजूदा समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। समीक्षा बैठक के दौरान प्रधान शिक्षकों और प्रधानाध्यापक ने विधायक मैथिली ठाकुर को एक आवेदन सौंपा। आवेदन में प्राथमिक एवं उच्च विद्यालय में बेंच - डेस्क को लेकर गंभीर की समस्या को प्रमुखता से उठाया। आवेदन में कहा है कि प्रखण्ड मे कुछ


विधायक मैथिली ठाकुर को ज्ञापन देते शिक्षक।

ऐसे विद्यालय है जिसमे बेंच - डेस्क नही है। बच्चों को बैठने के लिए बेंच-डेस्क सहित जरूरी उपकरण नहीं है। आवेदन में कहा है कि कुछ विद्यालय प्राथमिक एवं उच्च विद्यालय में बेंच - डेस्क की घोर समस्या है। विधायक मैथिली ठाकुर ने कहा कि विद्यालय की जरूरत के लिए जो भी बुनियादी जरूरत होगी हर हालत में विद्यालय की जरूरतों को पूरा करने का प्रयास करेंगे। बैठक में बीडीओ प्रिती कुमारी, बीपीआरओ खगेन्द्र मोहन, पीएचसी प्रभारी सुमंत सिंह, प्रधान शिक्षक संतोष ठाकुर, शिक्षक प्रवीण कुमार, श्रवण कुमार और रमन कुमार रंजन सहित कई लोग उपस्थित थे। बैठक सम्पन्न होने के बाद विधायक मैथिली ठाकुर ने क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों में जाकर आशिर्वाद प्राप्त किया।

## बिहार दिवस राज्य के गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक : धर्मशीला गुप्ता


दरभंगा में 114वां बिहार दिवस पर कार्यक्रम में डॉ. धर्मशीला गुप्ता एवं अन्य।

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिले के लहेरियासराय स्थित प्रेक्षा गृह में रविवार को 114वें बिहार दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन दरभंगा की ओर से कला एवं संस्कृति विभाग व शिक्षा विभाग के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद डॉक्यूमेंट्री प्रस्तुति, स्वागत भाषण, प्रमाण पत्र वितरण और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कलाकारों की प्रस्तुति ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। बिहार दिवस राज्य के गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। आज बिहार हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है और यह सभी के लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम में बिहार के महान संतों, साहित्यकारों और स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया गया।

## बिहार दिवस हमारी पहचान, गौरव व विकास का प्रतीक है : शशांक

**बिरौल (एनएसबी)।** गौरवशाली बिहार के 114 वां वर्षगांठ के अवसर पर बिरौल अनुमंडल में 22 से 24 मार्च तक तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।इसकी शुरूआत रविवार को छात्र-छात्राओं की भव्य प्रभात फेरी के साथ हुई। उल्लेखनीय है कि अनुमंडल स्तर पर इस प्रकार का आयोजन होने से छात्र-छात्राओं एवं आमजन में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

**छात्र-छात्राओं की प्रभात फेरी से गूंजा बिरौल, बिहार दिवस उत्सव शुरू**

प्रभात फेरी में अनुमंडल अंतर्गत 6 प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं,शिक्षकों एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। उन्नत बिहार,उज्ज्वल बिहार जैसे नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। सभी कार्यक्रम बिरौल प्रखंड स्थित उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, बिरौल अकबरपुर बिरौल में संपन्न होंगे। अनुमंडल पदाधिकारी शशांक राज ने कहा कि बिहार दिवस हमारी पहचान,गौरव और विकास का प्रतीक है जिसमे सभी की भागीदारी आवश्यक है।ऐसे आयोजन युवाओं को प्रेरित करते हैं और समाज में एकता व सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। कार्यक्रम के तहत आज संध्या में अनुमंडल के विभिन्न विद्यालयों में दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। वहीं 23 मार्च को दिन के 11 बजे से पेंटिंग,वाद-विवाद, क्विज एवं गणित ओलंपियाड प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी,जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। वहीं 23 मार्च को मॉडल प्रदर्शनी तथा 24 मार्च को भाषा,परंपरा एवं पर्व त्योहार पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें उत्कृष्ट प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।



कार्यक्रम में एसडीओ शशांक राज एवं अन्य।

## भारत में सबसे लंबे समय तक सरकार के मुखिया पद पर रहकर पीएम मोदी ने बनाया इतिहास : गोपाल जी ठाकुर

**दरभंगा (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोक कल्याण के 8931 दिन तक सरकार के मुखिया के रूप एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। भारतीय लोकतंत्र में सरकार के मुखिया के रूप में सबसे लंबे समय तक पद पर रहकर उन्होंने यह साबित कर दिया है कि जनविशवास, सुशासन तथा निरंतर कर्मयोग की प्रेरणा से हर लक्ष्य को पूरा किया जा सकता है। जनसेवा के क्षेत्र में पीएम मोदी के इस नए कीर्तिमान का स्थापित होना भारतीय जनता पार्टी के हर कार्यकताओं के लिए गौरव का विषय है तथा भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में हर राजनीतिक कार्यकताओं के लिए एक आईना है।

भाजपा सांसद सह लोकसभा में पार्टी सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने पीएम मोदी के इस नए कीर्तिमान के लिए बधाई देते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 8931 दिनों का सार्वजनिक जीवन केवल एक राजनीतिक यात्रा नहीं, बल्कि निरंतर तप, त्याग और राष्ट्रसेवा का सशक्त उदाहरण है क्योंकि उन्होंने गुजरात के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले मुख्यमंत्री के रूप में विकास एवं सुशासन का एक सशक्त मॉडल स्थापित किया तथा देश के प्रधानमंत्री के रूप में विश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा को स्थापित किया। वे देश के ऐसे प्रधानमंत्री बने जिनके पास मुख्यमंत्री के रूप में सबसे लंबा अनुभव रहा तथा प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल में सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास के संकल्प के साथ देश ने आधारभूत संरचना विस्तार, डिजिटल क्रांति, एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के बदौलत आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को पूरा किया जो हर देशवासियों के लिए गर्व का विषय है। लगातार तीन लोकसभा चुनाव 2014, 2019 एवं 2024 में प्राप्त ऐतिहासिक जनादेश उनके प्रति देशवासियों के अटूट विश्वास का प्रमाण है। साथ ही, सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन चामलिंग के लंबे कार्यकाल को पीछे छोड़ते हुए उन्होंने सार्वजनिक जीवन में समर्पण, स्थायित्व एवं निरंतरता का नया कीर्तिमान स्थापित किया जो हर सामाजिक कार्यकर्ताओ के लिए एक उदाहरण है।

**कहा पीएम मोदी का सार्वजनिक जीवन में 8931 दिनों तक पद पर रहना भारतीय लोकतंत्र में एक आईना**


प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित करते सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर (फाइल फोटो)।

## अत्यधिक वर्षा से क्षेत्र में फसल नुकसान पर केवटी विधायक ने मुख्यमंत्री को सौंपा आवेदन

**दरभंगा(एनएसबी)।** जिले के केवटी विधानसभा क्षेत्र में हुई अत्यधिक वर्षा के कारण रबी फसलों और सब्जियों को हुए भारी नुकसान को लेकर केवटी के विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा ने रविवार को मुख्यमंत्री को आवेदन सौंपा।

विधायक ने प्रखंड केवटी एवं सिंहवाड़ा के प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने के बाद बताया कि लगातार बारिश से किसानों की गेहूं, मक्का समेत कई रबी फसलें बर्बाद हो गई हैं। इसके साथ ही सब्जी उत्पादक किसानों को भी काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। डॉ. झा ने अपने आवेदन में राज्य सरकार से मांग की है कि प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा दिया जाए, ताकि उनकी आर्थिक स्थिति को संभाला जा सके।


डॉ मुरारी मोहन झा।

प्राकृतिक आपदा के इस संकट में किसानों को राहत देना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। स्थानीय किसानों ने भी प्रशासन से जल्द सर्वे कराकर उचित क्षतिपूर्ति देने की अपील की है। विधायक ने आश्वासन दिया कि वे किसानों की समस्याओं को लेकर लगातार सरकार के पदाधिकारियों के संपर्क में हैं,और हर संभव सहायता दिलाने का प्रयास करेंगे।

## असामयिक वर्षा के कारण गेहूँ एवं मक्का की फसल को व्यापक क्षति : डॉ. रामचन्द्र

**हायाघाट(एनएसबी)।** विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक डॉ. रामचन्द्र प्रसाद ने जिलाधिकारी, दरभंगा को पत्र लिखकर असामयिक बारिश से हुए फसल नुकसान पर चिंता व्यक्त की है। अपने पत्र में उन्होंने उल्लेख किया है कि हायाघाट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड हायाघाट एवं बहेड़ी में हुई असामयिक वर्षा के कारण गेहूँ एवं मक्का की फसल को व्यापक क्षति पहुँची है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका है।


डॉ. रामचन्द्र प्रसाद।

**हायाघाट विधायक ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन**

विधायक डॉ. रामचन्द्र प्रसाद ने जिलाधिकारी एवं जिला कृषि पदाधिकारी से आग्रह किया है कि प्रभावित क्षेत्रों में शीघ्र भौतिक सर्वेक्षण कराया जाए तथा वास्तविक स्थिति का आकलन कर किसानों को क्षतिपूर्ति हेतु उचित मुआवजा राशि प्रदान की जाए, ताकि उन्हें इस कठिन परिस्थिति में राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्या का त्वरित समाधान करना हमारी प्राथमिकता है।

### वार्ड सदस्या का इलाज के दौरान डीएमसीएच में निधन

**बहादुरपुर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के बाजितपुर पंचायत के वार्ड संख्या 12 के वार्ड सदस्या अनवरी खातून की इलाज के दौरान शनिवार को डीएमसीएच मे निधन हो गया। बताया जाता है कि वार्ड संख्या 12 के वार्ड सदस्या अनवरी खातून एक सप्ताह से बीमार चल रही थी। जिसको इलाज के लिए डीएमसीएच में भर्ती किया गया था। वह अपने पीछे काफी भरा पूरा परिवार छोड़ गया है। स्थानीय मुखिया चंद्रावती देवी ने उनके निधन की खबर को सुनते हैं उनके आवास पर पहुंच कर शोकाकुल परिवार से मिलते हुए आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से दुआ मांगी। शोक संवेदना में उप मुखिया आदिल अतीक,मो अख्तर हाजी साहब,मो सगीर,मो हामिम,मो उस्मान एवं आदि लोग उपस्थित थे।

## आईसीएआई की महिला सदस्य उत्कृष्टता समिति के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम

# महिला कभी न अबला थी, न है और न हो सकती है: डॉ. अमृता

**दरभंगा (एनएसबी)।** महिला न कभी अबला थी, न है और न ही हो सकती है। वो तो हमारे प्रकृति प्रदत्त असीम धैर्य, सहनशीलता और क्षमाशीलता के कारण हमें अबला उन्होंने ही समझा, जिन्हें हमने जन्म दिया, बड़ा किया और इस दुनिया के लायक बनाया। महिला सदस्य उत्कृष्टता समिति डब्लू.एम.ई.सी. के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रोटरी क्लब की पूर्व असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन डॉ. अमृता कुमारी ने उक्त बातें कही।



उद्घाटन करते अतिथि व अन्य।

रोटेरियन डॉ अमृता ने कहा कि, आज तो जमीन से अंतरिक्ष तक, रसोई से खेल के मैदान तक, बाजार से बड़ेझबड़े कार्यालयों व संस्थानों तक, इंजीनियरिंग व चिकित्सा जगत से देश की सीमा तक, हर जगह हम महिलाएं अपनी प्रतिभा, कुशलता, और क्षमता का परचम लहरा रही हैं। भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान के मध्य भारत क्षेत्रीय परिषद की दरभंगा शाखा ने रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सदस्य उत्कृष्टता समिति के तत्वावधान में एक विशेष कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। मुख्य अतिथि पास्ट एजी ऑफ रोटरी क्लब रोटेरियन डॉ. अमृता कुमारी व सम्मानित अतिथि क्रेडिट ऑफिसर, रीजनल ऑफिस, पंजाब नेशनल बैंक, दरभंगा प्रगति कुमारी का परंपरानुसार शॉल, पाग, पुष्प गुच्छ से अभिनन्दन किया गया। विशेषज्ञ चर्चा का नेतृत्व फैकल्टी सीए नीती अग्रवाल ने किया। दरभंगा शाखा के अध्यक्ष सीए गिरधारी लाल अग्रवाल, प्रेसिडेंट आईसीएआई सीए प्रसन्न कुमार, वाइस प्रेसिडेंट सीए मंगेश पांडुरंग किनारे, चेयरमैन डब्लूईएमसी सीए पुरुषोत्तम खंडेलवाल, वाइस चेयरपर्सन डब्लूईएमसी सीए श्रीप्रिया कुमार के अलावा सीए प्रवीण भूषण, श्याम कुमार, पंकज तनेजा, अजीत मिश्रा, एवं नवल मिश्रा आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बिहार दिवस पर कवि सम्मेलन आयोजित

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत विवेक विहार के केसरी कुटीर में बिहार दिवस के अवसर पर मुकेश आर्ट एंड कल्चर के बैनर तले संस्थापक मुकेश कुमार की अध्यक्षता में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका का संचालन प्रसिद्ध गजलकार प्रवीण कुमार चुन्नू ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्य स्तर पर शिक्षक सम्मान से पुरस्कृत प्रधानाध्यापक अखिलेश ठाकुर ने अपनी साहित्यिक रचनाओं से लोगों को प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरूआत डा.रामसूरत प्रियदर्शी के सरस्वती वंदना गायन से किया गया।



तत्पश्चात "मोर बिहार गुरुद्वार है गे बहिना, सोना सनक भारत देश" प्रस्तुत कर लोगों को भाव विभोर कर दिया। कवयित्री स्मृति झा ने " एक औजार बनाओ मन की हालातो पर वार करें, मानवता का अर्थ बताएं विविधता स्वीकार करें " गजलकार प्रवीण कुमार चुन्नू ने "जीवन का हर दिन होता है एक त्यौहार दिवस, जन-जन को हो आज मुबारक यह बिहार दिवस, मुकेश कुमार ने " मिथिला का यह प्रवेश द्वार करता हरितमा का श्रृंगार, शिक्षा शिक्षक शिक्षार्थी भी जहां होते हैं नित आकर्षित वह महान धरा है हमारा कहलाता जिला समस्तीपुरह्न से देर शाम तक लोगों को बांधे रखा। कवि सम्मेलन की मेजबानी गीता मुकेश, मीठी, नन्हे कुमार आदि ने की।

### पूर्व शिक्षक सत्यनारायण पासवान का निधन

**बिथान (एनएसबी)।** सेवानिवृत्त शिक्षक सह प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सत्यनारायण पासवान (80) का निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे प्रखंड में शोक की लहर दौड़ गई। उनके अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाते हुए अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए उन्हें एक आदर्श शिक्षक और समाजसेवी बताया। इसके बाद उनका अंतिम संस्कार बेगूसराय जिले के सिमरिया घाट में किया गया, जहां उनके बड़े पुत्र मनोज कुमार पासवान ने मुखाग्नि दी। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला सचिव सिकंदर बिहारी,अंचल सचिव रामनारायण राही, शिक्षक नेता अशोक कुमार विमल,देवकीनंदन प्रसाद सिंह राजकिशोर राय, रंजीत कुमार रमन आदि शिक्षकों एवं सदस्यों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि सत्यनारायण पासवान का योगदान शिक्षा और समाज के लिए हमेशा याद रखा जाएगा। उनके निधन से क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है।



### दो सड़क दुर्घटना में ड्राइवर समेत आधा दर्जन जख्मी

**दलसिंहसराय नगर (एनएसबी)।** नगर थाना क्षेत्र के डैनी चौक एन.एच 28 व एस एच 88 गोलबर के पास रविवार की सुबह बोलोरो एंव पिकअप में भीषण टक्कर हुआ.जिसमें ब्लोरो सवार पांच लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगो की मदद से तत्काल सभी को अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घायलों की पहचान समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के रामपुर कल्याणपुर निवासी रामाशीष ठाकुर के पुत्र सुनील कुमार ठाकुर (50), रामाशीष पांडे के पुत्र साकेत कुमार (40), साकेत कुमार की पत्नी शबनम कुमारी (30), साकेत कुमार के पुत्र प्राणचल (11), एवं सुनील कुमार ठाकुर की पत्नी सीता देवी (50) के रूप में हुई है। जहाँ प्राथमिकी उपचार के बाद सभी को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। उधर घटना की सुचना पर पहुंची पुलिस ने लोगो की मदद से दोनों दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी को सड़क से साइड करा यातायात बाहाल करवाया। वही दूसरी ओर बीती मध्य रात्रि को दलसिंहसराय के ढेपुरा एन एच 28 पर दूध टेंकर व इंडेन गैस के ट्रक में भीषण टक्कर हो गई। इस घटना में दोनों ट्रक ड्राइवर जख्मी बताये जा रहे है जिनका शहर के निजी अस्पताल में इलाज हो रहा है। इस बाबत मिली जानकारी के अनुसार दोनों ट्रक बेगूसराय की और से समस्तीपुर की और जा रहे थे। रात्रि में ड्राइवर की आँख लगी और दोनों गाड़ी आपस भीड़ गए थे दुर्घटनाग्रस्त हो गये। पुलिस कार्रवाई में जुट गई है।

### उपभोक्ताओं को सुधारने के साथे खुद को भी सुधारे बिजली विभाग : सुजीत

**आंधी बारिश के 40 घंटे बाद आई बिजली**

**हसनपुर (एनएसबी)।** एकबार मौसम करवट बदले तो लोगों को एहसास हो जाता है कि अब उन्हें कई घंटे की बिजली नसीब नहीं होगी। ऐसा ही शुक्रवार की शाम को हुआ, जब अचानक तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। इस आंधी पानी ने राजस्व उगाही में तरह तरह के हथकंडे अपना रहे विभाग की पोल खोल कर रख दी। शुक्रवार को आसमान में काले बादल के साथ गई बिजली लगभग 40 घंटे से अधिक समय के बाद लोगों को नसीब हुई। बता दे कि, ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी अब बिजली पर निर्भर होने लगे हैं। पानी, मोबाइल चार्जिंग या अन्य बिजली उपकरणों के उपयोग को लेकर उनकी निर्भरता बिजली पर बढ़ गई है। ऐसे में घंटों घंटों बिजली गायब रहना लोगों को परेशान कर देता है। लोगों की माने तो यह बिजली विभाग की कमी है। क्योंकि समय-समय पर कभी आंधी, कभी बारिश, तो आते रहते हैं। आखिर क्यों नहीं बिजली विभाग पूर्व तैयारी करनी चाहिए। लोगों ने बताया कि अन्य प्रदेशों से सीख लेते हुए बिजली विभाग की व्यवस्था दुरुस्त करनी चाहिए। ताकि कठिन से कठिन तूफान गुजरने बाद तत्काल लोगों को बिजली मिल सके। लोगों ने बताया कि यह सिर्फ विभागीय उदासीनता का परिणाम है। विभाग को इसमें सुधार करने की आवश्यकता है। इस संदर्भ में जिला पार्षद सुजीत कुमार सिंह ने कहा अभी मानसून आने में विलंब है। ऐसे में बिजली विभाग को पेड़ पौधों की छंटाई से लेकर अन्य जरूरी एहतियाती कार्य कर लेना चाहिए। मगर ऐसा होता नहीं है, विभाग केवल खानापूर्ति कर उपभोक्ताओं से बिजली बिल वसूलने में जुटी रहती है। विभाग उपभोक्ता सुविधा के प्रति जरा भी जिम्मेदार नहीं है।विभाग केवल उपभोक्ताओं को सुधारने के चक्कर में लगे रहती है। जबकि उन्हें खुद की सुधार की आवश्यकता है। इस कारण एक बार आंधी आने पर उपभोक्ताओं को घंटे परेशानी झेलनी पड़ती है। विभाग को इन सब बातों पर विशेष निगरानी करनी चाहिए।

### संतो- महापुरुषों, गुरुओं की शिक्षा को जीवन में आत्मसात कर मानवीयता को एकत्व से जोड़ना ही संत समागम : महात्मा अजय

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** निरंकारी संत समागम में प्रभु प्रेमी श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए महात्मा अजय ने सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज सहित संतो महापुरुषों की शिक्षा को जीवन में आत्मसात कर मानवीयता को एकत्व के साथ जोड़ने की भावना को संतो का समागम कहा। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि, आज के मनुष्य को समस्त नश्वर चीजों की प्राप्ति की भूख है लेकिन शाश्वत भगवान के भक्ति की प्राप्ति की भूख किसी को भी नहीं है। मानव जन्म से लेकर मृत्यु तक की यात्रा अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करने में ही खत्म कर देता है। वह स्वार्थ व मतलब परस्ती में ही लिप्त रहता है। केवल ब्रह्मज्ञानी महात्मा ही प्रीत, नम्रता, सहकारिता, परोपकार व एकत्व से युक्त संसार की कामना करते हैं। उनके विचार व कार्य सदा ही मानवता को एकत्व यानि परमार्थ से जोड़ने वाले होते हैं जो विश्व बंधुत्व का आधार है। यदि यह भाव हर मानव में उत्पन्न हो जाए तो कोई ह्यपहले मैंह्न की भावना से जीवन नहीं जिएगा। सभी में पहले आप वाले गुण आएंगे यानि सम द्दष्टि वाले भाव जागृत होगी जो वर्तमान परिवेश में आवश्यक है।उक्त सत्संग कार्यक्रम संत निरंकारी सत्संग भवन जुट मिल रोड, समस्तीपुर में मुखी महात्मा राजेश कुमार की देख रख में संपन्न हुआ। सत्संग कार्यक्रम में जिले के सुप्रसिद्ध गायक रौशन कुमार, राजकिशोर जी, विनोद कुमार महाराज, संचालक महात्मा राम प्रकाश जी, शिक्षक महात्मा नंदेश्वर जी, चंदेश्वर जी, राजू जी, बच्चा शर्मा, मिथिलेश जी,बहन किरण जी सहित समस्त सेवा दल के जवान एवं सैकड़ों की संख्या में साधसंगत उपस्थित थे।




# बिहार दिवस पर समस्तीपुर में दिखा उत्साह, ऊर्जा और उमंग का अद्भुत संगम

**• मिनी मैराथन में साहिल और अंजली ने मारी बाजी • डीएम, एसपी व डीडीसी ने दिखाई हरी झंडी**



प्रभात फेरी में शामिल बच्चे ।


हरी झंडी दिखाते डीएम, एसपी, व डीडीसी।


मैराथन में शामिल पदाधिकारी व अन्य।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** बिहार दिवस 2026 के अवसर पर रविवार की सुबह समस्तीपुर में उत्साह, ऊर्जा और उमंग का अद्भुत नजारा देखने को मिला, जब जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे सैकड़ों पुरुषों, महिलाओं, पदाधिकारियों और कर्मियों से सजे मिनी मैराथन को डीएम रौशन कुशवाहा, एसपी अरविन्द प्रताप सिंह और डीडीसी सूर्य प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। सुबह 6:30 बजे बियाडा प्रक्षेत्र स्थित जिला उद्योग केंद्र, समस्तीपुर परिसर से शुरू हुआ जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित यह मिनी मैराथन मोहनपुर, नक्कु स्थान, बीआरबी कॉलेज, पटेल गोलंबर होते हुए पटेल मैदान परिसर में जाकर संपन्न हुआ। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों का जोश देखते ही बन रहा था। बिहार दिवस के मौके पर आयोजित इस कार्यक्रम ने न केवल उत्सव को जनभागीदारी से जोड़ा, बल्कि स्वास्थ्य, अनुशासन और सामाजिक जागरूकता का भी सशक्त संदेश दिया। इस मैराथन में पुरुष वर्ग में बीप नंबर 5179 के साहिल कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त कर शानदार जीत दर्ज की। वहीं बीप नंबर 5116 मो. अयानुल हक दूसरे तथा बीप नंबर 5007 के शिवम कुमार तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में बीप नंबर 5333 की अंजली कुमारी ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि खुशी रानी ने द्वितीय और निक्की कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पदाधिकारी वर्ग में नगर आयुक्त ज्ञान प्रकाश प्रथम, डीएम रोशन कुशवाहा द्वितीय तथा डीटीओ सौरभ कुमार तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 5 हजार, 3 हजार और 2 हजार रुपये की नकद राशि के साथ प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी रोशन कुशवाहा ने कहा कि बिहार दिवस केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि अपनी धरती, अपनी विरासत और अपनी सामूहिक शक्ति को पहचानने का भी दिन है। उन्होंने कहा कि मिनी मैराथन जैसे आयोजन युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। जब युवा दौड़ता है तो सिर्फ कदम आगे नहीं बढ़ते, बल्कि समाज भी प्रगति की ओर बढ़ता है। स्वस्थ शरीर, सजग मन और जागरूक समाज ही विकसित बिहार की असली पहचान है, डीएम ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी यह साबित करती है कि समस्तीपुर बदलाव, जागरूकता और विकास की राह पर पूरे उत्साह के साथ आगे बढ़ रहा है। इसके पूर्व गर्व से कहो हम बिहारी हैं के उद्घोष से शहर गूंज उठा जब सुबहझ्रसुबह स्कूली बच्चों, गणमान्य लोगों के व प्रशासनिक पदाधिकारियों के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गयी। प्रभात फेरी में शहर के सभी स्कूली बच्चों ने भाग लिया। गर्व से कहो हम बिहारी हैं, कि नारे के साथ प्रभात फेरी समाहरणालय से निकाली गई जो कपूरी बस पड़ाव, आरएस बी इंटर स्कूल, सहित विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पटेल मैदान पहुंच कर समाप्त हुआ। मौके पर एडीएम राजस्व ब्रजेश कुमार, एडीएम आपदा राजेश कुमार सिंह, एनडीसी रजनीश कुमार राय, एसडीओ दिलीप कुमार, ट्रैफिक डीएसपी आशिष राज, जिला खेल पदाधिकारी विवेक कुमार शर्मा सहित कई अधिकारी, कर्मी और प्रतिभागी मौजूद रहे।

# बिहार दिवस मनाने का उद्देश्य बिहार की प्रतिभा और विरासत को रेखांकित करना है : एसडीओ

**बिहार दिवस पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ बच्चों की प्रस्तुतियों ने मन मोहा**

**दलसिंहसराय नगर (एनएसबी)।** बिहार दिवस के अवसर पर रविवार को छत्रधारी इंटर विद्यालय के मैदान में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम का एसडीओ किशन कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी रवि रंजन कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, निबंधन पदाधिकारी अजय तिवारी, कार्यपालक पदाधिकारी अभिसार कुमार, कुमारी, विनोद समीर पोद्दार,अरुण प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए एसडीओ किशन कुमार ने बिहार की विरासत और इतिहास पर प्रकाश डाला और कहा कि, बिहार दिवस के माध्यम से हम क्षेत्र के प्रतिभावान छात्रों के प्रभाव और क्षेत्र के विरासत संजोने का काम करने का प्रयास करते है। कार्यक्रम स्थल पर बिहार सरकार के सभी सरकारी सेवाओं और लाभकारी योजनाओं का काउंटर के साथ साथ बिहार के कृषि उत्पादों का स्टॉल लगाया गया है। वही इस कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी और निजी विद्यालय के छात्रझ्रछात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर दिखाया कि हमारा बिहार किस ओर बढ़ रहा है। अपने संबोधन में एसडीओ श्री कुमार ने आम नागरिकों से भी इस तीन दिवसीय आयोजन को सफल बनाने के लिए सहयोग की अपील की। अतिथियों के स्वागत अभिनंदन और उद्घाटन के बाद बिहार राज्य गीत के साथ आरम्भ कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गान, समूह गान, एकल नृत्य, समूह नृत्य, झिझिया नृत्य, एकल गायन एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों व दर्शकों को खूब रिझाया। इस दौरान विद्यापति +2 विद्यालय की छात्रा संजना कुमारी एवं गौरी कुमारी ने स्वागत गान, वैष्णवी। लक्ष्मी और जूली कुमारी ने समूह गान, एकल नृत्य में कुसुमवती कन्या मध्य दलसिंहसराय की सोनाक्षी प्रिया, समूह गायन में पेचपैका उच्च विद्यालय की छात्रा शिवांजलि, और कृष्णा कुमारी, मध्य विद्यालय दलसिंहसराय की छात्रा समूह गीत में साक्षी और कनिष्का, छत्र धारीइंटर विद्यालय की छात्रा ऋषिका रानी, मां मरियम पब्लिक स्कूल से बिहार की लोक नृत्य झिझिया में आरुषि सिंह, सॉफ्टी कुमारी, वैष्णवी कुमारी , शिवानी कुमारी, दिव्यांशी कुमारी ने अपनी प्रस्तुति से लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान अन्य विद्यालय के छात्रों और छात्राओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर श्रोताओं का दिल जीत लिया। इससे पूर्व रंगोली, पेन्टिग एवं क्विज प्रतियोगिता विद्यालय के मुख्य भवन की गई थी। संचालन शिक्षक रामानुराग झा, रत्नेश कुमार ने सयुक्त रूप से किया।


उद्घाटन करते अतिथि व अन्य।


कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

# प्राथमिक विद्यालय खनुआं में धूमधाम से मनाया गया बिहार दिवस

**बिथान (एनएसबी)।** बिहार दिवस के अवसर पर बिथान प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय खनुआँ में रविवार को उत्साह और उमंग के बीच बिहार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में बच्चों के बीच विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षकों ने बिहार के गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक विरासत, महान विभूतियों तथा वर्तमान समय में राज्य की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की। बच्चों में अपने राज्य के प्रति गर्व, जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय परिवार एवं बच्चों द्वारा बिहार दिवस के महत्व पर सामूहिक परिचर्चा से हुई। इस अवसर पर शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को बताया कि, बिहार ज्ञानझ्रविज्ञान, संस्कृति, शिक्षा, लोकतंत्र और सामाजिक चेतना की धरती रही है। नालंदा और विक्रमशिला जैसी प्राचीन शिक्षण परंपराओं से लेकर आधुनिक विकास यात्रा तक बिहार ने देश को नई दिशा दी है। बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए बिहार के इतिहास और महान व्यक्तित्वों के बारे में अपनी बातें साझा कीं। इस मौके पर प्रधानाध्यापक मो. साबिर ने अपने संबोधन में कहा कि ह्नबिहार केवल एक राज्य नहीं, बल्कि गौरवशाली परंपराओं, ज्ञान और संघर्ष की पहचान है। बच्चों को अपने राज्य के इतिहास, संस्कृति और महान महापुरुषों के बारे में जानकारी होनी चाहिए। इसी से उनमें आत्मविश्वास, संस्कार और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित होगी। बिहार दिवस जैसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षकों ने मुहल्ले में प्रभातफेरी भी निकाली। प्रभातफेरी के माध्यम से अभिभावकों और स्थानीय लोगों से मिलकर बिहार दिवस के महत्व की जानकारी दी गई तथा राज्य के गौरवशाली अतीत और उज्ज्वल भविष्य के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक मो. साबिर के साथ सहायक शिक्षक राजेश कुमार रौशन, मधुकेश कुमार, रेखा कुमारी, मुकेश शर्मा सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।


बिहार दिवस पर उत्साहित बच्चे।

### पिक अप की ठोकर से युवक की मौत

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले के समस्तीपुर - मुसरीघरारी पथ पर मोहनपुर पुल के पास रविवार की शाम पिकअप की ठोकर से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान विभूतिपुर थाना क्षेत्र के महमदपुर सकरा निवासी मनोज यादव के बेटे राजेश कुमार उर्फ रॉबिन यादव के रूप में की गई है। वह समस्तीपुर में रह कर पढ़ाई कर रहा था। घटना को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक मृतक मुसरीघरारी से समस्तीपुर की ओर बाइक से लौट रहे थे। इसी बीच एक पिक अप उसे पीछे से ठोकर मारता हुआ भाग गया। इस घटना में वह बुरी तरह जख्मी हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से तत्काल उसे उपचार के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची मुफस्सिल थाने की पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मृतक की पहचान उसके पास मिले लाइसेंस और आई कार्ड के आधार पर हुई है। पुलिस की ओर से घटना की सूचना उनके परिजनों को दे दी गई है।

# बेमौसम बारिश से फसलों पर कहर, किसानों ने की क्षतिपूर्ति व आपदा राहत की मांग

**बिथान (एनएसबी)।** प्रखंड में शुक्रवार की शाम अचानक बदले मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ा दी। तेज आंधी, मूसलाधार बारिश, वज्रपात और कई इलाकों में ओलावृष्टि ने जहां खेतों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया, वहीं ग्रामीण इलाकों से लेकर प्रखंड मुख्यालय तक सड़कों पर जलजमाव की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई। बेमौसम बारिश ने एक बार फिर किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। गेहूं, मकई, आम, लीची, आलू और विभिन्न सब्जी फसलों को व्यापक क्षति पहुंचने की खबर है। इससे किसान आर्थिक संकट और भविष्य की अनिश्चितता से जूझने को मजबूर हो गए हैं।

प्रखंड के कई गांवों में शुक्रवार शाम तेज हवा के साथ शुरू हुई बारिश ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। जिस कारण खेतों में पानी भर गया, और तैयार खड़ी गेहूं और मकई की फसलें जमीन पर बिछ गई। किसानों का कहना है कि कटाई के मुहाने पर पहुंच चुकी गेहूं की फसल को सबसे अधिक नुकसान हुआ है। तेज हवा और बारिश से बालियां झुक गई, जिससे उपज पर सीधा असर पड़ने की आशंका है। वहीं मकई की फसल भी खेतों में गिर गई है, जिससे दाना बनने की प्रक्रिया प्रभावित होगी।


खेत में बिछी फसल।

बागवानी फसलों पर भी इस बेमौसम बारिश का बुरा असर पड़ा है। आम और लीची के पेड़ों से बड़ी संख्या में आए मंजर और छोटे फल गिर गए हैं। किसानों का कहना है कि इस मौसम में आई तेज आंधी ने बागानों को खासा नुकसान पहुंचाया है। इससे इस वर्ष आम और लीची की पैदावार घटने की आशंका बढ़ गई है। इसके अलावा आलू, टमाटर, बैंगन, मिर्च, गोभी समेत कई सब्जी फसलें भी जलजमाव और ओलावृष्टि की मार से प्रभावित हुई हैं।

किसानों ने बताया कि, इस बार पहले ही खेती की लागत बढ़ी हुई है। बीज, खाद, सिंचाई और मजदूरी पर भारी खर्च करने के बाद फसल तैयार हुई थी, लेकिन अचानक आई प्राकृतिक आपदा ने उनकी उम्मीदों को तगड़ा झटका दे दिया है। फसल क्षति के कारण हमारे समक्ष गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है जिससे हमें कर्ज चुकाने और अगली खेती की तैयारी करने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि, इस बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और आंधी से हुई फसल क्षति का तत्काल सर्वे कराया जाए। किसानों का कहना है कि राजस्व एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम गांव-गांव जाकर वास्तविक नुकसान का आकलन करे, ताकि प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा मिल सके। किसानों ने सरकार से प्रति एकड़ फसल क्षति के अनुरूप पर्याप्त क्षतिपूर्ति, बागवानी फसलों के लिए अलग राहत पैकेज, कृषि ऋण पर ब्याज माफी, अगली बुवाई के लिए अनुदानित बीज-खाद तथा आपदा राहत कोष से तत्काल सहायता देने की मांग की है। साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और राज्य फसल सहायता योजना के तहत प्रभावित किसानों को सरल प्रक्रिया से लाभ दिलाने की भी मांग उठाई गई है। किसानों और स्थानीय लोगों का कहना है कि प्राकृतिक आपदा ने एक ओर खेतों में खड़ी मेहनत को नुकसान पहुंचाया है, तो दूसरी ओर बदहाल सड़क और जलजमाव ने जनजीवन को भी प्रभावित कर दिया है। ऐसे में प्रशासन यदि समय रहते राहत और मुआवजा की ठोस व्यवस्था नहीं करता है, तो किसानों की आर्थिक कमर पूरी तरह टूट सकती है। इसलिए किसानों ने फसल क्षति का तत्काल सरकारी सर्वे कराने,

## संक्षिप्त खबरें

### नवरात्र के चौथे दिन मां कूष्मांडा की पूजा हर्सोल्लास के साथ मनाया गया

**मधुबनी (एनएसबी)।** मां कूष्मांडा को सृष्टि की रचयिता और ब्रह्मांडीय ऊर्जा का स्रोत माना जाता है, जो अंधकार में अपनी मुस्कान से प्रकाश (ऊर्जा) उत्पन्न करने वाली 'आद्यशक्ति' हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, माँ कूष्मांडा ने ब्रह्मांड का निर्माण किया था और उनका निवास सूर्य लोक में है। उनके नाम का अर्थ "छोटा ऊर्जा/ऊष्मा का अंडा (ब्रह्मांड)" से है। पंडित पंकज झा शास्त्री ने बताया कि नवरात्र के दिनों विशेषकर दुर्गा सप्तशती पाठ अति महत्वपूर्ण होता है क्योंकि दुर्गा सप्तशती 700 श्लोकों का एक पवित्र ग्रंथ है जो मार्कंडेय पुराण का हिस्सा है, जिसमें माता दुर्गा के तीन चरित्रों (महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती) के माध्यम से आध्यात्मिक शक्ति और नकारात्मक ऊर्जा (असुरों) के विनाश का विज्ञान समझाया गया है। यह ग्रंथ 13 अध्यायों में विभाजित है जो भक्तों को भय, बाधाओं और शत्रुओं से रक्षा कर मनोकामना पूर्ण करने की विद्या प्रदान करता है।

### नहाय खाय के साथ आरम्भ हुआ चारदिवसीय महापर्व चैती छठ पूजा

**मधुबनी (एनएसबी)।** रविवार को नहाय खाय से साथ चार दिवसीय छठ पूजा की हुई शुरूआत, चैती छठ (चैत्र मास की छठ) वसंत ऋतु में चैत्र शुक्ल चतुर्थी से सप्तमी तक मनाई जाती है, जो सूर्य देव और छठी मैया को समर्पित है। यह 36 घंटे के निर्जला उपवास (नहाय-खाय, खरना, संध्या/उषा अर्घ्य) के साथ शरीर को विषैले पदार्थों से मुक्त करने और सूर्य की ऊर्जा (विटामिन डी) प्राप्त करने का वैज्ञानिक तरीका है। स्टेशन चौक स्थित हनुमान प्रेम मंदिर के पुजारी पंडित पंकज झा शास्त्री ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, यह व्रत आरोग्य, संतान सुख और समृद्धि के लिए किया जाता है। 4 दिवसीय इस अनुष्ठान में नहाय-खाय, खरना, संध्या और उषा अर्घ्य के माध्यम से भगवान सूर्य और छठी मैया की पूजा से मानसिक-शारीरिक शुद्धि होती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, सबसे पहले छठ पूजा सत्ययुग में राजा प्रियव्रत की पत्नी मालिनी ने की थी। ऋषि कश्यप की सलाह पर उन्होंने पुत्र प्राप्ति के लिए षष्ठी मैया (सूर्य देव की बहन) की पूजा की थी, जिससे उन्हें संतान सुख प्राप्त हुआ। च्यवन ऋषि की पत्नी सुकन्या ने भी नागकन्याओं के कहने पर छठ व्रत किया था।

### रोग, शोक विनष्टि को लेकर श्रद्धालुओं ने की कुष्मांडा माता की पूजा



**बिस्फी (एनएसबी)।** चैती नवरात्रा को लेकर प्रखंड क्षेत्र जगवनी,खंगरैठा,नाहस, बिस्फी सहित कई क्षेत्रों के मंदिरों में श्रद्धालु भक्तों द्वारा सप्तशती पाठ, दुर्गा चालीसा सहित अन्य धार्मिक ग्रंथो का पाठ की जा रही है. जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल बना हुआ है. श्रद्धालु आस्था और विश्वास के साथ मां दुर्गा की आराधना प्रार्थना में लगे हुए हैं. नवरात्रि के चौथे दिन रविवार को पूजा पंडाल में मां दुर्गा के चतुर्थ स्वरूप मां कुष्मांडा की वैदिक मंत्रो से विशेष पूजा पाठ किया गया. क्षेत्र के नवदुर्गा जन कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष पवन मिश्रा, उपाध्यक्ष नरेश लाल यादव ,सचिव दानी रावत, कोषाध्यक्ष दिनेश यादव, महामंत्री सुमन मिश्रा बताया कि हर वर्ष की बात इस वर्ष भी विद्वान पंडितों के माध्यम से पूजा पाठ की जा रही है. नवरात्रि के चौथे दिन मां दुर्गा का स्वरूप कूष्मांडा है. ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्मांडा देवी के नाम से अभिहित किया गया. यह सृष्टि की आदि स्वरूप और आदिशक्ति हैं. इनका निवास सूरज लोक में है. इन्ही के तेज और प्रकाश से दसों दिशाएं प्रकाशित हो रही है. कुष्मांडा की उपासना से भक्तों के समस्त रोग शोक विनष्ट हो जाते हैं इस मौके पर मदन मंडल लाल बाबू मंडल, सिकंदर रावत ,सतन मंडल, धीरज मंडल, धर्मेंद्र मंडल, रामकुमार साहू, अशोक सदा, संजय मिश्रा, शिवचंद्र मंडल, सुरेश सदा सहित कई लोग उपस्थित थे.

### बिहार दिवस पर निकाली गई भव्य प्रभातफेरी.

**बिस्फी (एनएसबी)।** बिहार दिवस के गौरवशाली अवसर पर रविवार को विद्यालय के छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों, शिक्षा समिति के सदस्यों एवं गणमान्य लोगों के द्वारा उत्साह के माहौल में प्रभातफेरी निकाली गई. रंग बिरंगी पोशाकों में बच्चों ने हाथों में तख्तियां और तिरंगा लेकर 'जय बिहार', 'बढ़ेगा बिहार-बढ़ेगा बिहार' और 'शिक्षित बिहार-विकसित बिहार' के गगनभेदी नारे लगाए. बीपीआरओ सह बीईओ शेखर कुमार, चहुटा अंचल बीईओ महेश पासवान ने बताया कि प्रभातफेरी का मुख्य उद्देश्य राज्य की सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करना और नई पीढ़ी को बिहार के गौरवशाली इतिहास से रूबरू कराना था. प्रभात फेरी का नेतृत्व करते हुए प्रधानाध्यापक शत्रुघ्न राय, राजेश कुमार झा, डॉ कौशलेंद्र कुमार सिंह, मीनाक्षी कुमारी, मो जियाउद्दीन, भगवान जी मिश्र, मो शमीम, अशोक साफी, विनोद कुमार झा, हरिशंकर प्रसाद दास, विभाग कुमारी, ललिता कुमारी, हेमंत कुमार मिश्रा, महेश प्रसाद शाह, सोनेलाल मंडल ,सुदी लाल यादव ने बताया कि रंग-बिरंगे वल्वो एवं दीपों से विद्यालयों को सजाये जाने के साथ ही विभिन्न कार्यक्रम भी भी किए गए.वही जल-जीवन-हरियाली, नशामुक्ति और बालिका शिक्षा जैसे सामाजिक विषयों पर भी लोगों को जागरूक किया गया. बिहार दिवस न केवल एक तिथि है, बल्कि यह हर बिहारी के लिए अपनी पहचान और अस्मिता को नमन करने का दिन भी है!



### बिस्फी थाना में लंबित कांडों की किया डीएसपी ने समीक्षा की

**बिस्फी (एनएसबी)।** एसडीपीओ अमित कुमार ने बिस्फी थाना में वार्षिक निरीक्षण किया. इस दौरान थाना के सभी अनुसंधानकताओं के साथ लंबित मामलों की समीक्षा किया.समीक्षा के क्रम में लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए.न्यायालय से जारी वारंट,कुर्की प्राप्त कर वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने को कहा.सभी अनुसंधानकताओं को वारंट,इश्तेहार और कुर्की की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए.थाना में संधारित



विभिन्न पंजियों का भी अवलोकन किया.इनमें जमानतीय पंजी,अजमानतीय पंजी,कांड दैनिकी पंजी,पासपोर्ट पंजी, आरटीआई पंजी, महिला हेल्प डेस्क, लोक शिकायत पंजी, केश डायरी और वारंट,इश्तेहार,कुर्की पंजियां आदि शामिल थीं. वारंटियों की तत्काल गिरफ्तारी,थाना के प्रतिवेदित कांडों की गुणवत्तापूर्ण समीक्षा, सभी पंजियों को अद्यतन रखना और कांड दैनिक को नियमित रूप से अपडेट करना शामिल था. इसके अतिरिक्त,शराब माफियाओं पर लगाम लगाने,थाना क्षेत्र में सघन रात्रि गश्ती करने और डायल 112 से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए.मौके पर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार, एसआई बब्बन रविदास,हरे राम सिंह, टिंकू कुमार सहित कई पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे.

# बिहार युवाओं का प्रदेश है, जो देश-विदेश में अपने कठिन परिश्रम की बदौलत राज्य का नाम रौशन कर रहे है : डीएम आनंद शर्मा





**मधुबनी (एनएसबी)।** बिहार दिवस के अवसर पर संध्याकालीन कार्यक्रम का जिलाधिकारी, आनंद शर्मा सहित अन्य गणमान्य अतिथियों के द्वारा केक काटकर एवं गुब्बारा गुच्छ उड़ाकर शानदार शुभारंभ किया गया।तत्पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुई जिलाधिकारी, आनंद शर्मा ने सभी जिलावासियों को बिहार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बिहारी होना गर्व की बात है। बिहार युवाओं का प्रदेश है। जो देश-विदेश में अपने कठिन परिश्रम की बदौलत राज्य का नाम रौशन कर रहे है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपने-अपने बच्चो को अच्छी-से-अच्छी शिक्षा देने का अनुरोध किया। ताकि बिहार के बच्चे निरंतर देश और दुनिया मे बिहार का नाम रौशन करते रहे।जिलाधिकारी ने कहा कि बिहार की भूमि काफी उर्वरता से भरपूर है। उन्होंने कहा कि आज हम सभी बिहारियों को यह संकल्प लेने की जरूरत है कि हम चाहे जिस क्षेत्र में कार्य कर रहे हो, देश-दुनिया के जिस कोने में हो, वही अपने कार्य कुशलता की बदौलत अपने राज्य बिहार का नाम रौशन करे। जिलाधिकारी ने कहा कि हम सभी जिलावासियों के सहयोग से जिले में विकास का नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे। जिसके लिए जिला प्रशासन की पूरी टीम संकल्पित है।पुलिस अधीक्षक, योगेंद्र कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी जिलावासियों को बिहार दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने भी सभी जिलावासियों के सहयोग से जिला का शांति एवं सद्भाव के साथ निरंतर विकास किए जाने की बात कही। तत्पश्चात गणेश वंदना एवं झिझिया नृत्य की प्रस्तुति से सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुरूआत किया गया।पुनः भावना कुमारी के द्वारा प्रतुत कथक नृत्य की प्रस्तुति का दर्शकों ने खूब लुत्फ उठाया।कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ अभिषेक कुमार, रामसेवक ठाकुर एवं अन्य ने किया।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, योगेंद्र कुमार, जिला परिषद अध्यक्षा, बिंदु गुलाब, नगर निगम उपाध्यक्ष, अमानुल्लाह खान, उप-विकास आयुक्त, सुमन प्रसाद साह, अपर समाहर्ता, मुकेश रंजन, नगर आयुक्त, उमेश भारती, पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यालय, रश्मि, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, चंदन कुमार झा सहित अन्य पदाधिकारी एवं गणमान्य तथा काफी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## बिहार दिवस 2026 के अवसर पर करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का सफल आयोजन



कार्यक्रम को संबोधित करते अधिकारी।

**मधुबनी (एनएसबी)।** बिहार दिवस 2026 के उपलक्ष्य में बिहार शिक्षा परियोजना के इक्विटी संभाग 2025-26 के तत्वावधान में रविवार को नगर भवन, मधुबनी में जिला स्तरीय करियर उन्मुखीकरण सह करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को उनकी रुचि, प्रतिभा एवं विषय के आधार पर सही करियर चयन में मार्गदर्शन प्रदान करना रहा।कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान छात्रों को करियर के विभिन्न विकल्पों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, ताकि वे भविष्य के लिए सही दिशा का चयन कर सकें।

बिहार शिक्षा परियोजना के अंतर्गत संचालित इस पहल के तहत छात्रों को लगभग 500 से अधिक करियर विकल्पों से संबंधित करियर कार्ड उपलब्ध कराए गए। साथ ही, डिजिटल माध्यम से मार्गदर्शन हेतु ह्लमाइ करियर एडवाइजर ऐपह्व एवं ऑनलाइन करियर पोर्टल की जानकारी भी दी गई, जिससे छात्र घर बैठे भी अपने करियर की योजना बना सकें। यह पहल भारत सरकार के गाइडेंस प्रोग्राम के अंतर्गत छात्रों के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।कार्यक्रम की खास बात यह रही कि इसमें विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी पेशेवरों—जैसे सिविल सेवक, चिकित्सक, वकील एवं व्यवसायी—को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए छात्रों को वास्तविक जीवन में करियर चुनने की चुनौतियों एवं अवसरों के बारे में विस्तार से बताया। उनके प्रेरणादायक विचारों और मार्गदर्शन से छात्रों को अपने लक्ष्य निर्धारित करने में काफी मदद मिली।वक्ताओं ने छात्रों को यह भी बताया कि सफलता के लिए केवल शैक्षणिक योग्यता ही नहीं, बल्कि निरंतर मेहनत, आत्मविश्वास और सही दिशा में प्रयास करना भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को अपने रुचि के क्षेत्र में आगे बढ़ने और नई संभावनाओं को तलाशने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के अंत में सभी संबंधित विद्यालयों को करियर कार्ड वितरित किए गए, जिससे छात्र-छात्राओं को भविष्य में भी करियर संबंधी जानकारी प्राप्त करने में सहायता मिल सकेगी।

इस प्रकार, यह कार्यक्रम न केवल छात्रों के लिए उपयोगी साबित हुआ, बल्कि उन्हें अपने भविष्य के प्रति जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित करने वाला भी रहा।

### बिहार दिवस के अवसर पर 24 को किया जाएगा मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिला एथलेटिक्स संघ सहरसा के सचिव रोशन सिंह धोनी ने बताया कि जिला प्रशासन सहरसा के तत्वाधान में तथा जिला खेल पदाधिकारी सहरसा वैभव कुमार के संरक्षण में बिहार दिवस के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत 24 मार्च को मिनी मैराथन का दौड़ सुबह 7:00 बजे समाहरणालय गेट से प्रारंभ किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आने वाले खिलाड़ी को प्रस्तुत किया जाएगा। इस मिनी मैराथन दौड़ में सिर्फ सहरसा जिला के खिलाड़ी को ही भाग लेने का मौका मिलेगा। इस दौड़ में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का निबंध दिनांक 23 मार्च को सुबह 10:00 बजे से शाम के 6:00 बजे तक सहरसा स्टेडियम अवस्थित जिला खेल कार्यालय में किया जाएगा। निबंधित खिलाड़ी को ही इस मैराथन दौड़ में भाग लेने का अवसर दिया जाएगा। इसमें निबंधन के तहत पहले आओ पहले पाओ के तर्ज पर 100 खिलाड़ियों को भाग लेने का मौका मिलेगा। इसके लिए जिला खेल पदाधिकारी वैभव कुमार 12 शारीरिक शिक्षकों को दौड़ के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रतिनियुक्त किया है।

### विकसित बिहार' के संकल्प के साथ मधुबनी में निकाली गई प्रभातफेरी



**मधुबनी (एनएसबी)।** बिहार राज्य के स्थापना दिवस यानी 'बिहार दिवस' के गौरवशाली अवसर पर आज रविवार को मधुबनी जिला में उत्साह का माहौल है। सुबह की पहली किरण के साथ ही वाट्सन उच्च विद्यालय परिसर से भव्य प्रभातफेरी का निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या में स्कूली बच्चों, शिक्षकों और गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया। रंग-बिरंगी पोशाकों में सजे बच्चों ने हाथों में तख्तियां और तिरंगा लेकर 'जय बिहार', 'बढ़ेगा बिहार-बढ़ेगा बिहार' और 'शिक्षित बिहार-विकसित बिहार' के गगनभेदी नारे लगाए। इस प्रभातफेरी का मुख्य उद्देश्य राज्य की सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करना और नई पीढ़ी को बिहार के गौरवशाली इतिहास से रूबरू कराना था।बच्चों ने लोक गीतों और बैंड-बाजे की धुन पर बिहार की एकता का संदेश दिया।प्रभातफेरी के माध्यम से जल-जीवन-हरियाली, नशामुक्ति और बालिका शिक्षा जैसे सामाजिक विषयों पर भी लोगों को जागरूक किया गया।प्रभातफेरी को जिला शिक्षा पदाधिकारी, अक्षय पांडेय, उप निदेशक सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, परिमल कुमार, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, नितेश पाठक, वरीय उप समाहर्ता, बिरजू दास सहित काफी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।*प्रभातफेरी ने पूरे जिलावासियों में उत्सव की ऊर्जा भर दी।बिहार दिवस न केवल एक तिथि है, बल्कि यह हर बिहारी के लिए अपनी पहचान और अस्मिता को नमन करने का दिन है।

### बिहार दिवस पर कई कार्यक्रम प्रस्तुत की गई



**मधुबनी (एनएसबी)।** बिहार दिवस के अवसर पर 7:बजे वाटसन स्कूल ग्राउंड से प्रभात फेरी आयोजित किया गया ।सुबह 8 बजे महात्मा गांधी जी सहित अन्य महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया।बिहार दिवस के अवसर पर प्रभातफेरी में शामिल छात्र-छात्राएं बिहार दिवस के अवसर पर गुब्बारा गुच्छ उड़ाते एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, कवि कोकिल विद्यापति एवं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए जिलाधिकारी, आनंद शर्मा, पुलिस अधीक्षक, योगेंद्र कुमार सहित अन्य पदाधिकारी. कार्यक्रम को प्रारंभ किया! बिहार दिवस के अवसर पर रविवार को प्रभातफेरी के पश्चात जिलाधिकारी, आनंद शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक, योगेंद्र कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों के द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, कवि कोकिल विद्यापति एवं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा गुब्बारा गुच्छ को भी उड़ाया गया।तत्पश्चात जिलाधिकारी, आनंद शर्मा के द्वारा वाट्सन उच्च विद्यालय परिसर स्थित मुख्य समारोह स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को वषार्पात के पश्चात किए जा रहे तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निदेश भी दिए!पोल स्टार स्कूल की छात्रा शीतल एवं अन्य के द्वारा "सुनो मैं बिहार हूं" गीत पर अपनी प्रस्तुति देते हुए लोगों को आकर्षित किया!बिहार दिवस के अवसर पर रिजनल सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं के द्वारा "वंदे मातरम" पर अपनी प्रस्तुति देते हुए लोगों को मन मोह लिया" कैसे खेले जइबू सावन में कजरियाँ, बदरियाँ घिरी आयी ननदी" लोकगीत पर प्रस्तुति देते हुए शिव गंगा बालिका विद्यालय की छात्राएं. उपस्थित लोगों के दिलों में भाव पैदा कर दी!"

## रामनवमी महापर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



शांति समिति की बैठक।

**जयनगर (एनएसबी)।** थाना परिसर में आगामी रामनवमी महापर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं दोनों समुदायों के लोगों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) दीपक कुमार ने की, जबकि संचालन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी) राघव दयाल द्वारा किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने अपने-अपने विचार रखते हुए जयनगर की पुरानी परंपरा का जिक्र किया, जहां हर पर्व आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाया जाता रहा है।बैठक में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशासन की ओर से बताया गया कि संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा आवश्यक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की व्यवस्था की जाएगी, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत नजर रखी जा सके। एसडीओ दीपक कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी और यदि कोई व्यक्ति माहौल बिगाड़ने की कोशिश करेगा, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।डीएसपी राघव दयाल ने भी आम लोगों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है, लेकिन शांति व्यवस्था बनाए रखने में आम नागरिकों की भूमिका सबसे अहम होती है। उन्होंने कहा कि लोगों के सहयोग से ही प्रशासन प्रभावी ढंग से कार्य कर सकता है। साथ ही उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी।बैठक में मुख्य पार्षद सह बजरंग अखाड़ा के मुख्य संरक्षक कैलाश पासवान ने कहा कि किसी भी त्योहार का वास्तविक आनंद तभी है, जब उसे शांति और भाईचारे के साथ मनाया जाए। उन्होंने कहा कि रामनवमी भगवान श्रीराम के आदर्शों को स्मरण करने का पर्व है, न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की कि वे संयम और अनुशासन के साथ पर्व को सफल बनाएं।जिला प्रशासन के निर्देश के आलोक में बैठक में यह निर्णय लिया गया कि हर मोहल्ले में 20-20 युवकों एवं महिलाओं की टोली बनाई जाएगी, जो पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करेगी। इसके अलावा शांति समिति के सदस्यों ने कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए, जिसमें झंडा जुलूस के दौरान पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती, लाइसेंसधारियों को पहचान पत्र जारी करने तथा अवैध शराब बिक्री एवं चुलाई पर सख्त रोक लगाने की मांग प्रमुख रही।सर्किल इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बैठक में स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान डीजे बजाने पर पूर्णतः पाबंदी रहेगी। उन्होंने कहा कि लाउडस्पीकर का उपयोग सीमित ध्वनि स्तर पर ही किया जाए, ताकि वह डीजे का रूप न ले सके और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या उपद्रवी तत्व नजर आएं, तो तुरंत इसकी सूचना थानाध्यक्ष को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।बैठक के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने एक स्वर में यह संकल्प लिया कि जयनगर में रामनवमी का पर्व पूरी तरह शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान प्रशासन और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी जोर दिया गया।

इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) दीपक कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी(डीएसपी) राघव दयाल, सर्किल इन्स्पेक्टर संजय कुमार सिंह, पुलिस नीरीक्षक सह थानाध्यक्ष अमित कुमार, मुख्य पार्षद सह बजरंग अखाड़ा के मुख्य संरक्षक कैलाश पासवान, पवन सिंह अध्यक्ष बजरंग अखाड़ा, उद्धव कुंवर, अरविंद टीवारी, राजकुमार सिंह जदयू प्रखंड अध्यक्ष, सुरेंद्र महतो, राम गुलाम दास सरपंच बरही, बबलू राउत, धीरेन्द्र झा, अनिल सिंह मुखिया प्रतिनिधि जयनगर वस्ती पंचायत, भूषण सिंह प्रखंड सचिव भाकपा-माले, बैधनाथ ठाकुर, शिव शंकर ठाकुर, संतोष पंजियार समेत कई अन्य मौजूद रहे।

# धूमधाम से मुजफ्फरपुर में शुरू हुआ तीन दिवसीय बिहार दिवस समारोह 2026

## शहीद खुदीराम बोस स्टेडियम में सजा बिहार दिवस महोत्सव में संस्कृति और विकास की दिखी दिव्य झलक


बिहार दिवस समारोह का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते जन प्रतिनिधिगण।


उद्घाटन समारोह में उपस्थित प्रशासनिक अधिकारीगण


प्रभातफेरी में शामिल स्कूली छात्राएं।


समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार गण।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नगर के कंपनीबाग स्थित ऐतिहासिक शहीद खुदीराम बोस स्टेडियम में रविवार को धूमधाम एवं हर्षोल्लास के वातावरण में तीन दिवसीय बिहार दिवस समारोह 2026 शुरू हुआ। इस भव्य समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं उन्मुक्त गगन में गुब्बारे छोड़कर किया गया। समारोह में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। उद्घाटन के अवसर पर विधान पार्षदगण दिनेश प्रसाद सिंह एवं वंशीधर ब्रजवासी के साथ साथ विधायक अजीत कुमार, केदार प्रसाद गुप्ता, रंजन कुमार, बेबी कुमारी, उप मेयर डॉ मोनालिसा, जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन, एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा, उप विकास आयुक्त श्रेष्ठ अनुपम समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों ने समारोह के उद्घाटन की औपचारिकता पूरी की तथा बिहार के गौरवशाली इतिहास एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए जिलेवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व रविवार की सुबह भव्य प्रभात फेरी निकाली गई जो शहीद खुदीराम बोस स्टेडियम से प्रारंभ होकर इमलीचट्टी, सदर अस्पताल, एसएसपी कार्यालय होते हुए भारत माता नमन पार्क तक पहुंची। इस दौरान स्कूली बच्चों, अधिकारियों, कर्मियों एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने बिहार की स्थापना एवं 114 वर्ष के गौरवपूर्ण सफर पर गर्व व्यक्त करते हुए जन-जन तक जागरूकता का संदेश पहुंचाया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्रेष्ठ अनुपम ने गुब्बारों का गुच्छ उड़ाकर वातावरण को उत्सवी बना दिया। वहीं इस खास अवसर पर जिले के सभी विद्यालयों में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूलों में प्रभात फेरी, बिहार गौरव गान तथा बिहार प्रार्थना गीत का आयोजन किया गया, जिससे बच्चों में राज्य के इतिहास और संस्कृति के प्रति गर्व की भावना विकसित हुई। समारोह को आकर्षक एवं यादगार बनाने के लिए स्टेडियम परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा 26 स्टॉलों की प्रदर्शनी सह बिक्री केंद्र लगाए गए। साथ ही पइन स्टॉलों के माध्यम से सरकार की विभिन्न विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी गई। बिहार दिवस समारोह के उद्घाटन के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम ने समारोह में चार चांद लगा दिया। कार्यक्रम में बिहार की समृद्ध लोक संस्कृति, परंपरा एवं विरासत पर आधारित गीत संगीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए गए। कलाकारों ने पारंपरिक विवाह मांगलिक गीत, बेटी विदाई गीत, चैता, सोहर, झूमर तथा भगवान राम-लक्ष्मण के वन गमन पर आधारित नृत्य नाटिका की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भोजपुरी गायिका शारदा सिन्हा के लोकप्रिय विवाह गीतों की भी प्रस्तुति दी गई। हल्दी -कलश, मंडपाच्छादन, दुआर छेंकाई एवं बेटी विदाई से जुड़े गीतों ने वातावरण को भावनात्मक और उल्लासपूर्ण बना दिया। इसके अलावा चैता, झूमर और सोहर गीतों की शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत बिहार गीत से हुई, जिसने राज्य की गौरवशाली परंपरा को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक गोपाल फलक ने किया। बिहार दिवस समारोह को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन एवं एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने जिलेवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बिहार दिवस न केवल राज्य के गौरवशाली अतीत को याद करने का अवसर है, बल्कि उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के संकल्प को भी मजबूत करता है।

## बिहार दिवस पर 'राइजिंग स्टार स्पोर्ट्स चैंपियनशिप' का भव्य आयोजन: मौसम, ऋषभ और स्मृति बने खेल के सितारे

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** बिहार दिवस के अवसर पर खेल और ग्रामीण प्रतिभा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'राइजिंग स्टार स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2026' का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता ने न केवल बच्चों और युवाओं के भीतर छिपी खेल प्रतिभा को मंच प्रदान किया गया। बल्कि ग्रामीण परिवेश में उत्साह का नया संचार हुआ। प्रतियोगिता के दौरान पारंपरिक और आधुनिक खेलों का अद्भुत संगम देखने को मिला। आयोजन में मुख्य रूप से दौड़, रस्सा-कस्सी, लेमन स्पून रेस, सैक रेस और बोतल पिकअप जैसे खेलों का आयोजन किया गया। इन खेलों में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों के जोश और जुनून ने दर्शकों का मन मोह लिया। विशेष रूप से रस्सा-कस्सी और बोरा दौड़ के दौरान ग्रामीणों की भारी भीड़ ने तालियों के साथ खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच कई खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया। प्रतियोगिता के अंत में मौसम कुमारी, ऋषभ कुमार और स्मृति कुमारी ने अपनी श्रेणियों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 'राइजिंग स्टार' का प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा कफेन मंडल के अध्यक्ष मिथलेश कुमार ने सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर और पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। मौके पर मिथलेश कुमार ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में इस तरह


प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते अतिथि।

के आयोजन मील के पत्थर साबित होते हैं। खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी हैं, बल्कि ये युवाओं में अनुशासन और टीम भावना भी विकसित करते हैं। बिहार दिवस पर ऐसी प्रतियोगिता का आयोजन हमारे युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करेगा और भविष्य में यहाँ से राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकलेंगे। इस अवसर पर अन्य अतिथि के रूप में जगदीश साह, सोनू कुमार, अनिल कुमार, दिलीप कुमार, मुन्ना कुमार, रवि कुमार और कृष्णा आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों के जज्बे की सराहना की और आयोजन समिति को इस सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी। इस मौके पर आयोजन समिति के

सदस्यों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को मोबाइल और इंटरनेट की दुनिया से बाहर निकालकर मैदान तक लाना और उनमें खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था।

## लूटेरा गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने हथियार व 17 हजार नगद के साथ किया गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** एसएसपी के निर्देश पर जैतपुर थाना पुलिस टीम ने तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से अवैध हथियार, कारतूस और लूट के नगद 17 हजार रुपए सहित कई अन्य सामान बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान प्रिंस कुमार (सरैया थाना), अमरजीत कुमार और अंकित कुमार (दोनों करजा थाना निवासी) के रूप में हुई है। यह जानकारी एसडीपीओ सरैया गरिमा ने आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि 20 मार्च की शाम पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि विशंभरपुर चौक के पास कुछ अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए जैतपुर पुलिस टीम ने घेराबंदी की और मोटरसाइकिल सवार तीनों अपराधियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक देसी पिस्टल, दो कारतूस और एक चाकू बरामद किया गया है। एसडीपीओ सरैया के अनुसार गिरफ्तार अपराधी प्रिंस कुमार के स्वीकारोक्ति बयान और निशानदेही पर पुलिस ने उसके किराए के मकान में छापेमारी की। इस दौरान लूट के कई सामान बरामद किया गया। इसमें तुर्की थाना क्षेत्र से लूटी गई अपाचे बाईक, पारू थाना क्षेत्र से लूटे गए रेनकोट, 180 एलईडी बल्ब, 180 स्क्रैच कूपन, बर्तन की रसीद, 17,400 रुपये नकद, चार मोबाइल फोन और दो ब्लैक नंबर प्लेट शामिल हैं। पूछताछ में अपराधी ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। वे लूट की घटना को अंजाम देने से पहले इलाके की रेकी करने के लिए एलईडी बल्ब और स्क्रैच कूपन बेचने का ढोंग करते थे। इससे उन्हें लोगों के घरों और गतिविधियों की जानकारी जुटाने में आसानी होती थी। इस गिरोह ने वैशाली और मुजफ्फरपुर के सीमावर्ती जिलों में लूट, छिनतई और डकैती की कई घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पकड़े गए अपराधियों में प्रिंस कुमार का पुराना आपराधिक इतिहास है, प्रिंस पर सरैया थाना में पहले से तीन मामले दर्ज हैं। वहीं अमरजीत कुमार पर ब्रह्मपुरा थाना में एक मामला दर्ज है। जैतपुर थाना पुलिस ने इस संबंध में कांड संख्या 46/26 दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ हीं गिरफ्तार सभी अपराधियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।


गिरफ्तार अपराधियों के संबंध में पत्रकारों को जानकारी देती एसडीपीओ सरैया।

### संक्षिप्त खबरें

#### नगर विधानसभा 94 के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल में प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन



**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** भाजपा नगर विधानसभा 94 के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल (रामदयाल मंडल, पूर्वी मंडल एवं विश्वविद्यालय मंडल) के कार्यकताओं के लिए रविवार को विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संगठन की मजबूती, वैचारिक अधिष्ठान और आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र सिंह, जिला भाजपा वरिष्ठ नेता विष्णु कांत झा, ममता रानी, रविकांत सिन्हा, अमिताभ कुमार तथा मुकेश शर्मा, महिला मोर्चा की अध्यक्ष मोनालिसा की उपस्थिति में विभिन्न सत्रों में कार्यकताओं को पार्टी का इतिहास एवं विकास, भाजपा की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की यात्रा के साथ संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय और अनुशासित बनाने के तरीके, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'अंत्योदय' और एकात्म मानववाद के दर्शन पर चर्चा, बूथ प्रबंधन एवं 'मन की बात', बूथ स्तर पर कार्यकताओं की सक्रियता और प्रधानमंत्री के संवाद कार्यक्रम का महत्व, केंद्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने, वर्तमान समय में डिजिटल माध्यमों के सही और प्रभावी उपयोग पर विशेष चर्चा आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा प्रभारी मुकेश शर्मा ने किया। शिविर में मंडल अध्यक्ष उत्पल रंजन, नंद किशोर ठाकुर, शशि रंजन शुक्ला, अशोक झा, पुनम ओझा, रंजन ओझा, संगीता कुशवाहा, नगीना देवी, आरती सिन्हा, अजय चंद्रवंशी राजीव कुमार पाराशर सहित बड़ी संख्या में निष्ठावान कार्यकर्ता उपस्थित थे।

#### श्री अर्जुन बाबू मेला ग्राउंड में निर्मित मन्दिर में प्रतिमा स्थापित कर की गई प्राण प्रतिष्ठा

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बोचहां प्रखंड के रुद्रहां स्थित श्री अर्जुन बाबू मेला ग्राउंड में रविवार को श्रद्धा और भक्तिपूर्ण वातावरण में बाबा धनेश्वरनाथ मंदिर में प्रतिमा की प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस शुभ अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर में भगवान की मूर्ति स्थापित की गई। जिससे यह स्थल अब एक पवित्र धार्मिक केंद्र के रूप में जाना जाने लगा। इस मौके पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने मंदिर में



पूजा-अर्चना कर अपने परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। बताया गया कि यह मंदिर भविष्य में एक भव्य स्वरूप लेगा और पंचायत सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा। यहां पर विभिन्न प्रकार के शुभ कार्य, पूजा-पाठ, संस्कार एवं धार्मिक आयोजन संपन्न किए जाएंगे। जिससे समाज में धार्मिक जागरूकता और एकता को और मजबूती मिलेगी। आयोजकों ने बताया कि यह मंदिर न केवल आस्था का प्रतीक बनेगा, बल्कि क्षेत्र के विकास और सामाजिक समरसता में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## हिन्दी को हिन्दुस्तान की राष्ट्रभाषा नहीं बनना अतिशय दुखद : हिसास

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** नगर के नयाटोला स्थित धियोसोफिकल लॉज सभागार में रविवार को जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन मुजफ्फरपुर का एक दिवसीय अधिवेशन अध्यक्ष ऊर्ध्व-चेता चित्तरंजन सिन्हा कनक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। अधिवेशन का उद्घाटन पूर्व कुलपति डॉ अमरेन्द्र नारायण यादव, डॉ महेंद्र मधुकर, डॉ रामप्रवेश सिंह, कवि कुल भूषण डॉ संजय पंकज, सम्मेलन के अध्यक्ष चित्तरंजन सिन्हा कनक, प्रधानमंत्री साहित्य मार्तण्ड उदय नारायण सिंह एवं अतिथि डॉ विनोद कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों का स्वागत एवं बीज विषय 'राजभाषा हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने की जरूरत क्यों ?' पर बोलते हुए साहित्य मार्तण्ड उदय नारायण सिंह ने कहा कि हिन्दी वैज्ञानिक, सरल-सुबोध भाषा है और आज देश की 75 प्रतिशत आबादी भलीभांति हिन्दी बोलती है। साथ ही हिन्दी हमारी एवं हिन्दुस्तान की पहचान की भाषा है। इसलिए हिन्दुस्तान की राष्ट्र भाषा हिन्दी होनी ही चाहिए। पूर्व कुलपति अमरेन्द्र नारायण यादव ने अपने उद्घाटन वक्तव्य में कहा कि हमारे ज्ञान विज्ञान एवं अनुसंधान का विकास उसी भाषा में संभव है, जिसमें हम सपने देखते हैं। इसीलिए हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाना परमावश्यक है। मुख्य अतिथि के रूप में अपने उद्गार व्यक्त करते हुए डॉ महेन्द्र मधुकर ने कहा कि प्रत्येक विकसित राष्ट्र की अपनी राष्ट्र भाषा एवं अपनी लिपि है तो फिर हिन्दुस्तान की राष्ट्र भाषा हिन्दी एवं लिपि देवनागरी क्यों नहीं होनी चाहिए ? उन्होंने आगे कहा कि हमारे व्यवहार और सिद्धांत में जब तक एकरूपता नहीं होगी, तबतक हम अंग्रेजी और अंग्रेजियत की शरण में दण्डवत करते रहेंगे।




## खादी भंडार कैंपस में रामनवमी पर निकलने वाली भव्य शोभा यात्रा की तैयारी को लेकर की गई बैठक

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** शनिवार को रामबाग स्थित खादी भंडार कैंपस में रामनवमी के अवसर पर निकलने वाली भव्य शोभा यात्रा की तैयारी को लेकर बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि इस वर्ष शोभा यात्रा में भगवान श्री राम दरबार, शिव परिवार सहित विभिन्न देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां शामिल होंगी तथा प्रमुख चौक-चौराहों पर शिव तांडव की विशेष प्रस्तुति दी जाएगी, जो इस बार का मुख्य आकर्षण रहेगा। शोभायात्रा पूर्वाह्न 10 बजे खादी भंडार कैंपस से प्रारंभ होकर खादी भंडार चौक, सरस्वती चौक, पीएनटी चौक, रामबाग चौक, नकुलवा चौक, कल्याणी, अमर सिनेमा रोड, टावर, बाबा गरीबनाथ मंदिर, शुक्ला रोड, चतुर्भुज स्थान होते हुए पुनः रामबाग में संपन्न होगी, जहां प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। बैठक में राकेश पटेल, सेवादार अविनाश, संजीव कुमार, सत्य प्रकाश सिंह, आशीष अग्रवाल, गोपाल कुमार, ऋषि कुमार, अर्जुन देव सिंह, गोलू कुमार, राकेश नाथ तिवारी, वेदांत कुमार, राकेश रंजन बिट्टू, विकास कुमार, सुंदरी देवी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



## सीनियर सिटीजन काउंसिल के पदाधिकारियों ने पूर्व मंत्री को किया सम्मानित

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** गौरवमयी बिहार दिवस के अवसर पर रविवार को सीनियर सिटीजन कौंसिल मुजफ्फरपुर के 33 वां वार्षिक अधिवेशन के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पूर्व नगर विकास मंत्री सुरेश कुमार शर्मा को उनके कार्यालय अटल सभागार में संगठन के महामंत्री त्रिलोक प्रसाद वर्मा एवं हरेराम



मिश्रा उपाध्यक्ष द्वारा अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ भेँट कर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि द्वारा सीनियर सिटीजन काउंसिल द्वारा प्रकाशित स्मारिका का विमोचन भी किया गया। मौके पर एलएन टी कॉलेज की प्राचार्य डॉ ममता रानी, शिक्षाविद उपेन्द्र कुमार, विश्वविद्यालय मंडल अध्यक्ष राजन भारद्वाज के अतिरिक्त कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## पूर्वज स्मृति समारोह में पूर्वजों के आदर्शों को अपने जीवन में उतारकर तथा उनके योगदान का स्मरण कर समाज मे परिवर्तन का लिया गया संकल्प

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** पटना के विद्यापति भवन में पूर्वज स्मृति न्यास के तत्वावधान में पूर्वज स्मृति समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें संत महात्माओं, चिकित्सकों, शिक्षाविदों और समाजसेवियों सहित स्वामी देवकीनंदन भारद्वाज महाराज, स्वामी चक्रपाणि जी महाराज, स्वामी रंगनाथाधार्य महाराज, पद्मभूषण डॉ सी.पी. ठाकुर, आई.एम.ए. के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सहजानंद प्रसाद सिंह, डॉ शांति राय, लंदन से आए आशुतोष कुमार, आईजीआईएमएस के पूर्व निदेशक अरुण कुमार, भाजपा के वरिष्ठ नेता डा विनोद शर्मा, हेल्थ एंड एनवायरनमेंट टाइम्स के संपादक और पूर्वज स्मृति न्यास के संयुक्त सचिव राजेश सिन्हा, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर आनंदवर्धन अतिथि के रूप में शामिल हुए। समाज को अपने पूर्वजों के आदर्शों, मूल्यों एवं उनके योगदान के प्रति जागरूक करने तथा उनसे प्रेरणा लेकर प्रगतिशील समाज का निर्माण करने के उद्देश्य से आयोजित इस समारोह को संबोधित करते हुए स्वामी राममप्रपन्ना महाराज ने कहा कि पूर्वज केवल हमारे इतिहास का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि वे हमारे संस्कार, हमारी पहचान और हमारे भविष्य की दिशा हैं। यदि समाज को सशक्त बनाना है तो हमें अपने पूर्वजों के आदर्शों समानता, सेवा और समर्पण को जीवन में उतारना होगा। यही मार्ग हमें एक समरस और विकसित भारत की ओर ले जाएगा। पूर्वज स्मृति न्यास के अध्यक्ष डॉ मृणाल भारद्वाज ने अपने संबोधन में कहा कि यह समारोह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक सामाजिक अभियान है, जिसका उद्देश्य नई पीढ़ी को अपने मूल्यों से जोड़ना है। पूर्वजों के योगदान को स्मरण कर हम समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। वहीं पूर्वज स्मृति न्यास के महासचिव विनोद कुमार पंकज ने कहा कि पूर्वज स्मृति समारोह समाज में एकता, समरसता और जागरूकता का संदेश देता है। हम सभी का दायित्व है कि हम अपने पूर्वजों के आदर्शों को अपनाते हुए समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस मौके पर डॉ राजेश रंजन, डॉ सत्यजीत कुमार सिंह, डॉक्टर निशिकांत कुमार, डॉ मृत्युंजय, बाल्डविन के निदेशक प्रभास कुमार, पूर्व आईजी गिरजानंदन शर्मा, संजय किशोर, राकेश मिश्रा, बिहार विधानसभा के पूर्व निदेशक अनिमेष कुमार, डॉ रत्नेश चौधरी, डॉ निखिल रंजन, बीएमएस की प्रीति प्रिया, प्रो संतोष कुमार, प्रो अरुण कुमार आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों ने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। आयोजन के सफल संचालन के लिए सभी आगंतुकों एवं सहयोगियों के प्रति पूर्वज स्मृति न्यास ने आभार व्यक्त किया।



समारोह के उद्घाटन सत्र में संकल्प पत्र का लोकार्पण करते अतिथि गण।

## संक्षिप्त खबरें

### सीतामढ़ी में 8 से 14 मई तक श्रीमद् भागवत कथा व कन्या विवाह महोत्सव का होगा आयोजन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** माँ जानकी की पावन धरती सीतामढ़ी में 8 से 14 मई 2026 तक श्रीमद् भागवत कथा एवं कन्या विवाह (पाणिग्रहण संस्कार) महोत्सव का भव्य आयोजन होगा। यह कार्यक्रम जानकी जी की प्रकट स्थली पर आयोजित किया जाएगा, जिसे लेकर क्षेत्र में उत्साह है। समाजसेवी डॉ. शुभम राज वर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को इस महोत्सव में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस दौरान अखिल बंसल, साहिल मिगलानी, डॉ. अभिषेक प्रियरंजन व अवनीश द्विवेदी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को निमंत्रण देते आयोजन समिति के पदाधिकारी।

**केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को महोत्सव में शामिल होने का दिया गया निमंत्रण**

कार्यक्रम में प्रसिद्ध संत श्री पुरुषोत्तम कृष्ण गोस्वामी जी (नंद भवन सेवा ट्रस्ट, गोवर्धन) कथा वाचन करेंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक होगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजकों ने बताया कि यह महोत्सव धार्मिक के साथ सामाजिक समरसता का भी संदेश देगा। 14 मई को 25 कन्याओं का सामूहिक विवाह इसका मुख्य आकर्षण होगा। इसके अलावा अलग-अलग तिथियों पर विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का आयोजन किया जाएगा तथा श्रद्धालुओं के लिए भंडारा व प्रसाद की व्यवस्था रहेगी। आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रशासन व समिति द्वारा तैयारियां जारी हैं। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से शामिल होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

### अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार दिवसझ्र2026 के अवसर पर जिले के विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित किये गए अधिकारियों में उनके नाम शामिल हैं,



जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया है। इनमें अंचल अधिकारी सोनबरसा अनूप कुमार और परिहार की ज्योति कुमारी को फरवरी 2026 के कार्य निष्पादन आधारित रैंकिंग में बेहतर स्थान प्राप्त करने के लिए चयनित किया गया है। वहीं, रून्नीसैदपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी धनंजय कुमार को प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सराहा गया है। जिला परियोजना प्रबंधक (जीविका) उमाशंकर भगत, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. रविंद्र कुमार यादव तथा मद्य निषेध अधीक्षक ओम प्रकाश को भी उनके विभागीय कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए सूची में शामिल किया गया है। इसके अलावा, जिला अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण पदाधिकारी सुभाष चंद्र राजकुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी विशाल, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी (बेलसंड) ऋषभ, भूमि सुधार उप समाहर्ता वंदना सिन्हा तथा अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी रजनीश लाल को भी उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। जिला प्रशासन की इस पहल को कर्मठ और जिम्मेदार अधिकारियों के उत्साहवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### दो युवकों को थाना लाकर की गई पिटाई के मामले में सीतामढ़ी एसपी की बड़ी कार्रवाई, सुप्पी थानाध्यक्ष लाइन हाजिर

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सोशल मीडिया के माध्यम से सामने आई एक गंभीर घटना के बाद एसपी अमित रंजन ने सख्त कदम उठाया है। जानकारी के अनुसार 20/21 मार्च की रात दो युवक शहर से अपने गांव लौट रहे थे, तभी सुप्पी थाना पुलिस द्वारा उन्हें पकड़कर कथित रूप से मारपीट की गई। इस घटना को अनुशासनहीनता और पुलिस की छवि को धूमिल करने वाला माना गया है। प्रथम दृष्टया जांच में यह भी सामने आया कि सुप्पी थानाध्यक्ष संजीत कुमार द्वारा इस घटना की सूचना वरीय अधिकारियों को समय पर नहीं दी गई। मामला सीधे सोशल मीडिया के जरिए अधिकारियों तक पहुंचा, जिससे थाना स्तर पर नियंत्रण और जवाबदेही पर सवाल खड़े हुए हैं। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक, सीतामढ़ी ने तत्काल प्रभाव से थानाध्यक्ष संजीत कुमार को पुलिस केंद्र सीतामढ़ी में प्रतिनियुक्त (लाइन हाजिर) कर दिया है। साथ ही उन्हें 24 घंटे के भीतर अपना स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया है। इसके अतिरिक्त सदर-1 अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को पूरे मामले की जांच कर दो दिनों के भीतर स्पष्ट मंतव्य के साथ रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। पुलिस विभाग की इस कार्रवाई को अनुशासन बनाए रखने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

### लालू, राबड़ी व तेजस्वी समेत राजद नेताओं ने दी बिहार दिवस शुभकामनाएं

**पटना (एनएसबी)।** राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, सांसद डॉ. मीसा भारती, प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगदानंद सिंह, उदय नारायण चौधरी, अब्दुल बारी सिद्दीकी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अली अशरफ फातमी, डॉ. कांति सिंह, जयप्रकाश नारायण यादव, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, सैयद फैसल अली, बिनु यादव, राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो. मनोज कुमार झा, सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव, संजय यादव, डॉ. सुनील कुमार सिंह, कार्तिकेय सिंह,अशोक कुमार सिंह, डॉ. तनवीर हसन, पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता, शिवचंद्र राम, इसराइल मंसूरी, सुरेश पासवान, रणविजय साहू, विधान पार्षद कारी मो. शोहैब, मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रवक्ता डॉ. उर्मिला ठाकुर, एजाज अहमद सहित राजद नेताओं ने बिहारवासियों और देशवासियों को बिहार दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है।

### स्कूल लीग में अंडर-15 कैटेगरी में वीजीयू थंडरबोल्ट जीता

**पटना (एनएसबी)।** टर्निंग प्वाइंट के तत्वावधान में राजधानी के खेमनीचक स्थित कृष्णा क्रिकेट ग्राउंड पर रविवार को कासा पिकोला स्कूल क्रिकेट लीग (अंडर-15 सीजन-6 और अंडर-12 सीजन-1) का शानदार आगाज हुआ। उद्घाटन मुकाबले में अंडर-15 कैटेगरी में वीजीयू थंडरबोल्ट ने जीत हासिल की। वीजीयू थंडरबोल्ट ने मानव रचना लायंस को 6 विकेट से हराया। उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों, अभिभावकों और खेल प्रेमियों की बड़ी संख्या मौजूद रही। उद्घाटन समारोह में कई प्रमुख हस्तियों ने शिरकत की। कार्यक्रम में कृषि मंत्री रामकृपाल यादव, उपमेयर रेशमी चंद्रवंशी, बिहार प्लेयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मृत्युंजय तिवारी, कुम्हरार विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी इंद्रदीप चंद्रवंशी, भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के संयोजक सतीश राजू, कोषाध्यक्ष विकास सिंह, स्टेडियम के ऑनर अंजनी कुमार, शिक्षक विपिन कुमार की उपस्थिति से चार चांद लग किया। इन सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह बढ़ाया। साथ ही आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए इस पहल को खेल विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

# सीतामढ़ी में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बिहार का 114 वां स्थापना दिवस

## प्रभात फेरी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभिन्न विभागों के विकासात्मक स्टॉल सहित विविध कार्यक्रम आयोजित

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** विश्व के प्रथम लोकतंत्र, अहिंसा, सद्भाव, करुणा व प्रेम संदेश देने वाली ज्ञान एवं संघर्ष की भूमि बिहार के 114वें स्थापना दिवस का आयोजन पूरे हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का आगाज रविवार 22 मार्च की सुबह प्रभात फेरी के साथ किया गया। कमला बालिका उच्च विद्यालय से निकाली गई प्रभात फेरी को जिलाधिकारी रिची पांडेय ने हरी झंडी दिखाकर रवानगी की। उक्त प्रभात फेरी मयार्दा पथ, डुमरा मेन रोड होते हुए पुनः डीएम आवास तक निकाली गई। प्रभात फेरी में डीएम रिची पांडेय सहित अन्य वरीय पदाधिकारी, छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा अन्य लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर डीएम ने सबको संबोधित करते हुए सभी को बिहार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।



प्रभात फेरी में शामिल डीएम, वरीय पदाधिकारी, छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा अन्य ।



संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते जनप्रतिनिधि, डीएम व अन्य ।

बिहार दिवस 2026 के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन डुमरा हवाई अड्डा मैदान में किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ सीतामढ़ी विधायक सुनील कुमार पिंटू, रीगा विधायक वैद्यनाथ प्रसाद, जिलाधिकारी रिची पांडेय, जिला परिषद अध्यक्ष अदिती कुमारी, डीडीसी संदीप कुमार, एडीएम संजीव कुमार एवं अन्य वरीय अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने संबोधन भाषण में जिलाधिकारी ने बिहार के साथ सीतामढ़ी जिले के प्रगति की कामना की। उन्होंने कहा कि बिहार में अतीत की धरोहर के साथ वर्तमान का पथ प्रदर्शन भी है। हमारा राज्य बिहार और आगे बढ़े। हमारा राज्य विकसित हो। इसी मकसद से बिहार दिवस का आयोजन किया जाता है। वहीं सदर विधायक ने कहा कि बिहार की धरती ज्ञान एवं मोक्ष की धरती है। यहां से ज्ञान का प्रकाश दुनिया भर में फैला। हमें बिहार को उसी गौरवशाली ऊंचाई तक पहुंचना है। उन्होंने अपने संबोधन में प्रदेश की गौरवशाली विरासत और उज्ज्वल भविष्य की दिशा में हो रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में रीगा विधायक ने कहा कि बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और इसके विकास में जनभागीदारी अहम भूमिका निभाती है। हमें शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और नवाचार के क्षेत्र में मिलकर कार्य करना होगा ताकि बिहार को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सके। मुख्य समारोह का आरंभ स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत के साथ किया गया। वहीं जिले के कलाकारों द्वारा बिहार गीत की बेहतरीन प्रस्तुति की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों एवं शिक्षा विभाग के संगीत शिक्षक/ शिक्षिकाओं के द्वारा गीत /नृत्य की आकर्षक एवं प्रभावशाली प्रस्तुति की गई। कलाकारों द्वारा बिहार की सांस्कृतिक विरासत पर आधारित लोक गीत एवं संगीत की बेहतरीन प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में जिलाधिकारी रिची पांडे एवं गणमान्य अतिथियों के द्वारा बिहार के नक्शे पर दीप प्रज्वलित कर हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और गौरवशाली इतिहास के प्रति सम्मान प्रकट किया गया।आयोजन स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा विकासात्मक स्टॉल लगाए गए थे जिसका निरीक्षण जिलाधिकारी एवं सभी अतिथियों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों एवं



डुमरा हवाई अड्डा मैदान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार।

प्रगतिशील कृषकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्तियों, प्रशासनिक अधिकारियों और आम नागरिकों ने भाग लिया। जिलाधिकारी ने सभी को बिहार दिवस की शुभकामनाएं देते हुए राज्य के विकास में सक्रिय भागीदारी की अपील की। कार्यक्रम में स्वागत भाषण अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन बृज किशोर पांडे ने किया।

## मध्याह्न भोजन रसोइया संघ की बैठक में केंद्र सरकार की श्रम विरोधी नीति और लंबित मांगों पर चर्चा



बैठक को सम्बोधित करते वक्ता, उपस्थित संघ के सदस्य व अन्य।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** मध्याह्न भोजन रसोईया संघ सीतामढ़ी की बैठक जिलाध्यक्ष श्याम नंदन चौधरी की अध्यक्षता में अंबेडकर स्थल डुमरा में संपन्न हुई।

बैठक में केंद्र सरकार द्वारा श्रम विरोधी नीति और रसोईया के साथ हो रहे नाइंसाफी पर चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ प्रो. आनंद किशोर, प्रदेश अध्यक्ष पीयूसीएल ने कहा कि केंद्र सरकार ने 29 श्रम कानून को खत्म कर चार श्रम कानून बनाए हैं। जिसमें श्रमिकों के काम की घंटे की बाध्यता समाप्त कर पूंजीपतियों के हाथ सौदा किया गया है। मध्याह्न भोजन रसोईया गरीब लाचार है जो वर्षो से विद्यालयों में ताजा भोजन खिलाकर बच्चों को खिलाती है। लेकिन न्यूनतम मजदूरी के तहत निर्धारित दर से वेतन भी इन्हें नहीं दिया जाता है। विनोद बिहारी मंडल जिलाध्यक्ष, अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ सह संरक्षक रसोईया संघ ने रसोईया के सभी जायज मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि अरुणाचल प्रदेश प्रदेश में रसोईया को 15000 केरल में 9000 हरियाणा दिल्ली में 7000 रुपए प्रति माह मिलता है। इस तरह बिहार के रसोइया को भी न्यूनतम वेतन 18000 रुपया देनेकी मांग की। बैठक में 1 अप्रैल को केंद्र सरकार के श्रम विरोधी नीति के विरोध में 24 मार्च को दिल्ली जंतर मंतर पर धरना, 1 अप्रैल को काला बिल्ला लगाने, 2 अप्रैल को सभी बीआरसी पर धरना एवं पुतला दहन करने का निर्णय लिया गया। जालंधर यदुवंशी जिलाध्यक्ष, संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार कॉर्पोरेट के हाथो बिक चुकी है जो गरीबों के साथ नाइंसाफी है। बैठक में जिला प्रभारी प्रदीप राय, नागेश्वर राय, नवल मंडल उमेश रावत, प्रमोद प्रसाद, शंभू कुमार राय, नागेंद्र राय, रामू कुमार, संतोष सिंह, राज किशोर सिंह, चुनचुन महतो, सीता देवी, शिव शंकर पासवान, वीरेंद्र शाह, रंजू देवी, प्रमिला देवी,सविता देवी, रामकली देवी, किरण देवी, जिप्सी देवी, पूनम देवी,मंजू देवी, पानू देवी, मुन्नी देवी, सुनीता देवी, मीरा देवी, रेखा देवी, गीत देवी,कांति देवी, माला देवी, साहिल देवी, किरण देवी, सुनैना देवी, नगीना देवी सहित सैकड़ो रसोईया उपस्थित थे।

## मासिक अपराध गोष्ठी में एसपी ने रामनवमी को लेकर विधि-व्यवस्था संधारण सहित विभिन्न मामलों में दिए कई निर्देश

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में रविवार को पुलिस अधीक्षक अमित रंजन की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचल निरीक्षक, थानाध्यक्ष एवं शाखा प्रभारी मौजूद रहे। गोष्ठी का मुख्य फोकस आगामी रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित संपन्न कराना, विधि-व्यवस्था बनाए रखना और लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर रहा। एसपी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि नशा मुक्ति एवं मादक पदार्थों के दुष्परिणाम को लेकर थानों द्वारा पंचायतों में और पुलिस अधिकारियों द्वारा विद्यालयों में सप्ताह में कम-से-कम दो बार जागरूकता अभियान चलाया जाए। आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को थाना व कार्यालय स्तर पर जनता दरबार/जन संवाद आयोजित करने को कहा गया। अनुसंधान की गुणवत्ता सुधारने के लिए वैज्ञानिक पद्धति अपनाने, ई-डोजियर, ई-सम्मन और ई-साक्ष्य के समयबद्ध निष्पादन, तथा लंबित कांडों को प्राथमिकता से निपटाने पर विशेष जोर दिया गया। गश्ती व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए डायल-112 की त्वरित प्रतिक्रिया बढ़ाने, पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन को समय सीमा में पूरा करने और सीसीटीएनएस को अद्यतन रखने के निर्देश भी दिए गए। मद्यनिषेध अभियान के तहत लगातार छापेमारी कर जब्त शराब के त्वरित विनष्टीकरण, गंभीर मामलों जैसे एससी/एसटी, पॉकसो, दहेज व बलात्कार मामलों के प्राथमिकता से निष्पादन, तथा लंबित वारंट और कुर्की के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा गया। इसके अलावा, प्रत्येक रविवार को गुंडा परेड व चौकीदारी परेड, थाना परिसर में डायरी राइटिंग कैंप और स्पीडी ट्रायल के लिए मामलों का चयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। एसपी ने पुलिस कर्मियों को आमजनों के साथ शालीन व संवेदनशील व्यवहार रखने, सक्रिय अपराधियों पर निगरानी, अवैध हथियार व मादक पदार्थ तस्करी पर सख्त नियंत्रण तथा महिला हेल्प डेस्क के प्रभावी संचालन पर भी जोर दिया। रामनवमी के मद्देनजर संवेदनशील क्षेत्रों में अधिकतम बाउंड-डाउन और असामाजिक तत्वों के खिलाफ बीएनएसएस की धारा-126 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।



मासिक अपराध गोष्ठी को सम्बोधित करते पुलिस अधीक्षक व मंचासीन अन्य अधिकारी ।

## अखिल भारतीय साहित्य परिषद बिहार की सीतामढ़ी इकाई की बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रविवार को प्रेस क्लब में अखिल भारतीय साहित्य परिषद बिहार की स्थानीय इकाई के तत्वावधान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बिहार दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष मुरलीधर झा 'मधुकर' व संचालन वरीय साहित्यकार बच्चा प्रसाद विह्वल ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि साहित्यकार रामपुकार सिंह मौजूद रहे। इस अवसर पर सर्व प्रथम संगठन द्वारा प्रस्तावित आगामी कार्यक्रमों की योजना पर विचार - विमर्श किया गया। मौके पर मौजूद साहित्यकारों ने कहा कि बिहार सांस्कृतिक, राजनीतिक, साहित्यिक, अध्यात्म, शिक्षा, कला व लोक संस्कृति का केंद्र रहा हैं। बिहार से झारखंड प्रान्त का अलग गठन के बाद आई कुछ मुश्किलें समय के साथ ठीक होता गया। आज बिहार सर्वांगीण विकास के पथ पर अग्रसर हैं। कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति की बदौलत ही बिहार विकास का नया अध्याय गढ़ रहा हैं। अभी भी जमीनी स्तर पर बहुत कुछ किए जाने की जरूरत हैं। उम्मीद हैं आगामी समय में बिहार देश के किसी अन्य प्रान्त से विकास के मामले में आगे रहेगा। बिहार की प्रतिभाओं ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक सफलता का परचम लहराकर राज्य को गौरवान्वित किया हैं। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में कवि गोष्ठी का आगाज कवि राजेन्द्र सहनी ने अपनी रचना " मेरे भारत के हीरक हार, शत - शत नमन तुम्हें बिहार ... " से की। वरीय साहित्यकार सह संगठन के जिलाध्यक्ष मुरलीधर झा मधुकर ने " विश्वगुरू कहलाए थे हम नालंदा पहचान हैं, लोकतंत्र की नींव पड़ी थी वैशाली की शान हैं ..." प्रस्तुत कर कार्यक्रम को गति दी। जिला संगठन मंत्री वाल्मीकि कुमार ' प्रखर ' ने " हम बिहार की गौरव गाथा मिलकर आज सुनाएंगे, हँसी - खुशी माहौल में सारे उत्सव - जश्न मनाएंगे ..." प्रस्तुत कर कार्यक्रम में उत्साह का प्रवाह किया। वहीं संगठन के संरक्षक बच्चा प्रसाद विह्वल ने " गाँव - गाँव हर शहर - नगर, हृदय में हो क्रान्ति की लहर ... " और कवि रामपुकार सिंह ने " वसंत की मदमाती बयार, बिन पंख मन उड़े आकाश ..." प्रस्तुत कर भरपूर तालिया बटोरी। बज्जिका कवि राम किशोर सिंह चकवा ने " न जलाऊ दोसर के घर, अहूँ के घर बगले में हैं ..." प्रस्तुत कर सामाजिक सद्भाव का पैगाम दिया।



परिषद की बैठक करते संगठन के पदाधिकारी ।

## म वि दोस्तपुर खैरवी उतरी में धूमधाम से मनाया गया बिहार दिवस

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले के बथनाहा प्रखंड के म वि दोस्तपुर खैरवी उतरी में धूमधाम से बिहार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक बिनोद बिहारी मंडल ने छात्रों को बिहार के स्थापना का इतिहास, बिहार में जन्म लिए विभिन्न महापुरुषों के योगदान पर चर्चा हुई। छात्रों ने बिहार गीत गाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर लंबी कूद, ऊंची कूद, पेंटिंग, निबंध इत्यादि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर नरेंद्र नाथ ठाकुर, मनोज कुमार, सरस्वती, प्रियंका कुमारी, रूचि कुमारी, हिमाद्रि सुमन, रश्मि प्रिया, इंदु कुमारी, धर्मशिला कुमारी, स्वर्णलता कुमारी, मधु कुमारी, लखन पासवान, हर्षित कुमार, कल्पना कुमारी, शुभम कुमार सहित सैकड़ो अविभावक एवं छात्र उपस्थित थे।



बिहार दिवस पर विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक, छात्र छात्राएं व अन्य।

## संक्षिप्त खबरें

### केसरिया महोत्सव : बिहार गौरव गान की दर्शकों ने खूब सराहना की

**केसरिया (एनएसबी)।** तीन दिवसीय केसरिया महोत्सव के उद्घाटन सत्र के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति दर्शको को भाव विभोर कर दिया । नालंदा संगीत कला विकास संस्थान के कलाकारों ने मंच संभालते हुए बिहार गौरव गान ह्लमहका-महका सौंधी माटी का बिहार हैह्व की शानदार प्रस्तुति दी। इस गीत के माध्यम से बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और लोक जीवन की सुंदर झलक दर्शकों के सामने प्रस्तुत की गई। कलाकारों ने छठ पर्व सहित बिहार की विभिन्न लोक संस्कृतियों पर आधारित मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं।कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए रामलाल सोनालाल प्रोजेक्ट विद्यालय, हरसिद्धि के बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बच्चों ने बिहार की लोक संस्कृति को जीवंत करते हुए रंगारंग नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। उनकी प्रस्तुति में उत्साह, ऊर्जा और सांस्कृतिक जुड़ाव साफ झलक रहा था।पूरे कार्यक्रम के दौरान दर्शकों में खासा उत्साह देखा गया। इन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने महोत्सव के उद्घाटन सत्र को यादगार बना दिया और क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाई प्रदान की।

### गुरहा में शतचंडी महायज्ञ के दौरान रामलीला का शुभारंभ

#### नारद मोह प्रसंग ने श्रद्धालुओं को किया भावविभोर

**मोतिहारी (एनएसबी)।** प्रखंड के गंडक तटवर्ती गांव गुरहा स्थित तेतर दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ के अंतर्गत रामलीला का भव्य शुभारंभ किया गया। उद्घाटन पिपरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ऐश्वर्य मिश्रा, यज्ञ समिति अध्यक्ष रामनिवास पांडे, प्रधान यजमान चन्द्रभूषण पाठक एवं सरपंच धनंजय चौबे ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया।
इस अवसर पर ऐश्वर्य मिश्रा ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है और सुख-समृद्धि आती है। उन्होंने बताया कि यह यज्ञ विश्व शांति के उद्देश्य से कराया जा रहा है, जिसमें 11 पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पाठ किया जा रहा है।रामलीला मंचन के दौरान ह्लनारद मोहह्व प्रसंग का जीवंत प्रदर्शन किया गया, जिसमें नारद के अहंकार और भगवान द्वारा मोहिनी रूप धारण कर उसके नाश की कथा प्रस्तुत की गई। इस भावपूर्ण प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया और पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। 19 मार्च से 27 मार्च तक चलने वाले इस महायज्ञ को सफल बनाने में यज्ञाचार्य पंडित मदन शास्त्री अपने सहयोगी आचार्यों के साथ सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। कार्यक्रम में सहायक यजमान परमा भगत, संजय पांडे, के.पी. चौरसिया सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन समिति के पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु कार्यक्रम में भाग लेकर यज्ञ का आनंद ले रहे हैं। पूरे आयोजन को सफल बनाने में पिपरा पंचायत के ग्रामीण पूरी निष्ठा और सहयोग के साथ लगे हुए हैं, जिससे क्षेत्र में धार्मिक और सामाजिक उत्साह का माहौल बना हुआ है।

### विधायक भागवत कथा मंच का फीता काट कर किया उद्घाटन

**फेनहारा (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के देवकुलीय चौक मनोकामना दुर्गा मंदिर में चैत दुर्गा पूजा मूर्ति स्थापित कर पूजा किया जा रहा है जिसमें स्थानीय विधायक राणा रणधीर सिंह पूजा मंडप पहुंच माता से आशीर्वाद लिया और भागवत कथा मंच का फीता काटकर उद्घाटन किया कथावाचक केशव चंद्र शास्त्री जो काशी विश्वनाथ से पधारे हैं जो चैत्र शुक्ल पक्ष नवमी के दिन तक भागवत कथा चलेगा मौके पर विधायक प्रतिनिधि रविन्द्र तिवारी , आलोक कुमार,युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार विद्वान, चंद्रकिशोर कुमार केशरी, पूजा अध्यक्ष आनंद कुमार पूजा कमिटी सदस्य भारत भूषण,अमित कुमार, चंदन सिंह, रानू रंजन, संजीत कुमार हेमंत श्रीवास्तव संतोष साहू, रामबाबू शर्मा, बीटू लाल, अशोक साह,जितेंद्र ठाकुर सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### चोरी के दो बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**कल्याणपुर (एनएसबी)।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर वासदेव छपरा निवासी अवनिश सिंह उर्फ कुमार विश्वजीत सिंह के घर से दो चोरी के मोटरसाइकिल बरामद किया। जिससे पुलिस ने गिरफ्तार किया। अवनिश पर कल्याणपुर में दो लूट का मामला, एक कार चोरी, हत्या का प्रयास व आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है। थानाध्यक्ष विनित कुमार ने बताया कि अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जायेगा।

### वासंती नवरात्रि के चैथे दिन गायत्री शक्तिपीठ में माता श्री कुष्मांडा स्वरूप व मां गायत्री का पूजन

**सहरसा (एनएसबी)।** गायत्री शक्तिपीठ में नवरात्र के चतुर्थ दिवस पर आदि शक्ति मां कुष्मांडा का विधि-विधान पूर्वक पूजन हुआ। पूजन मनीषा, अंजलि ने करवाई पूजन के क्रम में डाक्टर अरुण कुमार जायसवाल ने कहा-माता कुष्मांडा के पूजन से समस्त विघ्नो का नाश होता है, निर्णय क्षमता का विकास होता है। ईर्ष्या से उदारता की ओर तथा लोभ से संतोष की ओर उर्जा का गमन होता है।लोभ ,और मोह का नाश होता है।दिव्य तेज की प्राप्ति होती है।परम तेज की प्राप्ति होती है।परम तेज को धारण करने की क्षमता होती है।पूजन का कर्मकांड शक्तिपीठ की देव कान्या ने करवाई।कर्मकांड के मुख्य यजमान आनंद चेतन सपत्नी थे।इस अवसर पर विभिन्न संस्कार हुए यथा-पूंसवन संस्कार,विद्यारम्भ संस्कार, गायत्री मंत्र की दीक्षा संस्कार एवं अन्नप्राशन संस्कार हुए। संस्कार परंपरा के महत्व को बताते हुए डाक्टर अरुण कुमार ने कहा-इस प्रकार के संस्कार से व्यक्तित्व विकास की प्रक्रिया संपन्न होती है। इससे पूर्व संध्याकालीन सत्र में भजन, कीर्तन, युग संगीत के साथ-साथ मयार्दापुरुषोत्तम श्रीराम कथा के प्रसंग में माता सीता के स्वाभिमान, त्याग और कर्तव्य दुर्लभ प्रसंग की चर्चा हुई। इस अवसर पर भूतपूर्व रॉव पदाधिकारी राकेश कुमार, ललन कुमार सिंह, हरेकृष्ण साह, नवलसिंह, दिनेश कुमार दिनकर, स्नेह लता तिवारी, सुनीता चैधरी के साथ-साथ शक्तिपीठ के युवा मंडल, महिला मंडल के साथ साथ सभी परिजन उपस्थित थे।

### 10 अप्रैल से शुरू हो रहे श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की तैयारी मे जोर-शोर से जुटे है कार्यकर्ता

**सहरसा (एनएसबी)।** सनातन श्री नारायण सेवा संस्थान के तत्वाधान में सहरसा के पूरब बाजार स्थित गर्ल हाई स्कूल मैदान नलकूप में आगामी 10 अप्रैल से शुरू हो रहे श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के भव्य दिव्य आयोजन के सफलता की तैयारी में कार्यकर्ता जोर-शोर से जुटे हैं। आयोजन समिति के सदस्य सागर कुमार नन्हें ने कहा श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आगामी 10 अप्रैल शुक्रवार को सुबह भव्य कलश शोभायात्रा के साथ प्रारंभ होगा।इस आयोजन का उद्देश्य है क्षेत्र में अध्यात्म और भक्ति का प्रसार करना,सामाजिक सौहार्द बनाना है। नन्हें ने कहा कलश में 33 कोटि देवी देवताओं का वास माना जाता है।महिलाएं और लड़कियों को कलश सिर पर धारण करने से संपूर्ण परिवार के जीवन के क्लेश और पाप नष्ट होते है,सुख-शांति धन,वैभव प्राप्त होता। घर मे समृधि, प्रेम और एकता लाती है। कलश यात्रा से धार्मिक वातावरण बनता है और क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इसलिए यज्ञ का श्रीगणेश कलश यात्रा से किया जाता है। वहीं यज्ञ में श्रीधाम वृंदावन से अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचिका पूज्य डॉ. शिवानी कृष्ण शुक्ला जी का आगमन हो रहा है जिनके मुखारविंद से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का रसपान सभी श्रद्धालु करेंगे। सागर कुमार नन्हें ने कहा कलश यात्रा मे कलश धारण करने वाले महिलाएं,लड़कियों को रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। रजिस्ट्रेशन 25 मार्च से शुरू होगा। नन्हें ने कहा कलश यात्रा का प्रभारी विद्या सिंह राठौर को बनाया गया है, जिनसे सम्पर्क कर रजिस्ट्रेशन करवा सकते है।यह यज्ञ 10 अप्रैल से शुरू होगा एवं यज्ञ का समापन 17 अप्रैल को प्रतिमा विषर्जन के साथ होता। मौके पर प्रशांत सिंह राजू,गोलू सिंह, इसान सिंह, विनीत सिंह, रौनक सिंह, रवि सिंह, रिशु सिंह, मोनू महाकाल, बिटू गुप्ता, बंटी झा, विनय मिश्रा, गोबिंद पासवान, बुल्लू झा, रामप्रवेश साह महादेव, इसान कुमार, गौरव सिंह, अभिजीत सिंह रघुवंशी, मनीष चैपाल आदि कार्यकत्रा मौजूद थे।

# बिहार दिवस पर मोतिहारी में भव्य आयोजन

## डीएम सौरभ जोरवाल ने विकास और सांस्कृतिक विरासत पर दिया जोर, कई जगह रंगारंग कार्यक्रम

**मोतिहारी (एनएसबी)।** बिहार दिवस के अवसर पर पूर्वी चंपारण जिले में विविध कार्यक्रमों के साथ उत्साहपूर्वक समारोह की शुरूआत हुई। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने जिलेवासियों को शुभकामनाएं देते हुए बिहार के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध संस्कृति और निरंतर विकास यात्रा को याद किया।उन्होंने कहा कि 22 मार्च 1912 को बिहार का गठन एक अलग राज्य के रूप में हुआ था, जो आज भी ज्ञान, विद्या और आध्यात्मिक चेतना की भूमि के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए है।

मगध की ऐतिहासिक विरासत से लेकर आधुनिक विकास तक बिहार निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 8 बजे स्कूली छात्र-छात्राओं की भव्य प्रभात फेरी से हुई, जिसमें हजारों विद्यार्थियों, शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने भाग लिया। इसके बाद समाहरणालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। परीक्षा गृह और राजेंद्र भवन में रंगोली, मेहंदी, वाद-विवाद, पेंटिंग और भाषण प्रतियोगिताओं का



समारोह में उपस्थित अधिकारी व प्रतिभागी।

आयोजन किया गया।जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मैथिली, मगही और भोजपुरी लोकगीतों एवं लोकनृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

विकसित बिहार, विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। साथ ही ह्लजल-जीवन-हरियालीह्व अभियान को भी सशक्त किया जा रहा है' उन्होंने कृषि उत्पादन में वृद्धि, डिजिटल और भौतिक बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण को भी जिले की प्रमुख उपलब्धियों में गिनाया। अंत में जिलाधिकारी ने नागरिकों से तीन दिवसीय समारोह में सक्रिय भागीदारी की अपील करते हुए स्वच्छ, शिक्षित और समृद्ध बिहार के निर्माण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

इस अवसर पर जिला प्रशासन के कई वरीय अधिकारी, शिक्षा विभाग के पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## बिहार दिवस पर पूर्वी चंपारण जिले में रैलियां प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम




**मोतिहारी(एनएसबी)।** बिहार दिवस के अवसर पर पूर्वी चंपारण जिले में विभिन्न स्थानों पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में स्कूली बच्चों, अधिकारियों और आमजन की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली।

जिला मुख्यालय मोतिहारी में स्कूली बच्चों की एक विशाल प्रभात रैली निकाली गई, जिसे जिलाधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी, वरीय उपसमाहर्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। इसके साथ ही समाहरणालय परिसर में डीआरडीए के सहयोग से जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।रक्सौल अनुमंडल में बिहार दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के बीच क्विज, निबंध, पेंटिंग, रंगोली एवं बैडमिंटन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया' सिकरहना अनुमंडल में तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ ढाका हाई स्कूल परिसर में किया गया। इस अवसर पर 13 विभागों के स्टॉल लगाए गए तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम, वाद-विवाद, चित्रकला, क्विज और रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। ढाका, चिरैया, बनकटवा और घोड़ासहन के विभिन्न विद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

वहीं अरेराज अनुमंडल में विश्व जल दिवस के साथ संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और जल संरक्षण व पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए वृक्षारोपण किया गया।पूरे जिले में आयोजित इन कार्यक्रमों ने बिहार दिवस को उत्साह, जागरूकता और सांस्कृतिक एकता के साथ मनाने का संदेश दिया।

## पीपराकोठी में पंचायत परिसीमन व योजनाओं की अनियमितता पर मुखिया संघ का आक्रोश

**पीपराकोठी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के कुंअरपुर स्थित एक होटल में जिला मुखिया संघ की बैठक जिला अध्यक्ष शशिभूषण सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष मिथलेश कुमार राय एवं प्रदेश सचिव राजू बैठा शामिल हुए। इस दौरान जिले भर से आए मुखियाओं ने पंचायतों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष मिथलेश कुमार राय ने कहा कि पिछले 36 वर्षों से पंचायतों का परिसीमन नहीं कराया गया है, जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने सरकार से शीघ्र परिसीमन कराने की मांग की।

साथ ही जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा के लिए आर्म्स लाइसेंस देने हेतु विशेष कैंप आयोजित करने की आवश्यकता बताई। प्रदेश सचिव राजू बैठा ने अपने संबोधन में कहा कि पंचायत प्रतिनिधि जमीनी स्तर पर सरकार की योजनाओं को लागू करते हैं, लेकिन उन्हें पर्याप्त अधिकार और सुविधा नहीं मिल पा रही है। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता लाने पर जोर देते हुए अधिकारियों के अनावश्यक हस्तक्षेप पर नाराजगी जताई। बैठक में बीपीआरओ पर कमीशन के लिए एजेंसियों से कम गुणवत्ता वाले सोलर स्ट्रीट लाइट लगवाने का आरोप लगाया गया।

वहीं नल-जल योजना के संचालन में पीएचडी विभाग की लापरवाही पर भी चिंता व्यक्त की गई। वक्ताओं ने कहा कि योजना के सही संचालन नहीं होने से जनता की शिकायतें मुखियाओं तक पहुंच रही हैं। मुखिया संघ ने सरकार से पंचायत परिसीमन कराने, आर्म्स लाइसेंस के लिए कैंप लगाने, योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, सोलर लाइट की गुणवत्ता की जांच कराने तथा नल-जल योजना को सुचारू रूप से संचालित करने की मांग की।अंत में चेतावनी दी गई कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा। बैठक में मुखिया राकेश पाठक, गोपाल राय, मुन्ना कुमार शाही, आदिल राणा, किशोरी सहनी सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## बिहार दिवस के पहले दिन आर्ट ऑफ लिविंग के स्टॉल पर उमड़ी भारी भीड़

**पटना (एनएसबी)।** मुख्य उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आर्ट ऑफ लिविंग के स्टॉल का औपचारिक उद्घाटन किया। मानवता के हित में आर्ट ऑफ लिविंग के प्रयासों की सराहना की।

कृषि मंत्री श्री राम कृपाल यादव जी ने आर्ट ऑफ के स्टॉल पर उपस्थित लोगों से की वार्ता। लोगों को योग-ध्यान के कार्यक्रमों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। तनाव मुक्त जीवन के लिए आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की प्रशंसा की। कृषि मंत्री जी ने विशेष तौर पर उल्लेख किया कि इस पूरे कार्यक्रम स्थल पर आर्ट ऑफ लिविंग वह स्टॉल है जहाँ लोगों को कुछ बेचा नहीं बल्कि तनाव मुक्त जीवन का ज्ञान बाँटा जा रहा है, खुशहाल जीवन की कुंजी बताई जा रही है। आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक और वालंटियर दे रहे हैं लोगों को तनाव मुक्त जीवन जीने के कार्यक्रमों की जानकारी बच्चों के कोर्सेज को लेकर अभिभावकों में दिख रहा है भारी उत्साह किया।

बिहार दिवस के अवसर पर गांधी मैदान में जहां सभी विभागों तथा विविध सेवा क्षेत्र के स्टॉल लगाए गए हैं वहीं आर्ट ऑफ लिविंग ने भी अपना स्टॉल लगाया है। जिसके माध्यम से आर्ट ऑफ लिविंग के विभिन्न कोर्सेज की जानकारी दी जा रही है । वर्तमान समय में लोगों का जीवन तनाव से भरा हुआ है । बच्चे हो या बड़े सभी तरह-तरह की तनाव की समस्या से जूझ रहे हैं । इसके निदान के कार्यक्रमों की जानकारी आम लोगों तक पहुँचाने के उद्देश्य से ही इस स्टॉल को लगाया गया है। अगले मंगलवार तक प्रति दिन 10 बजे सुबह से लेकर 9 बजे रात तक लोग आर्ट ऑफ लिविंग के विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी 'ए' ब्लॉक के स्टॉल नंबर 5 - 6 पर प्राप्त कर सकते हैं। आने वाले दिनों में स्टॉल पर और भी कई विविध अध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।

## मोतिहारी फायरिंग कांड का खुलासा : सात लाख के विवाद में हत्या की साजिश, ठेकेदार सहित दो गिरफ्तार

**मोतिहारी (एनएसबी)।** हरसिद्धि थाना क्षेत्र के उज्जैन लोहियार गांव में हार्डवेयर व्यवसायी कामता मिश्र के घर पर हुई अंधाधुंध फायरिंग मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। विशेष जांच टीम ने शहर के हवाई अड्डा मोहल्ला निवासी ठेकेदार सुरेन्द्र सिंह और कुख्यात अपराधी बबलू दूबे के भाई डब्लू दूबे को दबोच लिया है। डब्लू दूबे कल्याणपुर थाना क्षेत्र के सिसवा खरार गांव का रहने वाला बताया गया है।

बताया जाता है कि 19 मार्च की रात अपराधियों ने कामता मिश्र के घर पर ताबड़तोड़ फायरिंग की थी, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई थी। घटना के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्क्ष्ठ का गठन किया और तकनीकी साक्ष्यों व गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई शुरू की।जांच के दौरान



गिरफ्तार ठेकेदार सुरेन्द्र सिंह ने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया कि 7 लाख रुपये के लेन-देन को लेकर उसका कामता मिश्र से विवाद चल रहा था। इसी विवाद के कारण उसने व्यवसायी की हत्या की साजिश रची और डब्लू दूबे सहित अन्य अपराधियों के साथ मिलकर फायरिंग की घटना को अंजाम दिलवाया। अरेराज डीएसपी रवि कुमार ने बताया कि यह हमला सुनियोजित था और इसका उद्देश्य व्यवसायी की हत्या करना था। हालांकि, इस घटना में कामता मिश्र बाल-बाल बच गए। पुलिस अब इस मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है।घटना के खुलासे के बाद क्षेत्र में सनसनी का माहौल है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही इस कांड में शामिल सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा कार्यकर्ताओं को मिला वैचारिक व संगठनात्मक मार्गदर्शन

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ**

**राधा मोहन सिंह ने किया संबोधन**

**बूथ प्रबंधन से सोशल मीडिया तक– मोतिहारी में भाजपा कार्यकताओं को दिया गया व्यापक प्रशिक्षण**

**मोतिहारी (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी की देशव्यापी "पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026" के तहत मंडल प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन वाईएस वाटिका, मोतिहारी में प्रारम्भ हुआ। इस प्रशिक्षण वर्ग में दो मंडलों— मोतिहारी उत्तरी मंडल एवं पिपराकोठी मंडल के कार्यकताओं का प्रशिक्षण आरंभ हुआ' उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने कहा कि यह प्रशिक्षण महाअभियान कार्यकताओं के वैचारिक सशक्तिकरण,संगठनात्मक दक्षता और सेवा-भाव के विस्तार का सशक्त माध्यम है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक सुदृढ़ एवं सक्रिय बनाने की दिशा में यह अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता विनय कुमार वर्मा एवं संचालन उत्तरी मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार ने किया। द्वितीय सत्र में " वैचारिक अधिष्ठान " विषयक प्रशिक्षण सत्र की अध्यक्षता इंद्रदेव ठाकुर ने किया और वक्ता के रूप में विषय को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रमोद शंकर सिंह ने विस्तार पूर्वक रखा।

तृतीय सत्र में "भाजपा का इतिहास" विषयक सत्र की अध्यक्षता सम्पूर्णानन्द ने किया और वक्ता के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष प्रकाश अस्थाना ने अपनी


प्रशिक्षुओं को संबोधित करते राधामोहन सिंह।

बात रखी।

चतुर्थ सत्र " सोशल मीडिया" पर सोशल मीडिया संयोजक पंकज सिन्हा ने विषय पर अपनी बात रखी और अध्यक्षता मदन जायसवाल के की' पांचवें सत्र में बबलू पासवान ने "कार्य पद्धति" पर प्रकाश डाला जिसकी अध्यक्षता धीरज जायसवाल ने की।छठे सत्र में सुधांशु रंजन ने "संगठन विस्तार और सुदृढ़ीकरण" जिसकी अध्यक्षता योगेंद्र बैठा ने की' सातवें सत्र में जिलाध्यक्ष पवन राज ने "बूथ प्रबंधन, मन की बात और टिफिन बैठक" पर प्रकाश डाला जिसकी अध्यक्षता मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार ने की।प्रशिक्षण वर्ग में सभी कार्यकताओं को संगठन की मजबूती, कार्यशैली एवं विचारधारा के प्रति जागरूक किया गया' कार्यक्रम में विधायक प्रमोद कुमार, जिला उपाध्यक्ष सुधांशु रंजन एवं विनोद कुशवाहा, महामंत्री योगेंद्र प्रसाद, मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद, जिला कार्यालय मंत्री सियावर सिंह, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष बबलू पासवान , अति पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर, उत्तम मिश्रा, कामेश्वर चौरसिया, उपेंद्र चौधरी, गौरी शाह, राजकिशोर सिंह, रविन्द्र सहनी, इलाइची देवी, नीता सिन्हा, उषा गुप्ता, अनिल वर्मा, धर्मेंद्र स्वर्णकार, नितेश राज, मनोज रौनियार, लड्डू सिंह, धीरज जायसवाल, दिव्यांशु भारद्वाज के साथ-साथ जिला एवं प्रदेश के नेता तथा मंडल कार्य समिति सदस्य, शक्ति केंद्र प्रमुख एवं पंचायत अध्यक्ष के साथ अपेक्षित दायित्वधारी उपस्थित रहे। इस पूरे प्रशिक्षण अभियान का सफल संचालन विधान सभा संयोजक ओमप्रकाश सिंह एवं उत्तरी मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया।संध्या में अंतिम सत्र के समापन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें कार्यकताओं ने गायन प्रस्तुति का लाभ उठाया'

## संक्षिप्त खबरें

### सांसद दिनेश चन्द्र यादव ने सीएम को पत्र लिखकर सहरसा-मधेपुरा में तूफान से हुए फसल बर्बाद का किसानों को मिले मुआवजा



**सहरसा नगर (एनएसबी)।** बिहार के सहरसा एवं मधेपुरा जिले में 20 मार्च 2026 की संध्या में आए भयंकर तूफान और तेज बारिश ने किसानों की गेहूं व मक्का की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। मधेपुरा लोकसभा सांसद दिनेश चन्द्र यादव ने 22 मार्च 26 को बिहार के माननीय मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर प्रभावित किसानों के लिए तत्काल फसल क्षति आकलन कर मुआवजा दिलाने की मांग की है। पत्र में सांसद ने बताया कि तूफान से खेतों में लगी फसलें पूर्ण रूप से बर्बाद हो गई हैं। गेहूं व मक्का के पौधे टूटकर जमीन पर बिखर गए हैं। जिससे किसानों के समक्ष गंभीर आर्थिक संकट और खाद्यान्न की कमी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। उन्होंने कहा कि इस आपदा से प्रभावित किसानों को भविष्य में आर्थिक तंगी के साथ भोजन की समस्या भी झेलनी पड़ेगी। सांसद ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि जिला प्रशासन के माध्यम से फसल क्षति का शीघ्र आकलन कराकर उचित क्षतिपूर्ति उपलब्ध कराई जाए। ताकि किसान अपनी क्षति की भरपाई कर सकें।

### गणगौर त्योहार पर सुहागिन अखंड सौभाग्य और कुंवारी कन्याएं मनचाहे वर के लिए मिट्टी की मूर्तियां बनाकर गणगौर पूजा: नम्रता यादुका

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** राजस्थान की संस्कृति व परंपरा के परिचायक महापर्व गणगौर पर आप सभी को अनंत शुभकामनाएं।गणगौर राजस्थान में मनाया जाने वाला एक प्रमुख लोक पर्व है।जो होली के दिन से शुरू होकर चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया को शिव गण और पार्वती गौरी की पूजा के साथ संपन्न होता है।सुहागिनें अखंड सौभाग्य और कुंवारी कन्याएं मनचाहे वर के लिए 16 दिनों तक मिट्टी की मूर्तियां बनाकर व्रत व पूजन करती है।यह पर्व वसंत फसल और वैवाहिक निष्ठा का प्रतिक है।यह पर्व पूरे राजस्थान के साथ-साथ जहां मारवाडी समाज के लोग रहते है हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं।नवविवाहिता कन्या जब संवत जलती है उसका पांच फेरी लगाती है ओर दूसरे दिन उसकी राख से आठ पिण्डिया ओर गोबर की आठ पिण्डिया बनाकर पूजती है।आठ दिन पूजन करने के बाद बसिया पर्व के दिन शीतला माता का पूजन करने के बाद कुम्हार से मिट्टी लाकर पाँच मूर्तियां ईशर, गौरां, मालन, कानिराम, रोवां की बनाती है। अंतिम दिन नवविवाहिता ओर कन्याएं सोलह कुंआ का पानी लाकर गीत गाते हुए गणगौर को पिलाती हैं ,ओर संध्या 4:00 बजे के बाद सुर्यास्त के समय नदी या तालाब में अबीर गुलाल लगाकर गीत गाते हुए मूर्तियों को विसर्जित करके अपने अपने लौट जाती है।गणगौर पूजने वाली में सुजाता तुलस्यान,साक्षी अग्रवाल, गीता गोयल, अंजली यादुका, नम्रता यादुका, संगीता यादुका, प्रिती तुलस्यान, रेखा तुलस्यान, निधी तुलस्यान, नीलम तुलस्यान, अरूणा सलामपूरिया, रेशू तुलस्यान, तुलस्यान, बेबी, ममता तुलस्यान मुक्ता शर्मा सहित अन्य उपस्थित थी।



### फसल क्षति का मुआवजा देने की मांग, अमरेन्द्र यादव ने कृषि मंत्री को भेजा आवेदन



**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** बिहार प्रदेश लोजपा के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष सह युवा नेता अमरेन्द्र कुमार यादव ने राज्य के कृषि मंत्री को आवेदन भेजकर किसानों को फसल क्षति का मुआवजा देने की मांग की है। अपने आवेदन में उन्होंने कहा कि 20 मार्च की संध्या आई तेज बारिश और आंधी-तूफान ने बिहार के कई जिलों में भारी तबाही मचाई है। खासकर सहरसा जिले के बनमा ईटहरी, सलखुआ, सिमरी बख्तियारपुर सहित अन्य प्रखंडों में किसानों की मक्का और गेहूं की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। उन्होंने बताया कि अचानक आए इस प्राकृतिक आपदा के कारण किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है, जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। ऐसे में सरकार को अविलंब फसल क्षति का आकलन कर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा उपलब्ध कराना चाहिए। अमरेन्द्र यादव ने मांग की है कि सरकार शीघ्र सर्वे कराकर किसानों को राहत पहुंचाए, ताकि वे इस संकट की घड़ी से उबर सकें और आर्थिक तंगी से राहत मिल सके।

### मौजीलाल उच्च विद्यालय काशनगर में आठ दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट का अतिथियों ने किया उद्घाटन



**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत काशनगर पंचायत के मौजीलाल भगत उच्च विद्यालय काशनगर के मैदान में रविवार से काशनगर प्रीमियम लीग क्लब द्वारा आठ दिवसीय प्रखंड स्तरीय सॉफ्ट बॉल क्रिकेट टूनार्मेंट प्रारंभ किया गया। आयोजित टुनार्मेंट का विधिवत भव्य उद्घाटन पूर्व मुखिया कृष्णदेव भगत, मो फरीद, जदयू युवा के प्रखंड अध्यक्ष धीरज कुमार पंकज रमण यादव, सरपंच प्रकाश मेहता, मुखिया प्रवेन्द्र सिंह कुमकुम, समैत अन्य अतिथियों द्वारा द्वारा फीता काटकर किया गया।उद्घाटन मैच बैलदौड व आलमनगर के बीच खेला गया।जिसमें बैलदौड कि टीम ने 20 रन से अपनी जीत हासिल किया। मौके पर अतिथियों ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि क्रिकेट अनिशचितताओं का खेल है।खेल को खेल कि भावना से खेलना चाहिए।क्योंकि हार ही जीत का मार्ग प्रशस्त करता है। टूनार्मेंट में निर्णायक के रूप में मो आजाद व सुनिल आर्मी जबकि उद्घोषक नीरज त्यागी है। टूनार्मेंट के अध्यक्ष धीरज कुमार पंकज ने बताया की आठ दिवसीय प्रखंड स्तरीय क्रिकेट टूनार्मेंट में कुल 16 टीम भाग लिया है। जिसका सेमीफाइनल मुकाबला 28ह्न29 व फाईनल 30 मार्च को खेला जाएगा।मौके पर जीतेंद्र यादव, रतेन्द्र कुमार,राजनीतिक साह, आजाद किशोर बबलू टूनार्मेंट के आयोजक मो जमशेद आलम,सचिव आनंद किशोर पासवान, उपाध्यक्ष कुशेश्वर चैधरी सहित सैकड़ों दर्शक मौजूद थे।

### पुलिस के गाड़ी को क्षतिग्रस्त करने के मामले में 31 नामजद 200 अज्ञात पर मामला दर्ज



**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** काशनगर थाना क्षेत्र के शिवपूर में शनिवार को अफवाह फैलाने के बाद पुलिस पर किए गए पथराव व दो वाहनों को क्षतिग्रस्त करने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 31 व्यक्ति को नामजद करते हुए सौ से दो सौ अज्ञात महिला पुरूषों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया गया है। इस दौरान रविवार को काशनगर पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी में अमन कुमार को बाल सुधार तथा सागर कुमार को न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया है। लेकिन इसबीच पूरे शिवपूर में दहशत का माहौल व्याप्त है।शिवपूर की महिलाओं ने बताया की काशनगर थाना पुलिस की एकतरफा कारवाई से वो आक्रोशित थे।साथ ही पिडित परिवार सदर अस्पताल में था बावजूद आरोपी परिवार द्वारा उसके घर को जबरन दिवार से घेरा जा रहा था। बताते के पूर्व जमिनी विवाद को लेकर शिवपुर गाँव निवासी संजय पौद्दार एवं उसके दो पुत्रों को शिक्षक दानी उर्फ. कमलेश पोद्दार द्वारा मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया था।घटना के दिन पूरा परिवार सदर अस्पताल सहरसा में था।उधर आरोपी परिवार द्वारा उसके घर को दीवार देकर घेरा जा रहा था। इसबीच अफवाह फैल गया कि बच्चे की मौत हो गई। इसी अफवाह से ग्रामीण आक्रोशित होकर उसका दीवार तोडने लगी। इसी दौरान सुचना पर पहुंची पुलिस पहुंच गई और आक्रोशित ग्रामीणों का पूलिस से ही भिड़त हो गई।

# बिहार दिवस पर पौधारोपण, प्रभात फेरी व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

## पर्यावरण प्रदूषण एक ज्वलंत समस्या निवारण में पौधारोपण की महती भूमिका: डीएम दीपेश कुमार




प्रभात फकरी में शामिल छात्र-छात्राए व अन्य



वृक्षारोपन करते डीएम।

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** बिहार दिवस के शुभ अवसर पर जिलाधिकारी सहित अन्य वरीय, जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। वही जिला शिक्षा कार्यालय के तत्वाधान में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। बिहार दिवस के शुभ अवसर पर समाहरणालय परिसर में जिलाधिकारी दीपेश कुमार,उप विकास आयुक्त गौरव कुमार,अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन संजीव कुमार चैधरी,अपर समाहर्ता वि०जांच० गणेश कुमार,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी,जिला योजना पदाधिकारी ,जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी ,जिला शिक्षा पदाधिकारी,वरीय उप समाहर्ता सह विशेष कार्य पदाधिकारी,जिला कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।उक्त अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा की वर्तमान परिपेक्ष्य में पर्यावरण प्रदुषण एक ज्वलंत समस्या है,जिसके निवारण में पौधारोपण की महती भूमिका है।अतः जनहित में यह आवश्यक है कि सभी पौधारोपण अभियान में उत्साहपूर्वक भाग ले।इससे पूर्व बिहार दिवस के अवसर पर विभिन्न सरकारी विद्यालयों से संबंधित छात्र,छात्राओं,शिक्षकों के नेतृत्व में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया।बिहार महोत्सव के अवसर पर आज प्रेक्षा गृह में अपराह्नः5 बजे से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान प्रख्यात गजल गायक श्री चंदन दास एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा गायन की प्रस्तुति की जाएगी,उक्त अवसर पर प्रेक्षा गृह में संस्थापित स्टॉल के माध्यम से विभिन्न विभागों के सौजन्य से योजनाओं का प्रचार प्रसार कार्यक्रम किया जाएगा।बिहार दिवस के उपलक्ष्य में समाहरणालय सहित सभी जिला स्तरीय कार्यालयों को नीली रोशनी से सुसज्जित किया गया है।सायं छह बजे से समाहरणालय सहित अन्य कार्यालयों में बिहार दिवस आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## महिषी उत्तरी मंडल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान मंडल कार्यशाला आयोजित

**सहरसा (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी, महिषी उत्तरी मंडल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत रविवार को मंडल कार्यशाला का आयोजित किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष किशोर साह ने किया। इस कार्यक्रम में महिषी मंडल स्तर के सभी सम्मानित पदाधिकारी, कार्यकत्र्ता एवं नवप्रवेशी कार्यकत्र्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य को समझाते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा ने कहा कि कार्यकताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यप्रणाली तथा आधुनिक समय की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित करने का काम भाजपा समय-समय पर करती रहती है। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। तत्पश्चात विभिन्न सत्रों के माध्यम से कार्यकत्र्ताओं को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि विचारधारा सत्र में एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के सिद्धांतों पर प्रकाश डालाते हुए कहा कि संगठनात्मक सत्र में बूथ से लेकर नगर स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने के साथ सरकारी योजनाओं के सत्र में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।संचालन कर रहे जिला मंत्री पंकज पाठक ने बूथ सशक्तिकरण सत्र के माध्यम से ह्लमेरा बूथ सबसे मजबूतह्व अभियान को और प्रभावी बनाने पर चर्चा किया।जिला के पूर्व महामंत्री श्रीकृष्ण झा ने सोशल मीडिया एवं आईटी सत्र में डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से पार्टी की बातों को जन-जन तक पहुँचाने के तरीके बताया।जिला के कोषाध्यक्ष विजय गुप्ता ने बूथ प्रबंधन सत्र में मेरा बूथ सबसे मजबूत रणनीति एवं कार्ययोजना पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी वक्ताओं ने कार्यकताओं को संगठन के प्रति समर्पण, अनुशासन एवं सक्रियता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से कार्यकताओं में नई ऊर्जा, उत्साह एवं संगठन के प्रति और अधिक निष्ठा देखने को मिली। सभी कार्यकताओं ने संकल्प लिया कि वे पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी झा, पूर्व अध्यक्ष घुरन ठाकुर, महामंत्री गौरीशंकर पासवान, राजेंद्र राय,विजय राम,भरत चैधरी, अशोक साह,अशोक राय,दिलीप सिंह,चन्द कुमार यादव,युवा अध्यक्ष सुरज कुमार,महिला मोर्चा अध्यक्ष गुंजन देवी,रेखा देवी,नरेश मोहन चैधरी,शुत्रघ्न मिस्त्री,कविता देवी,छत्री यादव,छोटे लाल साह,जीवक्ष शर्मा,नारायण पासवान,लालजी राय,ईश्वर लाल बिहारी, श्याम किशोर राय, अजीत सिंह,अरविंद यादव आदि ने भाग लिया।




कार्यशाला में जिलाध्यक्ष व कार्याकर्ता।

## सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक भागीदारी के लिए विश्वकर्मा शक्ति मोर्चा की बैठक आयोजित

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** शहर के न्यू कॉलनी स्थित महेंद्र शर्मा के आवास पर रविवार को विश्वकर्मा समाज के धनिकलाल ठठेरा की अध्यक्षता एवं लोजपा जिलाध्यक्ष के संचालन में चली बैठक में सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक भागीदारी को लेकर विश्वकर्मा शक्ति मोर्चा की पहली बैठक आयोजित हुई। बैठक में सबों ने एक स्वर से कहा कि अपने हक व अधिकार के लिए सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक भागीदारी आवश्यक है और इसके लिए विश्वकर्मा के पांचों संतानों की आपसी एकजुटता व संघर्ष के बिना असंभव है। बैठक को संबोधित करते हुए महेंद्र शर्मा ने कहा कि हम सबों की आबादी 5 प्रतिशत से अधिक होने बीके बाद भी राजनीतिक भागीदारी न केवल शून्य है बल्कि हमारे वोट का समय समय पर विभिन्न दलों द्वारा केवल उपयोग कर लिया जाता है। राजनीतिक हिस्सेदारी के लिए हम सबों को भी एकजुटता के साथ हिस्सेदारी कबूल करने वाले दलों के पक्ष में वोट कर अपनी ताकत दिखानी होगी। उन्होने कहा कि अपने हक व अधिकार के लिए विश्वकर्मा शक्ति मोर्चा शहर से गांव तक संगठन को मजबूत करेगी। विश्वकर्मा शक्ति मोर्चा 29 मार्च को अगली बैठक कर संगठन को मूर्त रूप देगी और अपने हक के लिए राजनीतिक लड़ाई शुरू करेगी। स्वर्णकार संघ के जिलाध्यक्ष शशि सोनी ने कहा कि हम कभी अलग नहीं रहे हैं। हम अलग किए जाते रहे हैं। अब विश्वकर्मा शक्ति मोर्चा के जरिए राजनीतिक संघर्ष किया जाएगा। बढ़ई समाज के अधिवक्ता लीलाधर शर्मा ने कहा कि हम पांचों विश्वकर्मा पुत्र एक हैं और हमारी एकजुटता की सफलता केवल कोसी ही नहीं बिहार में भी परिवर्तन लाएगी। भारतीय विश्वकर्मा महासंघ के जिलाध्यक्ष डा.रघुनंदन शर्मा ने कहा कि अलग-अलग संगठन चलाने से नहीं एक प्लेटफार्म पर आवाज बुलंद करने से हमे सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक भागीदारी मिल सकती है। लोहार महासंघ के जिलाध्यक्ष रामकुमार शर्मा ने कहा कि हम सभी पांचों जाति एक हैं, केवल राजनीतिक रूप से एक होना होगा। बढई महासभा के पिंटू शर्मा ने भी एकजुटता का नारा देते हुए कहा कि राजनीतिक हिस्सेदारी के लिए हम पांचों भाई को एक मंच पर आना होगा। कुम्हार समाज के पूर्व मुखिया कृष्णदेव पंडित ने कहा कि चट्टानी एकता के साथ विश्वकर्मा समाज के लिए खड़े हैं। बैठक में कमलदेव शर्मा, टुनटुन कुमार पंडित, श्रीकांत मिस्त्री, राजू कुमार शर्मा, संजय सोनी, नरेश मिस्त्री, मनोज कुमार शर्मा, आनंदी शर्मा, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि चंद्रदेव शर्मा, हरेराम कुमार शर्मा, टुनटुन शर्मा, पप्पू मिस्त्री, विजेंद्र शर्मा, डा. मिथलेश शर्मा, मनीष कुमार, बीरेंद्र शर्मा, देवप्रकाश भारती, मणिकांत शर्मा, बृजमोहन विश्वकर्मा, प्रदीप शर्मा, भरत मिस्त्री, सत्यनारायण मिस्त्री, पंकज मिस्त्री, रामनारायण मिस्त्री, राकेश कुमार, मुकेश मिस्त्री, सुधीर शर्मा, रंजीत शर्मा, रामबिलास शर्मा, संजीत कुमार राज, रतन शर्मा, आनंद विश्वकर्मा, पप्पी कुमार शर्मा, शिवनाथ कुमार, अनिल मिस्त्री, विपिन शर्मा, आदर्श कुमार एवं सौरभ कुमार आदि बैठक में मौजूद थे।



राजस्थान की संस्कृति व परंपरा।

## नगर निगम की अनदेखी से नारकीय हालात में जी रहे हैं, वार्ड 13 के निवासी



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** नगर निगम क्षेत्र का वार्ड संख्या 13 स्थानीय निवासियों के लिए लंबे समय से अभिशप्त बना हुआ है। इस वार्ड की अधिकांश सड़कें, जर्जर तो है ही वही घर से निकले नाली का गंदला पानी सालों भर कई मुख्य पथों पर जमा ही रहता है, जिसके निकासी का कोई माकूल प्रबंध नहीं किया जा रहा नगर आयुक्त और मेयर भी ऐसे पथों का परिभ्रमण कर स्थिति का जायजा ले चुके हैं लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। इस वार्ड के हरी निवास से आईडी सिंह चैक तक जाने वाले पथ में सालो भर जल जमाव रहता ही है, साथ ही डॉ अजय सिंह के गली सहित कई अन्य पथें भी सामान्य दिनों में भी जलापलावित रहती है, वही बारिश के दिनों में तो इस पूरे वार्ड का हाल बेहाल रहता है। इस वार्ड में एक तालाब भी है, जिसके सौंदर्यीकरण के कार्य इन दिनों किये जा रहे हैं तालाब का सौंदर्यीकरण किया जाना निश्चित तौर पर बेहतर कार्य है,किंतु इस तालाब के निकट ही सीवरेज प्लांट स्थापित कर अगर वार्ड को जल जमाव से मुक्त कर दिया जाता तो वार्ड वासी सहजता से गमनागमन कर सकते हैं, निगम के अधिकारियों को इस और सुधि लेने की जरूरत है, क्योंकि इस वार्ड के पथों का उपयोग इस वार्ड के वासी तो करते ही है, साथ ही साथ कई डॉक्टरों के क्लीनिक रहने के कारण दूर दराज के लोगों का भी इस पथ से आना-जाना होता रहता है और यहां के पथों पर जल जमाव से नगर निगम की छवि भी जबरदस्त तौर पर धूमिल हो रही है।

# विश्व जल दिवस पर 'विश्व शांति में जल की भूमिका' विषय पर वेबिनार का आयोजन

**जल, विश्व शांति स्थापित करने का एक साधन-नदी मित्र ओम प्रकाश भारती**



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** नदी मित्र इकाई, सहरसा द्वारा द्वारा विश्व जल दिवस के अवसर पर 22 मार्च को 'विश्व शांति में जल की भूमिका' विषय पर मत्स्यगंधा स्थित कला ग्राम में वेबिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में नदी मित्र ओम प्रकाश भारती ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा इस वर्ष विश्व जल दिवस का विषय है -ह्लशांति के लिए जलह्ल , जो बेहतर जल सुरक्षा, टिकाऊ कृषि उत्पादन और पर्यावरणीय अखंडता की आवश्यकता को दशार्ता है। इसका उद्देश्य समाज को मीठे पानी के महत्व के बारे में जागरूक करना रहा है। एक समय था जब कुओं, तालाबों, नालों, नदियों और अन्य स्रोतों में स्वच्छ जल उपलब्ध था, लेकिन अब स्थिति बिल्कुल अलग है। पानी की मात्रा और गुणवत्ता दोनों ही दृष्टि से उसकी उपलब्धता एक गंभीर समस्या है। जल संकट कई कारकों पर आधारित भौतिक या आर्थिक हो सकता है, जैसे कि तीव्र शहरीकरण, औद्योगीकरण, अस्थिर कृषि पद्धतियाँ, जलवायु परिवर्तन, अनियमित वर्षा पैटर्न, जल का अत्यधिक उपयोग और अक्षम जल प्रबंधन, प्रदूषण, अपर्याप्त अवसंरचना, हितधारकों के बीच जुड़ाव की कमी, भारी वर्षा के कारण अपवाह, मृदा अपरदन और अवसादन। जल की कमी से पारिस्थितिकी तंत्र का कामकाज बाधित होता है, खाद्य और जल सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है, और अंततः शांति प्रभावित होती है। विश्व संसाधन संस्थान के अनुसार, 17 देश ह्लअत्यधिक उच्चह्ल स्तर के जल संकट का सामना कर रहे हैं, जिससे लोगों के बीच संघर्ष, अशांति और अशांति उत्पन्न होने का खतरा है।आज विश्व के 1.6 अरब लोगों को पीने का स्वच्छ जल नहीं मिल पा रहा है। जल संरक्षण तथा सभी को स्वच्छ जल उपलब्ध कराना आज की सबसे बड़ी चुनौती है। केवल भारत में 200 से अधिक नदियां लुप्त होने के कगार पर है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 60 करोड़ से अधिक लोग शुद्ध जल नहीं प्राप्त होने का दबाव झेल रहे हैं। भारत में लगभग 70 फीसदी जल प्रदूषित है। जिसकी वजह से पानी की गुणवत्ता के वैश्वविक सूचकांक में भारत 120वें स्थान पर है। भारत भी इन समस्याओं से अछूता नहीं है।भारत के लगभग हर राज्य और प्रमुख शहरों में भूजल स्तर घट रहा है भारत में जल की उपलब्धता पहले से ही इतनी कम है कि इसे जल संकटग्रस्त श्रेणी में रखा जा सकता है, और अनुमान है कि यह 2025 तक घटकर 1341 घन मीटर और 2050 तक 1140 घन मीटर हो जाएगी। साथ ही, जल निकासी का 72ज कृषि में, 16ज नगरपालिकाओं द्वारा घरों और सेवाओं के लिए, और 12ज उद्योगों द्वारा उपयोग किया जाता है।भारत में नदियां जल का प्रमुख तथा महत्वपूर्ण श्रोत है। भारत की अस्सी प्रतिशत नदियां आज भयावह प्रदूषण और अतिक्रमण से जूझ रही है। छोटी नदियां तेजी से लुप्त हो रही है। छोटी नदियों के संरक्षण के लिए कठोर कानून की आवश्यकता है साथ ही समाज और सरकार को एक साथ मिलकर काम करना होगा। हमें विश्व के अन्य देशों के नदी पुनरुद्धार कार्य के मॉडल को समझना होगा। 1950 तक टेम्स नदी को जैविक रूप से मृत्य घोषित कर दिया था, लेकिन आज यह स्वच्छ नदियों में है।आज जल प्रदूषण को लेकर जन मानस की उदासीनता उससे भी ऊपर, समाज अपने दायित्व से पलायन कर रहा है। जल के उपयोग तथा भूजल की रिचार्जिंग पर समुचित ध्यान देना होगा। झील, तालाबों, नदियों और अन्य जल संसाधनों पर समाज का सामूहिक अधिकार होना चाहिए। इनके निजी करण पर रोक लगनी चाहिए। स्कूलों से लेकर विश्वविद्यालय तक के पाठ्यक्रम में जल संरक्षण तथा प्रबंधन जैसे विषय को शामिल किए जाने चाहिए। नदियों और नालों पर चेक डैम बनाए जाए, खेतों में वर्षा पानी को संग्रहित किया जाए। खेती में उन फसलों के उत्पादन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, जिनके उत्पादन में कम पानी की आवश्यकता होती है। वर्षा के जल को संग्रहित करने के लिए टैंकों, चेक-डैम और तालाबों आदि की व्यवस्था की जानी चाहिए। इसके लिए नुक्कड़ नाटक, अखबारों तथा टेलीविजन आदि के माध्यम से लोगों में जागरूकता लानी होगी। जल संकट का विकट वैश्वविक दौर चल रहा है। जल का कोई विकल्प भी नहीं है। जल की अनिवार्यता और अपरिहार्यता मनुष्य समेत सृष्टि के प्रत्येक जीव के लिए है।भारत में नदियों को लेकर सामाजिक जागरण अभियान को तेज करना करना होगा। नदी सफाई और पुनरुद्धार के लिए ईमानदार अधिकारियों की पहचान कर कार्य में लगाना होगा। ऑनलाइन संगोष्ठी में देश के कई भागों से विशेषज्ञ जुड़े।इस अवसर पर नदी मित्र से जुड़े अन्य व्यक्ति डॉ महेंद्र कुमार, डॉ.अशोक यादव, दीपक कुमार, अविनाश आर्य आदि उपस्थित थे।

# भीमनगर थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित, त्योहारों को लेकर प्रशासन सख्त

**वीरपुर (सुपौल) (एनएसबी)।** भीमनगर थाना परिसर में रविवार की शाम रामनवमी, चैती छठ एवं दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक की संयुक्त अध्यक्षता वीरपुर एसडीएम नीरज कुमार एवं एसडीपीओ सुरेंद्र कुमार ने की, जिसमें विभिन्न पूजा समितियों के सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे ।

बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम नीरज कुमार ने कहा कि सभी धार्मिक जुलूस निर्धारित समय सीमा के भीतर ही निकाले जाएंगे। पूजा पंडालों में सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं तथा पूजा समितियों के स्वयंसेवक पहचान पत्र (आईकार्ड) के साथ तैनात रहें, ताकि किसी भी


बैठक में शामिल पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि।

स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

वहीं एसडीपीओ सुरेंद्र कुमार ने बताया कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क रहेगी। सभी प्रमुख पूजा स्थलों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने विशेष रूप से कहा कि लहरिया कट चलाने वाले बाइक चालकों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। साथ ही जुलूस के दौरान अश्लील गानों के प्रसारण पर भी सख्ती से रोक रहेगी।

प्रशासन ने सभी लोगों से अपील की है कि त्योहारों को आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

बैठक में भीमनगर थानाध्यक्ष मनीष कुमार, एसआई त्रिलोकी नाथ प्रसाद, एएसआई बिपिन कुमार राम, पीटीसी रामचंद्र चौधरी,,भीमनगर मुखिया बबलू यादव, गीता देवी, बिहारी मुखिया, फिरोज खान, परवेज अहमद, सरपंच दुर्गानंद सिंह, बीरेंद्र पासवान, भूषण सिंह, राकेश गुप्ता, सोमनाथ रुद्र, चंदन सिंह, रिपुंजय झा, इंद्र नारायण शर्मा, सतेंद्र सिंह, शैलेंद्र प्रसाद यादव, हरेंद्र सिंह, दिवेश सिंह, एमडी कलाम, पवन कुमार, राकेश महतो, राजेश मंडल, सत्य देव सिंह, शिवजी चौधरी, रफीक आलम, अरुण कुमार यादव, नरेश यादव, उपेंद्र यादव आदि मौजूद थे ।

## खबरें : एक नजर में

### मक्का के खेत से 82 लीटर विदेशी शराब बरामद, तस्कर फरार

**त्रिवेणीगंज (सुपौल) (एनएसबी)।** प्रखण्ड क्षेत्र अन्तर्गत जदिया थाना पुलिस ने शनिवार को तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तमकुलहा वार्ड संख्या-16 स्थित मक्का के खेत से 82 लीटर विदेशी शराब बरामद किया है पुलिस की दबिश पड़ते ही तस्कर खेत की आड़ लेकर फरार हो गए, । लेकिन उनका 'डिलीवरी प्वाइंट' उजागर हो गया। थानाध्यक्ष नंदकिशोर नंदन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कोरियापट्टी पश्चिम पंचायत के ठाकुरबाड़ी वार्ड संख्या-05 निवासी सगे भाई सुनील कुमार और मिथलेश कुमार द्वारा सहदेव यादव के मक्का खेत में विदेशी शराब की खेप पहुंचाई जानी है । सूचना के सत्यापन के लिए पुलिस टीम जैसे ही मौके पर पहुंची, । वहां मौजूद तीन-चार संदिग्ध पुलिस वाहन को देखते ही मक्का के घने खेत में भाग निकले। पुलिस बल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उनका पीछा किया, लेकिन ऊंची फसल का फायदा उठाकर सभी फरार होने में सफल रहे। इसके बाद पुलिस ने पूरे खेत की घेराबंदी कर सघन तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान पांच बोरे में छिपाकर रखे गए 10 कार्टन विदेशी शराब बरामद किए गए,। जिसकी कुल मात्रा करीब 82 लीटर आंकी गई है। मौके से तस्करी में प्रयुक्त एक बाइक (बीआर-50 एच 5519) भी जब्त की गई है । पुलिस का मानना है कि खेत को अस्थायी 'डिलीवरी प्वाइंट' के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था। थानाध्यक्ष ने बताया कि सगे भाई सुनील कुमार और मिथलेश कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है । उन्होंने स्पष्ट किया कि शराब तस्करी के खिलाफ अभियान और तेज किया जाएगा और इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। इलाके में इस कार्रवाई के बाद तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है ।

### सिमराही में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल, हायर सेंटर रेफर

**राघोपुर (सुपौल) (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के सिमराही बाजार स्थित एनएच-106 पर रविवार सुबह करीब 9 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक बुजुर्ग व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, प्रतापगंज थाना क्षेत्र के गोविंदपुर


अस्पताल में इलाजरत बुजुर्ग।

वार्ड-4 निवासी करीब 60 वर्षीय नथुनी मंडल सड़क पार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों और बाइक सवारों की मदद से घायल बुजुर्ग को तुरंत राघोपुर रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। बताया जाता है कि नथुनी मंडल अपनी बेटी के ससुराल सिमराही वार्ड-13 में अपने दामाद अभिरंजन सिंह के यहां आए हुए थे और किसी काम से बाजार जा रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उनका पैर बुरी तरह फ्रै र हो गया। वहीं बाइक सवार की पहचान किशनपुर थाना क्षेत्र के फुलवरिया निवासी महानंद कुमार मंडल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह अपनी पत्नी के साथ मोतीपुर से धरहरा महादेव मंदिर पूजा करने जा रहे थे। इसी दौरान पेट्रोल पंप के पास यह दुर्घटना हो गई। वहीं इस मामले में राघोपुर थानाध्यक्ष अमित कुमार राय ने बताया कि आवेदन मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### ईद की ड्यूटी में किशनपुर आई महिला कांस्टेबल ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच प्रारंभ

#### आवासन स्थल किशनपुर प्रखंड के सभा भवन स्थित बंद पड़े बाथरूम से बरामद की गई कांस्टेबल की शव

**किशनपुर (सुपौल) (एनएसबी)।** किशनपुर में शनिवार की रात एक महिला कांस्टेबल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । उसका शव उनके ठहराव स्थल किशनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित सभा भवन के बंद पड़े बाथरूम में फंदे से लटका मिला । बता दें कि बाथरूम इस्तेमाल में नहीं था और उसमें चुनाव से संबंधित मतपेटी सहित अन्य सामान रखे हुए थे । कंस्टेबल ने मतपेटी बक्स को जोड़कर पंखा की कड़ी से दुपट्टा बांधकर झूल गई । काफी देर बाद उनके साथीयो द्वारा उसे नहीं देखने पर खोजवीन शुरु की गई । सूचना पर पहुंचे एसडीपीओ, बीडीओ व थाना अध्यक्ष ने बंद पड़े बाथरूम को तौड़कर फंदे से झूले कंस्टेबल के शव को बाहर निकाला । मौके पर एफ एसल की टीम कोसी रेंज के डीआईजी आशीष सहित जिले के अन्य पुलिस पदाधिकारी पहुंचकर जांच करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया । घटना की जानकारी परिजनो को दी गई । मृतका कांस्टेबल की पहचान आरा जिले के पटखैली गांव की रितु कुमारी के रूप में हुई है। वह मुजफ्फरपुर जिला बल में तैनात थी और फिलहाल सुपौल के भीम नगर में ट्रेनिंग कर रही थी । किशनपुर थाना अध्यक्ष ज्ञान रंजन कुमार ने बताया कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। जल्द ही घटना के पीछे के कारणों का खुलासा किया जाएगा । बता दें कि पुलिस को मौके से सुसाइड नोट भी मिले हैं। रितु कुमारी का मोबाइल फोन भी उनके जेब से ही बरामद हुआ । जानकारी अनुसार वे मानसिक तनाव से गुजर रही थी । वे अपने घर नहीं जाना चाहती थी जो उन्होंने अपने सुसाइड नोट में भी जिक्र किया है । पुलिस टीम ने घटना स्थल को रीमार्क कर जांच में जुट गई है । मामले में वरिय पुलिस पदाधिकारी ने जांच पूर्ण होने के बाद जानकारी सार्वजनिक करने की बात कही है । फीलवक्त घटना की चर्चा चारो ओर हो रही है ।


कमरे में मौजूद मृतका के साथी।


घटना स्थल पर पहुंचे पुलिस पदाधिकारी ।

### हिन्दू जागृति मंच की हुई बैठक, रामनवमी पर शोभा यात्रा को लेकर कमेटी गठित

**त्रिवेणीगंज (सुपौल) ।** मुख्यालय स्थित अजगैबी काली दुर्गा मंदिर के प्रांगण में रविवार को वार्ड पार्षद राम सिंह के अध्यक्षता में हिन्दू जागृति मंच की बैठक आयोजित की गई जिसमें हर वर्ष की भांति इस बार भी रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाले जाने पर विचार विमर्श किया गया एवं कमिटी का गठन किया गया । जिसमें अध्यक्ष के पद पर आनन्द कुमार, सचिव के पद पर विवेक कुमार, कोषाध्यक्ष के पद पर सूरज चौरसिया, उपाध्यक्ष के पद पर शिवा बिहारी, उपसचिव के पद पर बसंत शर्मा, सदस्य के पद पर विश्वराज जयसवाल, चंचल कुमार, बजरंगी कुमार, चंचल कुमार आदि शामिल हैं । मौके पर पूर्व मुखिया बसंत यादव, भोला चौधरी, रंजन कुमार, मनीष सिंह सहित अन्य मौजूद थे ।

## किशनपुर सीएचसी में कुष्ठ विभाग के अंतरराष्ट्रीय टीम द्वारा किया गया मूल्यांकन, मरीजों से की गई पूछताछ

**किशनपुर (सुपौल) (एनएसबी) ।** जर्मनी के सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डा. एडोल्फ के नेतृत्व में एक टीम, जिसमें डा. सरबार्था राय, डा. सोमशेखर रेड्डी और डा नन्हे कुमार (डेमियन फाउंडेशन) शामिल थे, ने जिले के किशनपुर अस्पताल में कुष्ठ विभाग का निरीक्षण किया। उनके दौरे का उद्देश्य (नेशनल लेप्रोसी उन्मूलन कार्यक्रम) के सान्वय में चल रहे गतिविधियों का मूल्यांकन करना था। दौरे के दौरान टीम ने मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तार से समीक्षा की और विभाग के प्रमुख चिकित्सकों एवं कर्मचारियों से बातचीत की।

इस दौरान टीम ने डा. अभिषेक कुमार सिन्हा और स्वास्थ्य प्रबंधक अभिलाष कुमार वर्मा से हेल्थ को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की। उन्होंने संस्थागत प्रसव, महादलित टोले में टीकाकरण आदि को लेकर विशेष चर्चा की । टीम ने विभाग में इलाज करा रहे कई मरीजों का साक्षात्कार भी लिया और उनकी राय जानी।


मूल्यांकन में शामिल चिकित्सक।

मरीजों ने अस्पताल में मिल रही सुविधाओं और देखभाल पर संतोष व्यक्त किया।

मूल्यांकन के बाद विशेषज्ञों ने विभाग द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं को उत्ष्ट बताया और पूरी टीम की सराहना की। बता दें कि अंतरराष्ट्रीय टीम हेल्थ सेंटर व ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर स्वास्थ्य विभाग में प्रदत सुविधा को नजदीक जाना । मौके पर चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे ।

## पहली ही बारिश में ध्वस्त हुई सर्विस रोड, गुणवत्ता पर उठे गंभीर सवाल

**राघोपुर (सुपौल) (एनएसबी)।** प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार के पास आरओबी (रोड ओवर ब्रिज) के किनारे बनी सर्विस रोड पहली ही बारिश में बह जाने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। शनिवार को हुई हल्की बारिश के बाद नाला और सड़क के बीच का हिस्सा धंस गया, जिससे सड़क के बीचों-बीच गहरा गड्ढा बन गया है। यह गड्ढा अब राहगीरों और वाहन चालकों के लिए बड़े खतरे का कारण बनता जा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस सड़क को कुछ ही समय पहले आम आवागमन के लिए खोला गया था, उसका इस तरह क्षतिग्रस्त हो जाना बेहद चिंताजनक है। लोगों ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में लापरवाही बरती गई है, तभी मामूली बारिश में ही सड़क का यह हाल हो गया। खासकर रात के समय यह गड्ढा और भी खतरनाक साबित हो सकता है, क्योंकि अंधेरे में दुर्घटना की आशंका कई गुना बढ़ जाती है।


ध्वस्त हो रही सर्विस रोड।

ग्रामीणों और स्थानीय नागरिकों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि यदि समय रहते मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया गया, तो यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप करने, सड़क की जल्द मरम्मत कराने और निर्माण कार्य की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

गौरतलब है कि बीते 15 फरवरी को ही इस आरओबी को आम लोगों के उपयोग के लिए खोला गया था। इतने कम समय में सड़क का इस तरह बह जाना निर्माण एजेंसी की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़ा करता है।

मामले में एनएच-106 के कार्यपालक अभियंता सत्येंद्र पाठक ने कहा कि निर्माण एजेंसी को निर्देश दे दिए गए हैं और जल्द ही क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत कर दी जाएगी। हालांकि, लोगों का कहना है कि केवल मरम्मत ही नहीं, बल्कि पूरे निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच भी जरूरी है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों सके ।

## बिहार दिवस पर राघोपुर में भव्य प्रदर्शनी एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**राघोपुर (सुपौल) (एनएसबी)।** बिहार दिवस के अवसर पर रविवार को राघोपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित टीसीपी भवन में विभिन्न विभागों द्वारा भव्य प्रदर्शनी सह जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ सतेंद्र कुमार यादव, एमओ अमर कुमार एवं लेबर इंस्पेक्टर सुबेश कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर तथा दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के कई अधिकारी, कर्मचारी एवं आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।


कार्यक्रम के उद्घाटन पश्चात स्टाल का निरीक्षण करते पदाधिकारी।

प्रदर्शनी में जीविका, मनरेगा, प्रखंड आपूर्ति विभाग, श्रम विभाग, जल एवं स्वच्छता समिति, बाल विकास परियोजना, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा षि विभाग सहित विभिन्न विभागों ने अपने-अपने स्टल लगाए।

इन स्टालों के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं, उनकी उपलब्धियों एवं लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी आम लोगों को दी गई।

कार्यक्रम के दौरान बाल विकास परियोजना कार्यालय का स्टल आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना रहा। यहां गोदभराई से लेकर अन्नप्राशन तक की पारंपरिक एवं सरकारी प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान बीडीओ ने स्वयं एक महिला की गोदभराई कराई और एक बच्चे का अन्नप्राशन भी कराया, जिससे लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।

इसके अलावा प्रखंड आपूर्ति विभाग द्वारा पिपराही की रीना देवी, देवीपुर की पूनम देवी, कंचन देवी और रेखा देवी के बीच नए राशन कार्ड वितरित किए गए। वहीं मनरेगा स्टाल पर मजदूरों को जब कार्ड प्रदान कर उन्हें रोजगार से जोड़ने की बात कही गई ।

मौके पर सीडीपीओ लक्ष्मी कुमारी, अजय कुमार, डीलर जगदेव यादव, एलएस प्रभा कुमारी, रूपम कुमारी सहित कई अन्य अधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ सतेंद्र कुमार यादव ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर बिहार दिवस के अवसर पर इस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है, ताकि आम लोगों को सरकारी योजनाओं की सही जानकारी मिल सके और वे इसका लाभ उठा सकें।

उन्होंने कहा कि बिहारी अपनी मेहनत और लगन के बल पर देश-विदेश में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं, जो पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है।

## अमीरों के भांति गरीबों का भी कर्ज माफ करें सरकार : डा. अमन

**सुपौल ( एनएसबी ) ।** बिहार दिवस 2026 के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित बी.बी.सी. कलेज सभागार में लोन माफी आन्दोलन को विशेष गति प्रदान करने के लिए एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए लोन माफी आन्दोलन के सूत्रधार डा अमन कुमार ने कहा कि देश में ऋणी परिवार की स्थिति बहुत ही दयनीय है। ऋणी परिवार बेहाल है। माइक्रो फाइनेन्स कम्पनी मालामाल है फिर भी सरकार कुंभकर्णी नींद में सोई हुई है। उद्योगपतियों का कर्ज माफ करने के चक्कर में सरकार देश की खजाना लूटा रही है और गरीबों के लिए सभी दरबाजे बंद किए हुए हैं। सरकार की यह नीति समाज, राज्य और राष्ट्र के लिए घातक है। उद्योगपतियों से दोस्ती और गरीबों से सौतेला व्यवहार सरकार को बहुत भारी पड़ेगी। अमीरों के भांति गरीबों का भी कर्ज माफ होना चाहिए। डा. कुमार ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि आन्दोलन धरना, प्रदर्शन, जन अदालत और जुलूस निकालने से क्या होता है इससे यह सिद्ध होता है कि हम जीवित है। हमारा जमीर जिन्दा है और हम मैदान में डटे हुए हैं। आन्दोलन हमेशा स्वाभिमानी लोग करते है। चालाक लोग तो चापलूसी और तलवे चाटकर काम निकालते हैं या गुलामी की जिन्दगी जीते हैं। जोखिम उठाने वाला व्यक्ति ही वास्तव में स्वतंत्र है। डा. कुमार ने कहा कि समाज में बड़े बदलाव इसलिए नहीं हो रहा है। क्योंकि गरीब में हिम्मत नहीं है, मध्यम वर्ग को फुर्सत नहीं है और अमीरों को जरूरत नहीं है। जिसके कारण माइक्रो फाइनेन्स कम्पनी और उद्योगपतियों के द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों का शोषण किया जा रहा है। कर्ज के जाल में फंसे परिवारों की मानसिक प्रताड़ना और आत्म हत्या के मामले को कम करने के लिए लोन माफी एक सामाजिक-आर्थिक कदम है। संगोष्ठी में असगर अली, रंजन कुमार, कृष्णदेव यादव, संजय कुमार, संगीता देवी, पिंकी देवी, राधा देवी, मालती देवी, काजल देवी आदि शामिल थें।



प्रोटेस्ट करती ऋणी महिलाएं।

### पिपरा व किशनपुर में बिहार दिवस पर नहीं हुआ कोई कार्यक्रम, जनप्रतिनिधियों और आम लोगो में आक्रोश

**पिपरा (सुपौल) (एनएसबी)।** बिहार दिवस के अवसर पर रविवार को जिले भर में एक से बढ़कर एक कार्यक्रम जन जागरुकता, विभिन्न विभागों के द्वारा स्टाल लगाकर प्रर्दशनी सहित सांस्तिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जबकि पिपरा एवं किशनपुर प्रखंड इससे अछूता रह गया जो चर्चा का विषय बना हुआ है । लोगों इसे प्रशासनिक उदासीनता की संज्ञा दी है । बता दें कि जिले के अन्य प्रखंडों में बिहार दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाई गई प्रखंड मुख्यालयों में विभिन्न विभागों द्वारा भव्य प्रदर्शनी सह जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहा सभी अधिकारी, कर्मी एवं आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित होकर बिहार गौरव की गाथा पर अपने विचार व्यक्त किए। पिपरा के लोगों को भी उम्मीद थी कि 22 मार्च बिहार दिवस पर प्रखंड में कार्यक्रम आयोजित होगें लेकिन एसा कुछ नहीं हुआ । लिहाजा यहां के लोग सरकार के मौजूदा जानकारी से बंचित रह गए । प्रखंड मुख्यालय में बिहार दिवस पर आयोजन नहीं होने से पंचायत प्रतिनिधियों ने भी नाराजगी व्यक्त की है। बीडीओ अमरेन्द्र पंडित ने कहा कि शाम में लाईट वगेरह लगाए जाएगें । यही स्थिति किशनपुर प्रखंड की भी रही यहां भी बिहार दिवस पदाधिकारियो का भेंट चढ़ गई । हालांकि यहां सनिवार रात एक घटना घटित हो गई थी सायद इस लिहाज से कार्यक्रम आयोजित नहीं की सकी ।

## बिहार दिवस पर राघोपुर प्रखंड कार्यालय रोशनी से हुआ जगमग

**राघोपुर (सुपौल) (एनएसबी)।** बिहार दिवस के अवसर पर राघोपुर प्रखंड कार्यालय को आकर्षक रूप से सजाकर उत्सव का माहौल बनाया गया। पूरे परिसर को रंग-बिरंगी लाइटों, झालरों और सजावटी सामग्री से सजाया गया ।

इस खास मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सत्येन्द्र कुमार यादव ने स्वयं मिट्टी का दीप जलाकर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की और उपस्थित लोगों को बिहार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

बीडीओ सत्येन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार इस वर्ष बिहार दिवस को विशेष रूप से मनाने की पहल की गई है। इसके तहत कार्यालय परिसर में दीप प्रज्ज्वलन, सजावट और सांस्तिक माहौल तैयार किया गया, ताकि लोगों में अपने राज्य के प्रति गर्व और जुड़ाव की भावना मजबूत हो सके।


रोशनी से जगमग हुआ प्रखंड कार्यालय।

उन्होंने कहा कि बिहार की ऐतिहासिक और सांस्तिक विरासत अत्यंत समृद्ध रही है, जिसे संजोकर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि बिहार के लोग अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी अपनी अलग पहचान बना रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कर्मचारियों और स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। अंत में बीडीओ ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे बिहार के विकास, सम्मान और गौरव को बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं और राज्य को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दें।

## संक्षिप्त खबरें

### आईसीएमआर जेआरएफ फाइनल लिस्ट में हर्ष राज का जलवा

**परबत्ता।** आईसीएमआर द्वारा हाल ही में लिए गए जेआरएफ के लिए जारी फाइनल सूची में खगड़िया जिले के परबत्ता प्रखंड अंतर्गत लगार निवासी किसान पिता ओमप्रकाश अमर, माता- सुलेखा देवी के पुत्र हर्ष राज ने देश स्तर पर ओबीसी कोटा में 13वां स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। हर्ष राज की प्रारंभिक एवं उच्च शिक्षा पटना में हुई, जहां से उन्होंने अपनी मेहनत और लगन के दम पर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। उनकी इस सफलता से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि पर परबत्ता प्रखंड सहित पूरे खगड़िया जिले के लोगों ने हर्ष राज को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### रवींद्र नाथ त्यागी सोपान सम्मान से विनोद विक्की सम्मानित

**खगड़िया।** व्यंग्य विधा में उल्लेखनीय योगदान हेतु महेशखूंट बाजार निवासी युवा व्यंग्यकार विनोद कुमार विक्की को दिल्ली के हिंदी भवन में रवींद्र नाथ त्यागी व्यंग्य यात्रा सोपान सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। विनोद विक्की को सम्मान स्वरूप अंग वस्त्र, स्मृति चिह्न पंद्रह हजार रुपए की सम्मान राशि का चेक, रवींद्र नाथ त्यागी रचनावली सेट एवं बुकमार्क प्रदान किया गया। साथ ही रेल किराया के लिए पांच हजार रुपए भी प्रदान दिए गए। सम्मानित किए जाने पर विनोद ने रवींद्र नाथ त्यागी स्मृति एवं व्यंग्य यात्रा प्रबंध समिति दिल्ली संस्था अध्यक्ष डॉ. प्रेम जनमेजय, महिसचिव रणविजय राव, प्रबंध समिति के अशोक त्यागी, नीरज मिश्र सहित लालित्य ललित रामविलास शास्त्री प्रियंका सैनी आदि का आभार व्यक्त किया है। विनोद विक्की को इसी महीने हैदराबाद की युद्धवीर फाउंडेशन द्वारा भी पुरस्कृत किया गया है।

# आंधी और बारिश से मकई की फसल बर्बाद

## प्रकृति की मार से बेहाल अन्नदाता

**बेलदौर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र में हजारों हेक्टेयर से अधिक में लगा मकई के फसल जमीन पर गिर गया है। बताते चलें कि तेज आंधी तूफान आने से बेलदौर प्रखंड क्षेत्र के हर इलाकों में मकई का फसल जमीन पर गिर जाने के कारण बर्बाद होने के कगार पर है। किसानों का कहना है कि सरकार के द्वारा मुआवजा नहीं मिलती है तो हम लोग जमीन पर आ जाएंगे। किसानों ने कहा कि पांच रूपए के दर पर ब्याज उठाकर खेती किए थे जो फसल जमीन पर गिर गया, वह बर्बाद हो गया। किसान कह रहे हैं कि मकई के फसल में ना ही मौछा आया है यदि सरकार के द्वारा हम लोगों को फसल क्षतिपूर्ति नहीं मिलती है तो हम लोग बर्बाद हो जाएंगे। इस संबंध में किसान वीदो यादव, लालमणि यादव, अजय यादव, परशुराम शर्मा, अमित शर्मा, मनोहर शर्मा, नेहरू शर्मा, जमालुद्दीन, मोहम्मद सलाउद्दी समेत दर्जनों किसानों ने बताया कि हम लोगों का खेत में लगे मकई के फसल तेज आंधी तूफान आने से गिर पड़ा है। यदि सरकार के द्वारा मुआवजा नहीं दी जाती है तो हम लोग सड़क पर उतर जाएंगे।

**पांच रुपए की दर से सूद पर पैसे लेकर किसानों ने की थी खेती**

**मुआवजा नहीं मिलने पर सड़क पर उतरने की दी चेतावनी**

## किसानों को तुरंत मिले मुआवजा : मंडल



**खगड़िया (एनएसबी)।** जिले में बीते दो दिनों से लगातार हो रही बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खगड़िया विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे जिले में रबी फसल पर इसका व्यापक असर पड़ा है। खेतों में खड़ी फसलें या तो पानी में डूब गई हैं या जमीन पर लेट गई है। जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस गंभीर स्थिति को लेकर खगड़िया सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने रविवार को प्रेस वार्ता कर सरकार और जिला प्रशासन से किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने जिला प्रशासन से तुरंत क्षति के आकलन के लिए सर्वे टीम तैयार करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बटेदारों को भी उनका हक मिले इसके लिए वे प्रयास कर रहे हैं। विधायक ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जिले में आंधी तूफान और बारिश से किसानों पर आई प्राकृतिक आपदा को लेकर पत्र लिखा है। विधायक बबलू मंडल ने बताया कि लगातार बारिश के कारण जिले में मक्का, गेहूं और सरसों की फसल बुरी तरह प्रभावित हुई है। खेतों में जलजमाव होने से फसलें सड़ने लगी हैं, जिससे किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है। आम और लीची की फसल पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है। मौसम में अचानक बदलाव के कारण फलों की गुणवत्ता प्रभावित हुई है, जिससे बागवानी करने वाले किसानों को भी भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। सदर विधायक ने कहा है कि किसानों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है और जिला प्रशासन को इस दिशा में तुरंत कदम उठाने की आवश्यकता है। विधायक ने कहा कि किसान पहले ही कई समस्याओं से जूझ रहे हैं और इस तरह की प्रातिक आपदा ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। विधायक बबलू कुमार मंडल प्रेस वार्ता के दौरान जिला प्रशासन से मांग करेंगे कि प्रभावित क्षेत्रों का शीघ्र सर्वे कराया जाए और वास्तविक नुकसान का आकलन कर किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए।

## राजकीय पॉलिटेक्निक के छात्रों ने स्मार्ट फायर फाइटिंग सिस्टम और थ्री-डी मॉडल्स से जीता दिल



कार्यक्रम में अपने मॉडल के साथ राजकीय पॉलिटेक्निक के छात्र।

**पसराहा (एनएसबी)।** बिहार दिवस 2026 के गौरवशाली अवसर पर खगड़िया के ज़ेएनक्रेटी मैदान में आयोजित जिला स्तरीय विभागीय प्रदर्शनी एवं व्यंजन मेला में राजकीय पलिटेक्क्रि, महद्दीपुर के छात्रों ने अपनी तकनीकी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए स्टल पर विभिन्न नवाचारी परियोजनाओं का प्रदर्शन किया गया, जिसमें अर्डिनियो आधारित स्वचालित अगिशामक प्रणाली' मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। यह एक अत्याधुनिक स्मार्ट फायर सेफ्टी सिस्टम है, जो आर्डिनियो माइक्रोकंट्रोलर की सहायता से आग की पहचान कर उसे स्वतः बुझाने में सक्षम है। इस प्रणाली में चार विशिष्ट फ्लेम सेंसर लगाए गए हैं, जो चारों दिशाओं में इन्फ्रारेड विकिरण का पता लगाकर त्वरित प्रतिक्रिया देते हैं। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य कम लागत में एक प्रभावी सुरक्षा तंत्र विकसित करना है, ताकि समय रहते आग पर काबू पाकर जान-माल के बड़े नुकसान को रोका जा सके। अगिशामक प्रणाली के अतिरिक्त छात्रों ने सामाजिक सरोकार से जुड़े प्रोजेक्ट्स जैसे नेत्रहीन व्यक्तियों के लिए 'स्मार्ट ब्लाइंड स्टिक' और 'स्मार्ट जूते' का भी प्रदर्शन किया, जो दिव्यांगजनों की राह सुगम बनाने में सहायक हैं। साथ ही, आधुनिक थ्री-डी प्रिंटिंग तकनीक का उपयोग कर बनाए गए विभिन्न मडलों ने भी आगंतुकों को काफी प्रभावित किया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व 13 मार्च 2026 को माननीय मुख्यमंत्री की 'समृद्धि यात्रा' के दौरान भी इन छात्रों ने अपने उत्ष्ट प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन कर सराहना बटोरी थी। संस्थान के प्राचार्य ड़ संजीव कुमार ने छात्रों के कठिन परिश्रम की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। इस प्रोत्साहन से उत्साहित होकर छात्रों ने आगामी समय में और भी बेहतर और जनोपयोगी नवाचार करने का संकल्प व्यक्त किया। प्रदर्शनी के दौरान प्राचार्य सहित सभी प्रतिभागी छात्र उपस्थित रहे।

## जेएनकेटी मैदान में अल्तमश फरीदी का कार्यक्रम आज

**खगड़िया (एनएसबी)।** बिहार दिवस के अवसर पर खगड़िया शहर के जेएनकेटी मैदान में भव्य सांसतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 23 मार्च की शाम पांच बजे से शुरू होगा, जिसमें प्रसिद्ध गायक अल्तमश फरीदी अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे।

इस कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन द्वारा जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन स्थल को सजाया जा रहा है। तथा सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। बिहार दिवस के मौके पर आयोजित इस सांसतिक संध्या में स्थानीय कलाकारों को भी मंच दिया जाएगा, जहां वे अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है। जिला प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि वे कार्यक्रम में शामिल होकर बिहार दिवस को उत्साह और उमंग के साथ मनाएं। इसकी जानकारी रविवार की दोपहर दो बजे डीपीआरओ कोशिकी ने दी।

**बिहार दिवस पर जिला प्रशासन आयोजित कर रहा है सांस्कृतिक कार्यक्रम, इसमें बड़ी संख्या में शामिल होंगे स्थानीय लोग**

## सांसद ने मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री से की किसानों को मुआवजा देने की मांग



**खगड़िया (एनएसबी)।** 20 मार्च की शाम आए तेज आंधी-तूफान, बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। मक्का और गेहूं की फसल को भारी नुकसान हुआ है। खासकर मक्के की फसल को सबसे ज्यादा क्षति पहुँची है, जिससे अन्नदाता काफी निराश और परेशान हैं। किसानों की इस परेशानी को देखते हुए खगड़िया के सांसद राजेश वर्मा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और कृषि मंत्री रामपाल यादव को पत्र लिखकर फसल नुकसान का आकलन कराने और प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। सांसद वर्मा ने पत्र के माध्यम से आग्रह किया है कि खगड़िया में बड़ी आबादी की आजीविका कृषि पर निर्भर है। यहां किसान मुख्य रूप से गेहू और मक्के का उत्पादन करते हैं। 20 मार्च की संध्या में आयी आंधी-तूफान और ओलावृष्टि से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। लोकसभा क्षेत्र के सिमरी बख्तियारपुर, बेलदौर ,परबत्ता ,खगड़िया, अलौली एवं हसनपुर विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न प्रखंडों में व्यापक क्षति हुई है। मक्का की फसल पूरी तरह जमीन पर गिर गई है जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान के साथ साथ आजीविका पर भी गहरा संकट उतपन्न हो गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और षि मंत्री रामपाल यादव से आग्रह किया है कि इस प्रातिक आपदा से प्रभावित किसानों का सर्वेक्षण कराकर उचित मुआवजा प्रदान किये जाने हेतु आदेश दिया जाए ताकि इस संकट की घड़ी में किसानों को थोड़ी राहत मिल सके।

## अग्निशमन कर्मियों ने प्रभात फेरी निकाल लोगों को किया जागरूक

**गोगरी (एनएसबी)।** अग्निशामन विभाग द्वारा आम लोगों को आग को नियंत्रित करने, बुझाने और उससे होने वाली जान माल की क्षति को रोकने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इसके तहत अगिशमन कार्यालय से लेकर उसरी पेट्रोल पम्प तक एवं पुनः वहां से गोगरी बायपास तक एक प्रभात फेरी निकाली गयी जिसमे आग से बचाव के टिप्स बताये गए।

इसके तहत अगिशमन के पदाधिकारी एवं कर्मियों द्वारा अगि सुरक्षा से संबंधित नारे लगाकर एवं लोगों के बीच पम्पलेट वितरित प्राथमिक उपायों की जानकारी दी गयी। अगिशमन पदाधिकारी ष्ण सुदामा पासवान ने बताया की इस प्रभात फेरी का मुख्य उद्देश्य लोगों को आग लगने की घटनाओ से बचाव एवं सतर्कता के प्रति जागरूक करना है। गर्मी का मौसम आने से आग लगने की समस्या बढ़ जाती है। इसलिए इससे बचाव के ट्रिक जानना जरुरी है। सहायक अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार द्वारा फायर फाइटिंग सिस्टम का समुचित इंतजाम पर जोर दिया गया। उन्होने बताया कि आग से नुकसान को कैसे रोका या कम किया जा सकता है। बताया गया कि इमारत में आग लगने की स्थिति में कैसे बचकर निकला जा सकता है। कैसे जान माल की रक्षा की जा सकती है। घरेलू सिलेंडर में आग की तेज लपटे उठने के बाद आग बुझाने के उपाय भी बताए गए। ऐसा होने पर गीले कपड़े लेकर आग बुझाने का अभ्यास करें। अगिशमक पदाधिकारी ने बताया की आजकल लोग खेतो में फसल काटने के बाद आग लगा देते हैं जबकि ऐसा न करें। कहीं भी आग लगने पर 101 या 112 पर डायल करें। इस मौके पर प्रधान अगिक रवि कुमार, अग्निक चालक राकेश कुमार, अगिक धर्मवीर कुमार, विनोद, रितेश, नीतू, नेहा आदि सहित कई अगिशमक कर्मी उपस्थित रहे।

**खेत में फसल अवशेष को ना जलाएं, इससे आग फैलने का बना रहता है खतरा**

**कहीं भी आग लगे तो उसे गीले कपड़ों से बुझाने का करें प्रयास**

**कहीं भी आग लगने पर फोन नंबर 101 अथवा 112 पर तुरंत दें इसकी सूचना**

**इमारत में आग लगने की स्थिति में कैसे बचकर निकलें और जान माल की क्षति कैसे कम हो इसकी भी जानकारी दी गयी**

## बिहार दिवस पर गोगरी में कई कार्यक्रमों का किया गया आयोजन




उसरी स्थित स्कूल में आयोजित समारोह में छात्रा को सम्मानित करते अतिथि।

**गोगरी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न जगहों मे बिहार दिवस को पूरे जोश एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अनुमंडल प्रशासन द्वारा भी बिहार दिवस मनाया गया। हालांकि इस अवसर पर मैराथन दौड़ होना था लेकिन किसी कारणवस उसे कैंसिल कर 23 मार्च को कराया जाएगा। बिहार दिवस के अवसर पर मध्य विद्यालय उसरी परिसर मे अनुमंडल प्रशाशन की ओर से पेंटिंग एवं रंगोली कार्यक्रम कराये गए। इस प्रतियोगिता कार्यक्रम मे कई स्कूली बच्चों सहित विभिन्न विभाग के प्रतिभागियों ने भाग लिया। चित्रकला मे जहाँ स्वाति प्रिया प्रथम, अंशु कुमारी टीम द्वितीय, जबकि तृतीय स्थान श्रेया राज और मयंक कुमार लाया वहीं रंगोली मे जीविका की टीम तृतीय, मध्य विद्यालय उसरी द्वितीय, जबकि आइसीडीएस प्रथम स्थान को प्राप्त किया। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा की इस अवसर पर छात्र छात्राओ ने जो उत्साह दिखाई वो काबिले तारीफ है। बिहार मे प्रतिभा की कमी नहीं है। इस प्रतिभा के कारण ही बिहार विकसित राज्य बनकर रहेगा। देश मे बिहार का उच्च स्थान रहेगा। सभी मिलजुल कर रहें और हरेक पर्व त्यौहार को पुरे जोश एवं उत्साह के साथ नियमानुसार मनाये। उन्होंने सभी को कार्यक्रम सफल बनने मे सहयोग करने के लिए धन्यवाद भी दिया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रघुनन्दन आनंद, बीपीआरओ प्रमोद पासवान, चिकित्सा प्रभारी डॉ. चंद्रप्रकाश, विजय निराला, योगेंद्र चौधरी,मु मनोब्बर आदि उपस्थित थे।

**22 मार्च को होने वाला मैराथन अब 23 मार्च को होगा आयोजित**

## जीविका का स्टॉल बना लोगों के आकर्षण का केंद्र

**खगड़िया (एनएसबी)।** बिहार दिवस के अवसर पर जेएनकेटी स्टेडियम में जीविका के दो भव्य स्टालों ने जन-आकर्षण का केंद्र बन कर स्थानीय स्वावलंबन की गाथा लिखी। पहले स्टल पर जीविका दीदियों के हाथों से तैयार अचार-पापड़, हस्तशिल्प वस्त्र, मिलेट-आधारित उत्पाद तथा ग्रामीण उद्योग की झलक मिली। दूसरे स्टाल दीदी की रसोई में पौष्टिक और स्वादिष्ट व्यंजन आगंतुकों को परोसे गए। विशेष रूप से निर्मित रंगोली ने दर्शकों का मन मोह लिया। स्टलों पर उमड़ी भीड़ और खगड़िया वासियों की उत्साही प्रतिक्रिया ने दीदियों के श्रम को सार्थक बनाया। इस अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधक उमाशंकर शाह, अजीत पाल, शिवेंद्र कुमार, रंजीत कुमार, राहुल कुमार, ममता कुमारी, निगम कुमारी, रवि कुमार, पूजा रानी एवं स्वीटी कुमारी सहित जीविका परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

### प्रखंड परिसर में लगाए गए कई फलदार वृक्ष

**चौथम।** बिहार दिवस के मौके पर प्रखंड परिसर में कई फलदार वृक्ष लगाए गए। हालांकि रविवार का दिन रहने के कारण सामूहिक अवकाश के बावजूद भी विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा कार्यालय पहुंचकर बिहार दिवस की जिम्मेदारियों को बखूबी निभाई गई। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख शोभा देवी,बीडीओ रंजीत कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी प्रमथ मयंक, प्रमुख प्रतिनिधि चंदन कुमार, बाल विकास परियोजना के एलएस प्रेमलता कुमारी, सीमा कुमारी, आभा कुमारी के अलावे अन्य अंचल प्रखंड के विभिन्न कर्मी मौजूद रहे। जबकि फलदार वृक्षों में आम, लीची, अमरूद एवं अन्य शो प्लांट प्रखंड परिसर में लगाए गए।

### शिक्षिका मधु कुमारी को मिला 'बिहार प्रेरणा सम्मान'

**खगड़िया।** बिहार दिवस पर पटना के बापू सभागार, गांधी मैदान में आयोजित बिहार सांस्कृतिक पुनर्जागरण महासभा 2026 में खगड़िया की शिक्षिका मधु कुमारी को उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। प्राथमिक विद्यालय जयंती ग्राम (गोगरी) में कार्यरत मधु कुमारी को ग्रामीण शिक्षा में नवाचार, बेहतर शिक्षण और बच्चों की बढ़ती उपस्थिति के लिए यह सम्मान मिला। आईपीएस अधिकारी विकास वैभव ने उन्हें सम्मान प्रदान किया। इस उपलब्धि पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों और शिक्षकों ने शुभकामनाएं दीं। उनके पिता डॉ. विजयेंद्र कुमार विद्यार्थी ने भी खुशी जताई। यह सम्मान खगड़िया जिले के लिए गर्व अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणादायक है।

## सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के मामले में गिरफ्तार

**खगड़िया (एनएसबी)।** सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कि है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद बहादुरपुर थाना पुलिस टीम द्वारा उक्त वायरल वीडियो का सत्यापन किया गया। सत्यापन के क्रम में ज्ञात हुआ कि सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने वाला युवक अंकित कुमार उर्फ चितरंजन राज, शुंभा, थाना बहादुरपुर (अलौली) का रहने वाला है। बहादुरपुर पुलिस टीम द्वारा छापामारी कर ग्राम शुंभा से अंकित कुमार उर्फ चितरंजन राज को गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार अभियुक्त नशें के हालत में था। अंकित कुमार उर्फ चितरंजन राज से वायरल वीड़ियों दिखाकर पुछ-ताछ किया गया तो उसने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि नशें की हालत में मेरें द्वारा गलत पोस्ट किया गया है। इस संबंध में बहादुरपुर थाना सन्हा सं0-498/26, दिनांक-20.03.26, धारा-37 बिहार मद्यनिषेध उत्पाद अधिनियम के तहत न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेजा गया।

# भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का शुभारंभ

**खगड़िया (एसएनबी)।** जिले के परबत्ता विधानसभा के गोगरी नगर में नगर अध्यक्ष कुंदन निषाद की अध्यक्षता में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान कार्यक्रम का शुभारंभ सत्ता पक्ष के मुख्य सचेतक सह बिहपुर के विधायक इंजीनियर शैलेंद्र कुमार द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने संगठनात्मक विषयों पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उनके दायित्वों एवं भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर विधायक इंजीनियर शैलेंद्र कुमार ने कार्यकर्ताओं के साथ आत्मीय संवाद करते हुए संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर सार्थक चर्चा की।

प्रशिक्षण सत्र में संगठन की विचारधारा, राष्ट्र प्रथम का सिद्धांत, कार्यपद्धति, बूथ सशक्तिकरण, जनसंपर्क, सरकार की उपलब्धियां तथा सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर प्रदेश परिषद सदस्य जय ष्णा सिंह पटेल, जिला महामंत्री नीतीश कुमार, ड़ इंदु भूषण कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद शाह, प्रीति प्रिया, जिला मंत्री अजीत कुमार नटवर, ओबीसी मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता राजेश पंडित, जिला मीडिया प्रभारी सह मुख्य प्रवक्ता मनीष कुमार राय, जिला प्रवक्ता अनिल शर्मा, वरिष्ठ नेता विनोद झा, हरिश्चंद्र पटेल, पूर्व जिला महामंत्री दीपक सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद सिंह, युवा मोर्चा जिला महामंत्री अमर सिन्हा, नगर महामंत्री प्रशांत मिश्रा एवं मनोज निराला सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इसी क्रम में खगड़िया जिला अंतर्गत बेलदौर विधानसभा के बेलदौर स्थित अर्जुन पैलेस में मंडल अध्यक्ष पप्पू साह की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार मुख्य सचेतक सह बिहपुर विधायक इंजीनियर शैलेंद्र कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति, बूथ सशक्तिकरण, जनसंपर्क एवं सेवा भाव जैसे विषयों पर मार्गदर्शन देते हुए कार्यकर्ताओं के साथ सार्थक संवाद किया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रभारी सरोज झा, निवर्तमान जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अश्विनी सिंह, पूर्व महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना सिंह पटेल, महिला मोर्चा अध्यक्ष सरला सिंह, जिला उपाध्यक्ष सह नगर पंचायत अध्यक्ष ममता देवी, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष विनय भारती चौरसिया, विधानसभा संयोजक सुधीर यादव, जिला प्रवक्ता रंजन राज, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अनिल सोनी, जिला महामंत्री डॉ. इंदु भूषण कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद साह, जिला प्रवक्ता मनीष कुमार राय, पूर्व जिला उपाध्यक्ष दिलीप भगत, भाजपा नेत्री किरण देवी, सोशल मीडिया जिला संयोजक अविनाश केसरी, मंडल महामंत्री अशोक भगत, रविंद्र चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष अनंत कुमार, विद्यानंद शाह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करते हैं एवं संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।





भाजपा के प्रशिक्षण कार्यक्रम में मंचासीन पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्साह से भाग ले रहे भाजपा कार्यकर्ता

**बेलदौर (एनएसबी)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत बेलदौर विधानसभा के बेलदौर मंडल में सात सत्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष पप्पू साह के अध्यक्षता मे सफलतापूर्वक रविवार को प्रारंभ हुआ।

**इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हो रहे पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता**

इस अवसर पर उपस्थित प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रभारी निवार्तमान महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बन्दना सिंह पटेल, प्रदेश क्षेत्रीय प्रभारी सह कार्यक्रम जिला प्रभारी खगड़िया एवं बेगूसराय का सरोज झा, निवार्तमान जिला अध्यक्ष सुनील कुमार , प्रदेश कार्य समिति सदय अश्वनी, सिंह सभी सम्मानित पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ । वही बिहपुर विधायक सह सत्ता दल पार्टी के मुख्य सचेतक ई शैलेंद्र कुमार सिंह ने प्रशिक्षण में पहुंच कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन किया। साथ ही उन्होंने कहा कि संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने का यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं के उत्साह, समर्पण और सहभागिता के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक विनय चौरसिया, अनिल सोनी, सरला सिंह, सुधीर यादव, दिलीप भगत, अविनाश केशरी, अश्वनी सिंह उर्फ बउआ के द्वारा पार्टी के मुख्य उद्देश्य से सभी कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। मौके पर भाजपा नेता रंजन राज, ममता कुमारी, किरण देवी, बिहारी लाल अग्रवाल, निवेदिता ठाकुर, अजय कुमार, रविंद्र चौधरी, सुबोध चौधरी मंडल उपाध्यक्ष, त्रिपुरंद्र गुप्ता अमर सिंह, पवन कुमार शर्मा सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबरें : एक नजर में

### 27 मार्च को रामनगर तालाब से निकाली जाएगी शोभायात्रा

**जमालपुर (मुंगेर)(एनएसबी)।** रामनवमी के मौके पर शहर में निकाले जाने वाले भव्य शोभा यात्रा की सफलता को लेकर राम भक्तों की एक आवश्यक बैठक ईस्ट कलोनी के दुर्गा स्थान परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अमित कुमार ने बताया कि 27 मार्च को भव्य शोभा यात्रा शहर में निकाली जाएगी जिसकी तैयारी की जा रही है। शोभा यात्रा आस्था एवं अनुशासन के साथ निकल जाए इसको लेकर बैठक में सरकारी गाइडलाइन को लेकर विशेष रूप से चर्चा किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 27 मार्च को रामनगर तालाब से पानी टंकी रामपुर मैदान तक



रामनवमी शोभा यात्रा को लेकर बैठक करते राम भक्त।

निकल जाने वाली शोभा यात्रा में सैकड़ो की संख्या में राम भक्त शामिल होंगे। वही समाज सेवी वशिष्ठ कुमार, मनीष मंडल एवं नरेंद्र तांती ने बताया कि रामनवमी को लेकर राम भक्तों में गजब का उत्साह एवं जोश दिखता है। शोभा यात्रा के स्वागत करने एवं इसको भव्य बनाने को लेकर हर लोग उत्सव करते हैं। इसलिए मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के मर्यादा का ख्याल रखते हुए हम सभी शांतिपूर्ण तरीके से शोभायात्रा निकलने का संकल्प लेते हैं। बैठक में भवेश चौधरी, राजीव नायक, शंकर सिंह, राहुल,पंकज,रूपेश, धीरज, सोनू, सचिन राज सहित कई मौजूद थे।

### मेंस कांग्रेस के अध्यक्ष के पिता के निधन पर शोक की लहर

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** रेल इंजन कारखाना से 2019 में सेवा अवकाश हुए हसनगंज निवासी गंगासागर यादव का आकस्मिक निधन हो जाने से गांव समाज मैं शोक की



शव यात्रा में शामिल लोग।

लहर देखी गई। गंगासागर यादव के निधन के बारे में मेंस कांग्रेस यूनियन के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि विगत कुछ महीने से पिताजी बीमार चल रहे थे। उनके अचानक हम लोगों को छोड़कर स्वर्ग सिधार जाना अत्यंत ही दुखदाई हुआ है। इधर गंगासागर यादव के अंतिम शव यात्रा शामिल होकर यूनियन नेता,रेलकर्मी समाजसेवी के साथ नेता कार्यकर्ता शोक संवेदना व्यक्त किया। मौके पर मेंस कांग्रेस यूनियन के केंद्रीय नेता मनोज कुमार, सचिव कृष्णा कुमार उपाध्यक्ष मनोज कुमार, अंकेश कुमार, गौरव कुमार, अमित कुमार, राजद नेता राजेश रमन उर्फ राजू यादव, शिशिर कुमार लालू, मनीष यादव, दिनेश यादव, वीरेश यादव, चंद्रशेखर कुमार, राजीव कुमार सैकड़ो मौजूद थे।

### नीरज यादव के इशारे पर हुए जानलेवा हमले में तीन घायल

#### सभी घायल का उपचार हो रहा सदर अस्पताल मुंगेर में, केश उठाने को लेकर घायल परिवार को मिल रही धमकी

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** जमालपुर थाना क्षेत्र के नया टोला केशोपुर में पिछले दिनों आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिसका इलाज सदर अस्पताल मुंगेर में चल रहा है। इधर मारपीट मामले को लेकर हुए प्राथमिक के नाम जड़ आरोपी के द्वारा केश उठाने को लेकर घायल के परिवार को नीरज यादव के इशारे पर धमकी मिल रही है। अस्पताल में भर्ती नीतीश कुमार, ललन कुमार साह एवं उर्मिला देवी ने बताई की नीरज यादव के सारे सनी कुमार गौरव कुमार सहित



अस्पताल में भर्ती घायल।

10 से 12 अज्ञात अपराधी तत्वों के द्वारा हम लोगों पर जान लेगा हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। मारपीट मामले को लेकर जमालपुर थाने में दर्ज किए गए प्राथमिक्की के बाद उपरोक्तसभी नामजद आरोपी के द्वारा कैसे उठाने को लेकर धमकी दिया जा रहा है जिससे हम लोग डरे सहमे है। सभी घायल एवं उनके परिवारों ने पुलिस अधीक्षक से नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी करने की मांग की है।

# बिहार दिवस : प्रभात फेरी और प्रदर्शनी ने मोहा मन

**लखीसराय (एनएसबी)।** नगर भवन, लखीसराय में रविवार को बिहार दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन माननीय विधायक सूर्यगढ़ा रामानंद मंडल, जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र, जिला परिषद अध्यक्षा अंशु कुमारी, अपर समाहर्ता नीरज कुमार, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शंभूनाथ, उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, और 20 सूत्री उपाध्यक्ष सह भाजपा जिला अध्यक्ष श्री दीपक कुमार सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।




प्रभात फेरी में भाग लेते।



दीप प्रज्ज्वलित करते।



फीता काटकर उदघाटन करते ।

बिहार दिवस उत्सव की शुरुआत सुबह समाहरणालय से लाली पहाड़ी तक आयोजित प्रभात फेरी से हुई। इस प्रभात फेरी में स्कूली छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतिभागियों ने नारों और बैनरों के माध्यम से बिहार की अस्मिता और विकास के प्रति जन-जागरूकता फैलाई।

कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई विकास प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही, जहाँ शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में हासिल की गई उपलब्धियों को स्टल्स के माध्यम से दर्शाया गया।

अतिथियों ने इन स्टालों का अवलोकन कर योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली।

जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र ने बिहार के गौरवशाली इतिहास और सांसतिक विरासत पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बिहार दिवस राज्य की समृद्ध परंपरा और उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है।

वहीं, विधायक रामानंद मंडल ने राज्य सरकार की विकास योजनाओं के प्रभाव की चर्चा करते हुए नागरिकों से विकास में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। जिला परिषद अध्यक्ष ने भी जिले के विकास में जनसहभागिता की सराहना की। इस अवसर पर लखीसराय की सांसतिक एवं ऐतिहासिक विरासत पर आधारित एक विशेष टेबल कैलेंडर का विमोचन भी किया गया, जिसके महत्व के बारे में जिला पदाधिकारी ने विस्तार से बताया। घ्सांसतिक सत्र में स्थानीय कलाकारों और स्कूली बच्चों ने नृत्य, गीत और नाटकों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा माहौल उत्सवमय हो गया।

इसके साथ ही समूह लोक गायन, रंगोली, पेंटिंग और मूर्तिकला प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई।

कार्यक्रम में अपर समाहर्ता नीरज कुमार, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शंभूनाथ, उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, वरीय उप समाहर्ता शशि कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी यदुवंश राम सहित कई जिला स्तरीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। भारी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति ने इस आयोजन को यादगार बना दिया।

# बिहार दिवस के मौके पर मुंगेर में आयोजित हुआ रंगारंग कार्यक्रम

**मुंगेर (एनएसबी)।** जिला प्रशासन एवं कला एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में प्रेक्षा गृह में बिहार दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके पूर्व जिलाधिकारी को पुष्प गुच्छ एवं माँ चंडिका के तैल चित्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर अपर समाहर्ता मनोज कुमार, नगर आयुक्त पार्थ गुप्ता, सदर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार अभिषेक सहित अन्य उपस्थित थे।



जिलाधिकारी को तैल भेंट करते पदाधिकारी।

जिलाधिकारी ने कहा कि आज गर्व का दिन है के आज हम सब बिहार दिवस मना रहें हैं। बिहार आज जिस तरह विकसित राज्यों कि श्रेणी में आगे बढ़ कर जो नई इबारत लिख रहा है वह वास्तव में अत्यंत ही सराहनीय है और गर्व का विषय है। 2005 के बाद बिहार जिस तरह विकास कि ओर बढ़ा है आज देश में अपनी एक अलग पहचान बना चूका है। राज्य सरकार बिहार को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न तरह कि योजनाएं चला रखी है। आज बिहार में सड़कों का जो जाल बिछाया गया है वह विकास में महत्वपूर्ण योगदान निभा रहा है। बिहार के विकास में राज्य सरकार अथवा जिला प्रशासन तो अपनी भूमिका निभा हीं रहा है, लेकिन बिहार के चहुमुखी विकास के लिए सामाजिक स्तर पर यहां के युवा वर्ग को भी अपना योगदान देना होगा। एक विकसित राज्य की कल्पना तभी सम्भव है जब एक समाज विकसित हो और समाज का विकास तभी सम्भव है जब युवा उसमें अपनी भूमिका निभाए। आज युवा वर्ग जिस तरह से विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रहें हैं और अपनी प्रतिभा से अपने जिला व राज्य का नाम रोशन कर रहें हैं वह अत्यंत हीं सराहनीय है। उन्हें आगे भी इसी तरह अपनी भूमिका निभानी होंगी, तभी बिहार और भी विकसित राज्यों की श्रेणी में आएगा। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए बिहार के विकास में बढ़ चढ़ कर जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार को सहयोग करने की बात कहीं।

उन्होंने समस्त जिलेवासियों को बिहार दिवस की शुभकामनायें भी दी।इस अवसर पर आज रंगारंग सांसतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, बैद्यनाथ बालिका उच्च विद्यालय, चंद्रशेखर सिंह बालिका उच्च विद्यालय सहित अन्य कलाकारों ने आकर्षक गीत, संगीत एवं नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसका दर्शकों ने भरपूर आनंद उठाया। जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्ष्ट कार्य किये जाने वाली दर्जनों महिला कर्मियों एवं माननीय मुख्य मंत्री की समृद्धि यात्रा में उत्ष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## महिला सब्जी विक्रेता की हत्या करने वाला आरोपी गया स्टेशन से गिरफ्तार

**लखीसराय (एनएसबी)।** जिले के हलसी थाना अंतर्गत ग्राम केंदी में एक महिला सब्जी विक्रेता की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। लखीसराय पुलिस उपाधीक्षक शिवम कुमार आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि आरोपी की पहचान गोरखलाल राम उर्फ गोरे कुमार (30 वर्ष), पिता स्वर्गीय रामबालक राम, निवासी ग्राम-केंदी, थाना-हलसी के रूप में हुई है।

घटना के संबंध में बताया गया कि हलसी थाना कांड संख्या 66/ 26, दिनांक 19-03-26 को धारा 103(1) बीएनएस एवं 3(2)(अ) एससी एसटी एक्ट के तहत नामजद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

मृतिका का सिर कुचलकर हत्या की गई थी, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया और एफएसएल की टीम से घटना स्थल की जांच करवाई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, लखीसराय के निर्देशानुसार हलसी थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी ट्रेन के जरिए गुजरात भागने की फिराक में है।

इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने राजकीय रेल थाना गया के सहयोग से दिनांक 21-03-2026 को गया रेलवे स्टेशन पर छापेमारी कर आरोपी को धर दबोचा।

पुलिस ने आरोपी के पास से घटना के समय पहना हुआ शर्ट भी बरामद किया है, जिस पर खून के छींटे लगे हुए हैं।

इस छापेमारी दल में हलसी थानाध्यक्ष राजेश कुमार रंजन, पुअनि रंजीत रंजन और हलसी थाने के सशस्त्र बल शामिल थे। पुलिस अब गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ कर साक्ष्य संकलन की प्रक्रिया पूरी कर रही है।

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अपराधियों के विरुद्ध इस प्रकार की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## शोषण के खिलाफ लखीसराय से दिल्ली कूच, 50 माकपा कार्यकर्ता रामलीला मैदान के लिए हुए रवाना

**लखीसराय (एनएसबी)।** रविवार को एनडीए सरकार की नीतियों के कारण मजदूरों के बढ़ते शोषण और जनता के ज्वलंत सवालों को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने आर-पार की जंग का एलान कर दिया है। सीपीआईएम केंद्रीय कमेटी द्वारा 24 मार्च को आयोजित दिल्ली चलो कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लखीसराय जिले से कार्यकर्ताओं का जत्था रवाना हुआ।




दिल्ली रवाना हुए माकपाई ।

माकपा जिला सचिव शंकर राम और वरिष्ठ नेता दीपक वर्मा के संयुक्त नेतृत्व में करीब 50 की संख्या में कार्यकर्ता उत्साह के साथ दिल्ली के रामलीला मैदान के लिए प्रस्थान कर चुके हैं। इस अवसर पर नेताओं ने कहा कि वर्तमान सरकार की नीतियां मजदूर विरोधी हैं और आम जनता महंगाई व बेरोजगारी की मार झेल रही है। इन्हीं जन सरोकार के मुद्दों को आवाज देने के लिए देश भर के कार्यकर्ता दिल्ली में जुट रहे हैं। रवाना होने वाले कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और हुंकार भरी कि रामलीला मैदान से उठने वाली यह आवाज सरकार को अपनी नीतियां बदलने पर मजबूर कर देगी। लखीसराय से गया जत्था 24 मार्च को होने वाली विशाल रैली में भागीदारी कर जिले की समस्याओं और मजदूर वर्ग के शोषण के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करेगा।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर स्वयंसेवकों ने निकाला पथ संचलन

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा जमालपुर खण्ड द्वारा वर्ष प्रतिपदा उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर जमालपुर नगर में पथ संचलन किया गया।संचलन मुंगरौदा के समीप स्कूल से लेकर बद्दी पड़ा, अशिकपुर, ईस्ट कलोनी आदि भागों में स्वयं सेवक कदम ताल करते हुए अनुशासन का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य शिक्षक रितेश कुमार के नेतृत्व में संचालन संपन्न हुआ। हिन्दू नव वर्ष के अवसर पर बौद्धिक कर्ता के शारिरिक प्रमुख ने कहा कि आज हिन्दू (विक्रम सम्मत)नववर्ष है, ये संघ नव वर्ष सिर्फ संघ नही है ये पूरे हिंदुओ का है।संघ सम्पूर्ण हिन्दू समाज की चेतना को



पथ संचालन करते स्वयंसेवक।

जगाने के लिए ऐसे उत्सवों का समावेश किया है।आज संघ जन्मदाता पू ड केशव बलिराम हेडगेवार जी का जन्म दिवश भी है। आज संघ 100 वर्ष पूर्ण हो गया है, स्वयं सेवकों और भी जिम्मेदारी बढ़ गई है।इस अवसर पर जमालपुर खण्ड संघचालक मा् चंद्रशेखर खेतान, जिला प्रचार प्रमुख बसन्त राणा, खण्ड कार्यवाह बिक्रम कुमार, जिला शारीरिक प्रमुख सुभम कुमार,अम्बिका प्रसाद, संजय साह, हेमंत भगत, राकेश अम्बष्ठ, बिपिन चौरासिया, ड कांतमनु चौरासिया, मनोज जी, बिजय मंडल,भानु पाठक,भावेश चौधरी, नन्द किशोर जी आदि सैकड़ो स्वयं सेवकों और नागरिक संज्जन मौजूद थे।

## खबरें : एक नजर में

### शंटिंगमेला का आयोजन कर रेल कर्मियों को सुरक्षा एवं जागरूकता से किया गया लैस

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** जमालपुर स्टेशन के बड़ी पुल स्थित आरआरआई शंटिंग मेला का आयोजन रेल कर्मियों के बीच सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने और मालगाड़ियों या यात्री डिब्बों को जोड़ने हटाने (शंटिंग) के दौरान तकनीकी नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है। शंटिंग मेला सीनियर डीएसओ ताराचंद के नेतृत्व में किया गया। मेला के आयोजन के बारे में बताया गया कि यह मेला कर्मचारियों को यह सिखाने के लिए आयोजित किया जाता है कि कैसे शंटिंग कार्य को बिना किसी दुर्घटना के किया जाए। इसमें फील्ड स्टाफ (जैसे-शंटमैन, लोको पायलट, गार्ड) को शंटिंग प्रक्रिया से संबंधित तकनीकी ज्ञान और नियमों की जानकारी दी जाती है।यह मेला सुरक्षित शंटिंग के महत्व को रेखांकित करता है और यह सुनिश्चित करता है कि कर्मचारी सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करें। उन्होंने यह भी कहा रेलवे में शंटिंग वह प्रक्रिया है जिसमें ट्रेन के डिब्बों या वैगनों को जोड़ने, हटाने, या स्टेशन परिसरध्यार्ड में उनकी स्थिति बदलने के लिए आगे-पीछे चलाया जाता है। यह एक जटिल प्रक्रिया है और इसके लिए विशेष सावधानी की आवश्यकता होती है। मौके पर स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार, चीफ यार्ड मास्टर मनोरंजन, वरीय अनुवाद अभियंता लोको अशोक कुमार सहित कई मौजूद थे।



शंटिंग मेला का आयोजन करते सीनियर डीएसओ।

### गुरुधाम आवासीय विद्यालय में मना 11वां वार्षिकोत्सव नन्हे कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा मन

**लखीसराय (एनएसबी)।** जिले के सूर्यगढ़ा अंचल क्षेत्र के कोनीपार स्थित गुरुधाम आवासीय विद्यालय में 11 वां वार्षिकोत्सव बड़े ही उत्साह, उमंग और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया, जिसके बाद विद्यालय की छात्राओं ने गणेश वंदना की मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, वहीं वर्ग-दो की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांसतिक कार्यक्रमों ने अभिभावकों और अतिथियों की खूब वाहवाही बटोरी। बच्चों के शानदार प्रदर्शन पर पूरे परिसर में तालियों की गड़गड़ाहट गूंजती रही। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता सह सरकारी काउंसिल सुरेश प्रसाद सिंह और लखीसराय व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता रजनीश कुमार उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिवक्ता राजीव कुमार एवं अरविंद कुमार सुधांशु ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अधिवक्ता रजनीश कुमार ने शिक्षा के साथ-साथ कानूनी साक्षरता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों को स्कूली स्तर से ही कानून की बुनियादी जानकारी दी जानी चाहिए, ताकि वे भविष्य में एक सशक्त और जागरूक नागरिक बन सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून समाज में न्याय और व्यवस्था का आधार है, जो सत्ता के दुरुपयोग से नागरिकों की रक्षा करता है।



दीप जला कर उदघाटन करते ।

उन्होंने यह भी कहा कि कानून से केवल अनैतिक कार्यो में संलिप्त लोगों को ही डरने की जरूरत है, क्योंकि यह समस्याओं का समाधान ढूंढने का जरिया है। इस मौके पर अधिवक्ता रजनीश कुमार ने विद्यालय के निदेशक को न्याय महाकाव्य नामक पुस्तक भेंट की, ताकि छात्र दोहों के सरल माध्यम से कानून की बारीकियों को समझ सकें। वहीं पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता सुरेश प्रसाद सिंह ने विद्यालय परिवार को वार्षिकोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरुकुल परंपरा को संजोए यह संस्थान निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यहाँ के विद्यार्थी सर्वांगीण विकास करते हुए विभिन्न सेवा क्षेत्रों में देश का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा अतिथियों को सम्मानित किया गया और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### नहाए-खाए के साथ चैती छठ का अनुष्ठान शुरू, कद्दू-भात के साथ वतियों ने शुरू किया चार दिवसीय कठिन

**लखीसराय (एनएसबी)।** लोक आस्था के महापर्व चैती छठ पूजा का चार दिवसीय अनुष्ठान रविवार को नहाए-खाए के साथ पूरी श्रद्धा और भक्तिभाव से प्रारंभ हो गया है। अनुष्ठान के पहले दिन छठ वतियों ने पवित्र स्नान के बाद पूरी शुद्धता के साथ कद्दू-भात का प्रसाद तैयार किया और भगवान सूर्य को भोग लगाने के पश्चात स्वयं ग्रहण कर परिवार एवं आसपास के लोगों में वितरित किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, चैती छठ का वत भी कार्तिक माह के छठ की तरह ही अत्यंत कठिन और नियमों से परिपूर्ण होता है। इसमें वतियों को शुद्धता, संयम और तप का कड़ा पालन करना पड़ता है। हालांकि, इस बार भीषण गर्मी के बीच मौसम में आए सुखद बदलाव और ठंडी हवाओं ने वतियों को काफी राहत पहुंचाई है। आज सोमवार को वत के दूसरे दिन श्खरनाश् का आयोजन होगा। वती दिनभर उपवास पर रहने के बाद शाम को गुड़-चावल की खीर और रोटी का प्रसाद ग्रहण करेंगे, जिसके साथ ही उनका 36 घंटे का कठिन निर्जला उपवास शुरू हो जाएगा। तीसरे दिन मंगलवार को अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित किया जाएगा और बुधवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ इस महापर्व का पारण होगा। नदियों और पोखरों में जल की कमी के कारण अधिकांश वती अपने घरों में ही भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने की तैयारी कर रहे हैं। पूरे क्षेत्र में छठ के गीतों से माहौल भक्तिमय बना हुआ है।



छठ व्रती ।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस अधीक्षक ने तीयर थाना का किया निरीक्षण

**आरा।** पुलिस अधीक्षक राज ने रविवार को तीयर थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान थाना परिसर की स्वच्छता, कार्यालय व्यवस्था, अभिलेखों के संधारण, अपराध नियंत्रण से संबंधित विभिन्न तख्तियो, दस्तावेजों एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों की गहनता से जांच की। इस दौरान एसपी ने महिला पुलिसकर्मियों को लेकर निर्मित सिपाही बैरक का भी निरीक्षण किया। इसके उपरांत थाना में लंबित कांडों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी अनुसंधानकर्ताओं को मामलों के शीघ्र निष्पक्ष व प्रभावी अनुसंधान एवं निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने विधि व्यवस्था संधारण एवं आम जनता को बेहतर पुलिस सेवा उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया। उन्होंने आगामी चैती छठ एवं रामनवमी पर्व मद्देनजर आवश्यक तैयारी को लेकर निर्देशित किया।

### अग्निशमन अधिकारियों ने बताए अगलगी से बचाव के उपाय

**पीरो।** गर्मी का मौसम शुरु होते ही अगलगी की घटनाओं में वृद्धि को देखते हुए अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने इससे बचाव के लिए जागरुकता अभियान तेज कर दिया है। इसके तहत विभाग के अधिकारी व कर्मी गांव-गांव जाकर लोगों को आग से बचाव व आवश्यक सावधानी बरतने सलाह दे रहे हैं। अग्निशमानालय पीरो के प्रभारी सब इंस्पेक्टर उमाशंकर तिवारी के अनुसार गांवों में सबसे अधिक अगलगी की घटनाएं पराली जलाने की वजह से होती हैं इसलिए ग्रामीण को विशेष रूप से पराली न जलाने की सलाह दी जा रही है।

### अज्ञात बुजुर्ग का शव बरामद

**आरा।** आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सुढ़नी गांव मोड़ स्थित यात्री ाेड से रविवार को अज्ञात 50 वर्षीय अधेड़ का शव बरामद हुआ। इसके बाद ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना उदवंतनगर थाना पुलिस को दी गई।

### 18 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ बालक निरुद्ध

**आरा।** नवादा थाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र थाना क्षेत्र के अनाइठ छोटी रेलवे लाइन के पास से अंग्रेजी शराब के साथ एक विधि-विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया। उसके पास से 18 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया। वहीं उक्त बालक थाना क्षेत्र निवासी बताया जा रहा है।

### झगड़ा सुलझाने गए मोबाइल दुकानदार को पीटा

**आरा।** शहर के टाउन थाना क्षेत्र के ािवगंज स्थित दुर्गा मंदिर के समीप झगड़ा सुलझाने गए एक मोबाइल दुकानदार की जमकर पिटाई कर दी गई। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे टाउन थाना पेट्रोलिंग पुलिस द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। सूचना पाकर परिजन भी सदर अस्पताल पहुंचे। जख्मी टाउन थाना क्षेत्र के गोपाली चौक ब्राह्मण टोली निवासी उमेश कुमार का 24 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार गुप्ता है।

### ज्ञानपुर हत्याकांड में नामजद और अज्ञात पर केस दर्ज

**कोईलवर।** गीधा थाना क्षेत्र के ज्ञानपुर गांव में प्रेम प्रसंग के संदेह में हुए युवक हत्याकांड में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। इस मामले में रविवार को मृतक के भाई के बयान पर एक नामजद और अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। गीधा थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

### युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष ने दीं शुभकामनाएं



**कोईलवर।** युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव ने ईद के अवसर पर चांदी के पूर्व मुखिया शम्मी के घर पहुंचकर प्रेम, मोहब्बत और भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने वहाँ मौजूद लोगों से शांति और सदभावना के साथ पर्व मनाने की अपील की। मौके पर शैलेंद्र राम युवा राजद जिला अध्यक्ष भोजपुर सहित आसिफ परवेज प्रदेश सचिव युवा राजद, रजनीा यादव, प्रधान महासचिव युवा राजद, एकलाख अहमद आदि मौजूद थे।

# समृद्ध विरासत बिहार की विशिष्ट पहचान

## बिहार दिवस का भोजपुर में हुआ भव्य आयोजन

**वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में हुआ मुख्य समारोह का आयोजन**

**सूबे के श्रम संसाधन मंत्री ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ**



वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में कार्यक्रम का शुभारंभ करते मंत्री, विधायक, जिलाधिकारी व अन्य।

**आरा (एनएसबी)।** वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में बिहार दिवस का भव्य आयोजन किया गया। यह महोत्सव कला एवं संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रम संसाधन मंत्री, संजय सिंह टाइगर, सांसद सुदामा प्रसाद, विधायक राधा चरण साह, मेयर इन्दु देवी एवं जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया सहित अन्य अतिथियों ने किया। इस अवसर पर मंत्री श्री टाइगर ने कहा कि बिहार अपनी समृद्ध ऐतिहासिक, सांस्तिक एवं बौद्धिक विरासत के लिए पूरे दो में विष्टि पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं, खिलाड़ियों एवं प्रतिभााली विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा ऐसे आयोजन प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का सशक्त माध्यम हैं। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने कहा कि बिहार दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि अपनी समृद्ध विरासत को सहेजने और आगे बढ़ाने का संकल्प लेने का दिन है। शुभारंभ के उपरांत जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का भ्रमण किया तथा संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर स्वास्थ्य, शिक्षा, पुलिस, जीविका, विद्युत, पशुपालन, समाज कल्याण, सूचना एवं जनसंपर्क, स्वच्छता विभाग एवं महिला हेल्पलाइन सहित कई विभागों द्वारा आकर्षक स्टल लगाए गए थे। शिक्षा विभाग के स्टॉल पर स्कूली बच्चों द्वारा तैयार किए गए आर्ट एवं क्राफ्ट की आकर्षक कलातियाँ विोष रूप से लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। संध्या समय दीपोत्सव का आयोजन किया गया, जिसके पश्चात स्कूली छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का समापन प्रास्ति पत्र वितरण के साथ हुआ, जिसमें उत्ष्ट प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त श्रीमती गुंजन सिंह एवं सभी विभागों के पदाधिकारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## शिवाक्षी ने पटना में बिहार दिवस के मुख्य समारोह में दी नृत्य की प्रस्तुति

**आरा (एनएसबी)।** पटना के गाँधी मैदान में आयोजित बिहार दिवस समारोह में आरा की बाल कथक नृत्यांगना शिवाक्षी ने नृत्य प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस बाल नृत्यांगना ने पटना में आयोजित पूरे बिहार के मुख्य समारोह में शिरकत कर जिले का नाम रौशन किया। 4 साल की नन्ही सी उम्र में शिक्षा विभाग के पवेलियन स्थित प्रदर्शन कला मंच पर ठुमरी "ठारे रहियो मोरे याम गगरी मैं भरी आऊँ" पर शिवाक्षी के मनोहारी ने दर्शकों को खूब आकर्षित किया। इस अवसर पर शिवाक्षी विशिष्ट प्रतिभा पुरस्कार प्रदान किया गया।



बाल नृत्यांगना के इस उपलब्धि पर शास्त्रीय गायिका बिमला देवी, जोवीयल जूनियर इंटरनशेनल स्कूल की प्राचार्या आयुषी जैन, निदेशक मनीष जैन, गुरु पंडित राम प्रकाश मिश्रा, महेश यादव, कथक नृत्यांगना आदित्या व गुरु बक्शी विकास ने बधाई दी है।

## शैक्षणिक परिभ्रमण से निखरा उत्क्रमित म. विद्यालय के छात्र-छात्राओं का ज्ञान



**पटना स्थित चिड़ियाघर, तारामंडल व ऐतिहासिक गोलघर का बच्चों को कराया गया भ्रमण**

**शाहपुर (एनएसबी)।** नगर पंचायत के वार्ड संख्या सात स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोपालपुर के छात्र-छात्राएं मुख्यमंत्री परिभ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानाध्यापक अरविंद तिवारी के देखरेख में पटना पहुंचे। बच्चों को पटना स्थित चिड़ियाघर, तारामंडल व ऐतिहासिक गोलघर का भ्रमण कराया गया। शिक्षकों ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रमों से बच्चों के बौद्धिक, मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक क्षमता के विकास में काफी मदद मिलती है।

## बिहार दिवस हम सबके लिए गौरव का दिन : प्रो. कनक

**महाराजा बहादुर राम रण विजय प्रसाद सिंह महाविद्यालय में मना बिहार दिवस**



कार्यक्रम में मौजूद महाविद्यालय की प्राचार्य, प्राध्यापक व अन्य।

**आरा (एनएसबी)।** महाराजा बहादुर राम रण विजय प्रसाद सिंह महाविद्यालय में आज बिहार दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। प्राचार्या डॉ. कनक लता कुमारी ने सभी को बिहार दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि 22 मार्च का यह पावन दिन हम सभी बिहारवासियों के लिए गौरव का दिन है। सन 1912 में आज ही के दिन बिहार को एक स्वतंत्र पहचान मिली थी, किंतु बिहार का इतिहास हजारों वर्षो पुराना और अत्यंत गौरवशाली रहा है। उन्होंने कहा कि यह वही भूमि है जहाँ भगवान बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ तथा भगवान महावीर ने सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाया। नालंदा एवं विक्रमशिला जैसे विश्वविद्यालयों ने कभी पूरे विश्व को शिक्षा का पाठ पढ़ाया और भारत को 'विश्व गुरु' बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने वैशाली को लोकतंत्र की जननी बताते हुए कहा कि यहीं से विश्व को गणतंत्र का पहला पाठ मिला। प्राचार्या ने स्वतंत्रता संग्राम में बाबू कुंवर सिंह के अदम्य साहस एवं महात्मा गांधी के चंपारण सत्याग्रह का उल्लेख करते हुए कहा कि बिहारवासियों ने सदैव अन्याय के विरुद्ध खड़े होकर साहस का परिचय दिया है। आगे उन्होंने कहा, बिहार का गौरव हमारे ज्ञान, परिश्रम एवं सदाचार में निहित है। इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्राध्यापक डॉ. रविंद्र कुमार, डॉ. सूचि स्नेहा, डॉ. प्रज्ञा राय (राजनीति शास्त्र), डॉ. अमृतांशु कुमार, डॉ. विजेंदर कुमार एवं डॉ. अमित कुमार आदि मौजूद थे। सभी प्राध्यापकों ने बिहार की गौरवशाली परंपरा, उसकी सांस्कृतिक विरासत तथा राज्य की गरिमा पर अपने विचार व्यक्त किए।

# लड़कियों में खुशी, लड़कों में वरुण अव्वल

**बिहार दिवस पर हवाई अड्डा मौझवा परिसर में दौड़ प्रतियोगिता का किया गया आयोजन**



**आरा (एनएसबी)।** बिहार दिवस के अवसर पर प्रेरणा फाउंडेशन के बैनर तले दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हवाई अड्डा मौझवा परिसर में आयोजित इस प्रतियोगिता में लड़कों के लिए 1600 मीटर और लड़कियों के लिए 1000 मीटर की दौड़ रखी गई थी। कार्यक्रम का शुभारंभ वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के पीटीआई यावंत सिंह, प्रेरणा फाउंडोन के संस्थापक भुवन पांडेय, अध्यक्ष बबलू सिंह, जूडो संघ के सचिव रजनीा पाठक, तेजस अकादमी के सुनील चौधरी और क्रिकेट संघ के सचिव विजय गुप्ता सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया और पूरे जोश के साथ दौड़ पूरी की। लड़कियों के वर्ग में तुलसी कुमारी ने बाजी मारी, जबकि खुशी कुमारी सेकंड और सपना कुमारी थर्ड रहीं। वहीं लड़कों के वर्ग में वरुण यादव ने ाानदार प्रर्दान करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। अभिनव कुमार द्वितीय और विष्णु कुमार तृतीय स्थान पर रहे।यावंत सिंह ने कहा कि बिहार दिवस के अवसर पर इस तरह के आयोजन युवाओं के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने का बेहतर अवसर प्रदान करते हैं। प्रेरणा फाउंडोन के संस्थापक भुवन पांडेय ने कहा कि आने वाले समय में यह मंच युवाओं के लिए बड़े अवसर उपलब्ध कराएगा, जहां वे अपनी प्रतिभा को आगे बढ़ा सकेंगे। संचालन अध्यक्ष बबलू सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन दीपू मिश्रा ने किया। आयोजन में रजनीा पाठक, विजय गुप्ता, बिट्टू पांडे, अनीा सिंह, रजनीस सिंह, कल्लू सिंह, बाबू धन सिंह, अभिषेक कुमार मिश्रा, सबदन पांडे, सुाील कुमार गुप्ता, सतीा सिंह, रवि सिंह और दिनो गुप्ता मौजूद रहे।

## जदयू प्रखंड अध्यक्ष को गोली मारने के मामले में बालक निरूद्ध

**जगदीशपुर (एनएसबी)।** पुलिस ने जदयू प्रखंड अध्यक्ष को गोली मारने के मामले में बालक को निरुद्ध किया है। पुलिस अधीक्षक राज ने बताया कि बीते वर्ष 6 दिसंबर को जगदीशपुर के शिवगंज टोला निवासी जदयू प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह उर्फ मनोज कुशवाहा अपने दरवाजे पर बैठे थे। तभी बाइक सवार तीन अज्ञात हथियारबंद बदमाश आए और उन्हें गोली मार दी। गोली जांघ को छेदते हुए आर पार हो गई थी। इस मामले में जख्मी मनोज कुमार सिंह ने बाइक सवार तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अनुसंधान के क्रम में विधि विरुद्ध बालक का नाम आया था।

## पीरो में तीन दिवसीय बिहार दिवस समारोह का आगाज




**समारोह के पहले दिन विभिन्न सरकारी व निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का किया भरपूर मनोरंजन**

**पीरो (एनएसबी)।** अनुमंडल स्तरीय बिहार दिवस समारोह का रविवार को रंगारंग आगाज हुआ। स्थानीय ाहीद भवन में आयोजित इस कार्यक्रम का उदघाटन विधिवत रूप से अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण कुमार उपाध्याय ने किया।

मौके पर अपने संबोधन में कहा कि अपने बिहार का अतीत काफी गौरवाली रहा है। यहां कई महान संत, राजनीतिज्ञ, कलाकार, विद्वानों ने जन्म लिया है। हमारा बिहार गणतंत्र की जननी कहलाता है। इसी धरती से महात्मा बुद्ध व भगवान महावीर ने दुनिया को सत्य, अहिंसा व ाांति का संदो दिया। यहां आयोजित इस तीन दिवसीय समारोह के पहले दिन विभिन्न सरकारी व निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। मुख्य रुप से सीबीएससी सेंट्रल स्कूल व आरकेड इंटरनोनल स्कूल के बच्चों की प्रस्तुति काफी सराहनीय रही। अन्य निजी विद्यालयों के बच्चों ने भी गीत-संगीत व नृत्य की शानदार प्रस्तुति की। संध्या पर जय बिहार, जय बिहार के गगनभेदी नारों के बीच भव्य व आकर्षक रैली निकाली गई। पीरो प्रखंड कार्यालय परिसर से निकली रैली शहर के मुख्य मार्ग से होते पुष्पा उच्च विद्यालय में पहुंच कर संपन्न हुई। कार्यक्रम में उप समाहर्ता भूमि सुधार वरुणजय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार, अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी श्रेया बोस, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोज सिंह, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सहित कई अन्य पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

## अभाविप सदस्यों ने रक्तदान कर जुटाया 25 यूनिट खून

**पीरो (एनएसबी)। बिहार** दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की पीरो इकाई द्वारा हबटेक कम्प्यूटर सेन्टर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 25 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शुभारंभ अभाविप के पूर्व नगर अध्यक्ष अजय कुमार मिश्र, परिषद जिला संयोजक अनूप सिंह, पीरो नगर के नगर अध्यक्ष वरुण सिंह, नगर मंत्री विवेक गुप्ता सहित परिषद के पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान महादान है। इससे जरूरतमंद लोगों की जान बचाई जा सकती है। लोगों ने युवाओं से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की। यह कार्यक्रम ाांति मेमोरियल हास्पिटल के चिकित्सक डा. केके सिंह के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में आभाविप के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अंकुश सिंह, जिला संयोजक अनुप सिंह, राजेश कुमार व शुभम सिंह ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

## जीव त्यागी और तपस्वी बने ताकि ईश्वर को प्राप्त कर सके

**देवराहा शिवनाथजी महाराज के नेतृत्व में श्रीरामनवमी शोभायात्रा को लेकर हुई बैठक**



**आरा (एनएसबी)।** श्री रामनवमी शोभायात्रा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत श्री देवराहा शिवनाथजी महाराज के नेतृत्व में महंथ महादेवा नंद महिला महाविद्यालय में श्रीरामनवमी शोभायात्रा की सफलता को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी सदस्यों और झांकी प्रमुख को संबोधित करते हुए महाराज ने कहा कि जैसे रेल के पटरी पर गाड़ी चलती है उसी तरह सतोगुणी लोग तप और त्याग के बल पर चलते हैं। जो भक्त तप और त्याग के बल पर ईवर को प्राप्त कर लिया वह धन्य हो गया और जो दुर्गुण के बल पर आगे बढ़ा वह गर्त मे चला गया। इसलिए जीव को त्यागी और तपस्वी बनना चाहिए जिससे वह ईश्वर की प्राप्ति कर सके। महासचिव शंभू प्रसाद चौरसिया ने कहा कि इस बार हमलोग भगवान श्रीराम का 26वीं जन्मोत्सव मनाने जा रहे हैं। अबकी बार की शोभायात्रा ऐतिहासिक होगी। वहीं सभी सनातनियों को एकजुट होने के लिए समिति के कार्यकारी अध्यक्ष गुड्डू सिंह बबुआन ने कहा। कोषाध्यक्ष गोकुल सिंह सह कोषाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, सुरक्षा प्रमुख राजेवर पासवान, स्टार प्रचारक सरोज कुमार पाण्डेय सचिव सुधीर कुमार सिंह, नवीन प्रकाशजी, शहर सजावट प्रमुख बादल जालान, झांकी प्रमुख हरिओम जी, उपाध्यक्ष सह ग्रामीण अध्यक्ष सन्नी पांडे, विक्की उपाध्याय जी, हर्ष राज मंगलम, रोहित सिंह बजरंगी, ांभू सिंह, ाैलेन्द्र कुमार सिंह, अजय कुमार सिन्हा, आलोक चौरसिया, मोहन विवकर्मा, अभय सिंह, सुजीत कुमार सहित सभी सदस्य मौजूद थे।

# रेल टिकट पर वरिष्ठ नागरिकों को छूट की योजना पुनः चालू करे सरकार




**सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन की संचालन समिति की बैठक में उठी मांग**

**एसोसिएशन का वार्षिक अधिवेशन पांच अप्रैल को होगा, सम्मानित किए जाएंगे कई गणमान्य**

**आरा (एनएसबी)।** सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ इंडिया की संचालन समिति की बैठक की बैठक हुई। संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि देश में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या 10 करोड़ 70 लाख तक पहुंच चुकी है। बावजूद केंद्र सरकार उनके लिए कोई व्यापक योजना लागू नहीं कर पा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि कोविड काल में बंद की गई रेलवे टिकटों पर छूट को पुनः लागू करने की सिफारिा रेलवे स्टैंडिंग कमेटी द्वारा कई बार किए जाने के बावजूद अब तक इस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

बैठक में राष्ट्रीय महासचिव डॉ. दिवाकर पांडे, उपाध्यक्ष अशोक मिश्रा और जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह ने एक स्वर में मांग की कि वरिष्ठ नागरिकों के हित में भारतीय जन औषधि केंद्रों की तर्ज पर राष्ट्रीय स्तर पर जांच घर और अल्ट्रासाउंड सुविधाएं शुरू की जाएं, संचालन समिति ने आगामी 5 अप्रैल को रेड क्रस सोसाइटी भवन, में होने वाले वार्षिक अधिवेशन की तैयारियों की समीक्षा की। उद्घाटन श्रम संसाधन एवं श्रमिक कल्याण मंत्री संजय सिंह टाइगर करेंगे। वार्षिक अधिवोन में पद्मश्री से सम्मानित डॉ. भीम सिंह भवेश और भरत सिंह भारती सहित समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा देने वाले नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में यह प्रस्ताव भी रखा गया कि देश के सभी प्रखंडों में ओल्ड एज होम की स्थापना की जाए और वरिष्ठ नागरिकों के लिए व्यापक राष्ट्रीय योजना तैयार कर सरकार के समक्ष प्रस्तुत की जाए। बैठक में अशोक कुमार मिश्रा, महावीर सिंह, रविंद्र नाथ, उदय प्रताप, प्रो. अमरेंद्र कुमार, योगेंद्र सिंह, भरत भूषण मिश्रा, शिवकुमार, अनंत प्रसाद श्रीवास्तव, सत्यनारायण सिंह और डॉ. नथुनी पांडे, अधिवक्ता देवेन्द्र प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## एनडीए की बैठक में मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी पर चर्चा

**आरा (एनएसबी)।** आरा परिसदन सभागार में एनडीए की सार्वजनिक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज एवं संचालन जदयू महानगर आरा जिलाध्यक्ष जयप्रकाा चौधरी ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि अगिआंव विधायक महो पासवान रहे।



बैठक में आगामी 25 मार्च को समृद्धि यात्रा की तहत भोजपुर जिला विकास कार्यो की समीक्षा करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीा कुमार के आगमन में उनके अभिनन्दन एवं कार्यक्रम को सफल बनाने पर विचार विर्मा किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से लोजपा जिलाध्यक्ष राजेवर पासवान, रालोमो जिलाध्यक्ष रोहित कुावाहा, हम जिलाध्यक्ष महेवर मिश्रा उर्फ मुन्ना बाबा, भीम पटेल, अवधो राम, ाैलेन्द्र नाथ राय, सुधीर कुमार सिंह, सिडी ार्मा, राजेन्द्र तिवारी, ज्योति कुावाहा, नीतो दुबे, विष्णु ांकर, विनीत कुावाहा, पंकज कुावाहा आदि नेता सक्रिय रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### दरभंगा के अलीनगर में देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ दो युवक गिरफ्तार

**अलीनगर (एनएसबी)।** अलीनगर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में दो युवकों को देशी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। डीएसपी बासुकीनाथ झा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि अलीनगर निवासी दिनेश यादव के घर पर आपराधिक गतिविधियों की योजना बनाई जा रही है। सूचना मिलते ही एक विशेष टीम का गठन किया गया और तुरंत कार्रवाई करते हुए संबंधित स्थान पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान दिनेश यादव के पुत्र नीतीश कुमार यादव और ज्योतिष कुमार यादव मौके से भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को खदेड़कर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके घर से एक देशी कट्टा, जिंदा कारतूस और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। दोनों युवक कुछ अन्य साथियों के साथ मिलकर किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। इस छापेमारी अभियान में एसएचओ रंजीत कुमार शर्मा, दारोगा विकास कुमार मंडल, जमादार गजेंद्र सिंह, हरे राम, सिपाही दिल खुश और पूजा कुमारी सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और अन्य संभावित आरोपियों की तलाश जारी है।

### भगवान श्रीराम का जन्म दुष्टों को मारने के लिए नहीं अपितु भक्तों को तारने के लिए हुआ : श्री नंद जी महाराज

**बेनीपुर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के सझुआर गांव स्थित महावीर मंदिर परिसर में चल रहे श्रीराम कथा के चौथे दिन श्री नंद जी महाराज ने श्री राम जन्म का



उल्लेख और उद्देश्य बताया।श्री महाराज जी ने कहा कि भगवान राम का जन्म जग मंगल हेतु अर्थात राम का जन्म पूरे संसार के कल्याण और मंगल के लिए हुआ था।रावण द्वारा फैलाए जा रहे अत्याचारों को समाप्त करना और अधर्म को मिटाना था।धरा पर धर्म की स्थापना करना और सज्जनों की रक्षा करना था। भगवान विष्णु के जय विजय को ऋषियों के श्राप से मुक्ति देना था।उनके उद्धार के लिए अवतार लिए भगवान श्रीराम का अवतार अपने भक्तों की इच्छाओं को पूरा करने और उन्हें सन्मार्ग दिखाने के लिए हुआ।उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का हर कृत्य और अवतार जग मंगल (विश्व कल्याण) के लिए हुआ।इस दौरान श्रीधाम वृंदावन से पधारे संत शिरोमणि राम कुमार दास जी कथा का पूर्ण आनंद लिए।इस दौरान कलाकारों द्वारा बधईया गीत गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।

### दिवंगत हीरो जी के स्मृति में मच्छरदानी वितरित

**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** राजेंद्र प्रसाद मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वावधान में धार्मिक और सामाजिक कार्यों में सदैव अग्रणी रहने वाले दिवंगत हिरण्मय



देवनाथ उर्फ हीरो जी की स्मृति में भगवानपुर चकशेखु वार्ड 5 में मच्छरदानी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के गरीबों एवं जरूरतमंद लोगों को मच्छर जनित बीमारियों से सुरक्षित रखने के प्रति सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष डॉ. संजीव प्रकाश, वार्ड पार्षद इशरत जहां, मशहूर चित्रकार मो. सुलेमान, उत्सव जायसवाल, जिगर गुप्ता, राम प्रवेश राय, शैलेश कानू एवं रौशन पोद्दार सहित कई लोग मौजूद थे।

### मकई और गेहूं किसान की उम्मीद पर तेज आंधी-तूफान नें फेरा पानी, मुआवजे की मांग

**सहरसा षहर (एनएसबी)।** शुक्रवार की शाम सात बजे अचानक आए तेज आंधी, बारिश और बर्फबारी ने किसानों की मेहनत व उम्मीद पर पानी फेर दिया। खासकर मकई की फसल को भारी नुकसान हुआ है।तेज हवा के झोंकों के कारण खेतों में खड़ी मकई की फसल बड़े पैमाने पर गिर गयी। कई जगहों पर पूरे खेत ही औंधे मुंह गिरे मकई के पौधों से भर गये हैं।जिससे किसानों का कलेजा दहल गया।फसल बर्बाद होने पर किसानों ने सरकार से क्षतिपूर्ति देने की मांग की है।सौर बाजार प्रखंड क्षेत्र के अजगैवा पंचायत के जीवछपुर गांव वार्ड नंबर 08 में मकई, गेहूं और सरसों की खेती बड़े पैमाने पर होती है। किसान संजय कुमार सिंह, बिजेंद्र यादव, शांति यादव, दयाराम पंडित, वकील यादव, पिंकूयादव, विशेश्वर साह, हलीम मियां सलीम मियां मुस्लिम मियां,कैलाश साह, गोहर महतो, चन्देश्वरी यादव, राजेश कुमार सिंह, अमित कुमार, तारणी यादव तथा अन्य किसानों ने ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासन से नुकसान का आकलन कर मुआवजा देने की मांग की है। उनका कहना है कि प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान में सरकार को किसानों को अनुदानित दर बीज वितरण कर मदद करनी चाहिए। फिलहाल किसान मौसम के स्थिर होने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन खेतों में औंधे मुंह गिरे मकई के पौधे उनकी मेहनत और उम्मीदों पर पड़े तूफान की कहानी बयां कर रहे है। किसानों ने बताया कि कर्ज लेकर खेती की है और उन्हें अच्छी पैदावार की उम्मीद थी। लेकिन खेतों में धराशायी पौधों को दोबारा खड़ा करना लगभग असंभव है। ऐसे में फसल क्षतिपूर्ति अनुदान ही सहायक सिद्ध हो सकता है।

सहरसा में आयोजित बिहार दिवस समारोह में हुआ भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम, तालियों से गूंजा प्रक्षागृह

## प्रसिद्ध गायक चंदन दास की गजलों पर वाह-वाह कर उठे श्रोता



सहरसा स्थित प्रेक्षागृह में सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुत्फ उठाते श्रोता।



गजल पेश करते प्रसिद्ध गजल गायक चंदन दास व साथी कलाकार।

**नव संदेश ब्यूरो**

**सहरसा शहर।** बिहार दिवस के अवसर पर प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में डीआईजी कुमार आशीष, जिला पदाधिकारी दीपेश कुमार, विधायक संजय कुमार सिंह, एडीएम निशांत कुमार, डीडीसी गौरव कुमार एवं नगर आयुक्त प्रभात कुमार झा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीआईजी कुमार आशीष ने कहा कि बिहार से पूरे विश्व को ज्ञान का संदेश मिला।

उन्होंने कहा कि सब कुछ प्रशासन व पुलिस के भरोसे न छोड़ें। समाज के लोग समाज एवं युवाओं को सुधारने में

**डीआईजी कुमार आशीष ने कहा कि बिहार से पूरे विश्व को ज्ञान का संदेश मिला**

सहयोग करें। मोबाइल के दुरुपयोग से बचें। आनेवाले समय में हम क्या कर सकते हैं उस पर ज्यादा ध्यान दें। सूखे नशे से समाज के युवा पीढ़ी को दूर रखें। हमारे बच्चे मोबाइल के फ्री डाटा के चक्कर में ना पड़ें। डीएम दीपेश कुमार ने कहा आज बिहार बहुत आगे बढ़ गया है। बिहार राज्य में अन्य राज्यों के बनिस्पत इंफ्रास्ट्रक्चर और बेहतर हुआ है। विधायक संजय कुमार सिंह ने कहा बिहार का प्राचीन काल से ही गौरवशाली इतिहास रहा है। बिहार ज्ञान की जन्म स्थली रही है। हमारे बिहार में टेलेंट की कमी नहीं है। प्रसिद्ध गजल गायक चंदन दास ने कार्यक्रम में अपने पहले गजल आपके दिल में क्या है बता दीजिए, यूं न खामोश रहकर सजा दीजिए .......साथ छूटेगा कैसे मेरा आपका .......दर्शकों के वाह वाह और तालियों के गूंज से माहौल काफी रंगीन हो गया।

### नकाबपोश ने दुकान के गल्ला से गायब किया 39 हजार रुपये गायब

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** नगर पंचायत सिंहवाड़ा के लालपुर चौक पर स्थित पशु आहार की दुकान से नकाबपोश बदमाश ने 38 हजार 940 रुपया गायब कर दिया। इस मामले में दुकानदार श्याम कुमार ने सिंहवाड़ा थाना में अज्ञात नकाबपोश बदमाश के खिलाफ थाना मे एफआईआर दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया है कि प्रतिदिन की भांति दोपहर के समय उसका लड़का गगन कुमार स्कूल से दुकान पर पहुंचा। मैं घर खाने चला गया।

इधर लड़का दुकान के सामने स्थित चापाकल से पानी लेने गया। इसी बीच एक नकाबपोश लड़का दुकान में घुसा और गले में रखा 38 हजार 940 रुपये गायब कर दिया। यह पैसा चोकर के बकाया भुगतान के लिए रखा गया था। उसने बताया कि चोरी की यह वारदात सीसीटीवी में कैद है। सीसीटीवी में देखा गया है कि लड़का सिंहवाड़ा सीएचसी की ओर जाने वाली सड़क पर तेजी से जा रहा है। सिंहवाड़ा थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि मामले का अनुसंधान किया जा रहा है।

## समस्तीपुर में महज 10 इंच जमीन के विवाद में बुजुर्ग की ले ली जान

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शनिवार को जमीन विवाद में एक बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना हलई थाना क्षेत्र के जोरपुरा गांव की है। जहां महज 10 इंच जमीन के लिए पड़ोसी ने 72 वर्षीय सुरेंद्र सहनी की हत्या कर दी। इस घटना के विरोध में परिजनों व ग्रामीणों ने जम कर हंगामा किया और पटोरी चलालशाही रोड पर आवागमन बाधित कर दिया।

इस क्रम में उन्होंने आगजनी कर पुलिस पर मामला दर्ज होने के बावजूद कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी भी की। आवागमन अवरुद्ध होने पर दोनों ओर से छोटे बड़े वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गई। सड़क जाम की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और 2 घंटे की मशक्कत के बाद परिजनों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त करा कर आवागमन बहाल



हंगामा करते ग्रामीण।

कराया। मृतक की पहचान के रूप में हुई है। मौके पर मौजूद परिजनों ने कहा कि शनिवार को खेत देखने गए थे। रास्ते में पड़ोसी ने घेरकर बेरहमी से पीटा, जिससे उनकी मौत हो गई। इस संदर्भ में गांव के ही लाल सहनी, सीताराम सहनी, मनोहर सहनी, सियाराम सहनी को आरोपित करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई मगर 24 घंटा के बाद भी पुलिस किसी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। इस बाबत बहू ललिता देवी ने बताया कि 10 इंच जमीन के विवाद में यह हत्या की गई है। पड़ोसी लालो सहनी ने

**विरोध में ग्रामीणों ने जम कर काटा बवाल**

तीन महीने पहले भी परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की थी।

पटोरी थाने में उस समय भी मामला दर्ज कराया था। गांव में कई बार पंचायत भी हुई थी। मापी कराए जाने के बाद बाउंड्री वॉल करा लिया था। मगर, फिर भी उन्हें अकेला देखकर पीट-पीटकर उनकी हत्या कर दी गई। इस संबंध में पटोरी डीएसपी बीके मेधावी ने बताया कि घटना जमीन विवाद से जुड़ा हुआ है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पटना में पहली बार भव्य भूमिहार परिवार मिलन समारोह आयोजित

**पटना (एनएसबी)।** भूमिहार परिवार फाउंडेशन द्वारा भूमिहार बैठकी, गांधी मैदान के सफल एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 52वें रविवार को राजधानी पटना में पहली बार भव्य ह्यभूमिहार परिवार मिलन समारोहह्ण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के अनेक वरिष्ठ अधिकारी, गणमान्य अतिथि एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में एकजुटता, आपसी सहयोग और सौहार्द को मजबूत करना रहा।

समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया, जिसमें बिहार के पूर्व डीजीपी अभयानंद की विशेष उपस्थिति रही। इस दौरान उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि समाज के लोगों को उच्च शिक्षा की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपील की कि अपनी ऊर्जा सकारात्मक कार्यों में लगाएं और समाज के विकास में अग्रणी भूमिका निभाएं। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में वे स्वयं भी सहयोग देने के लिए सदैव तैयार हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के संस्थापक अंकित चन्द्रायण ने कहा कि पटना शहर के सभी मोहल्लों में सदस्यता अभियान चलाकर भूमिहार समाज के हर परिवार को एक मंच से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समाज के लोगों को इलाज के दौरान पटना में रहने की

**शिक्षा व सामाजिक एकजुटता पर जोर**

सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में भी पहल की जा रही है, ताकि जरूरतमंद परिवारों को कठिन समय में सहयोग मिल सके।

उन्होंने आगे कहा कि समाज के व्यवसायियों को एक-दूसरे से जोड़कर आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का प्रयास किया जाएगा, जिससे नए लोगों को आगे बढ़ने का अवसर मिले। इसके साथ ही पटना में जल्द ही एक लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी, जहां 100 से अधिक बच्चों को निःशुल्क शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

अंकित चन्द्रायण ने कहा कि केंद्र सरकार की स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी योजनाएं युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर रही हैं। इन पहलों का लाभ उठाकर समाज के युवा रोजगार मांगने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बन सकते हैं। उन्होंने युवाओं को प्रशिक्षण, उद्यमिता और स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि समाज के सामूहिक प्रयासों से भूमिहार समाज सामाजिक एकजुटता, सौहार्द और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ेगा तथा राज्य के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। कार्यक्रम को टिकारी युवराज हर्ष राज, प्रीति प्रिया, एस के पाण्डेय, डॉक्टर संजीव, कर्नल कुणाल, डॉ मारुत नन्दन इत्यादि ने संबोधित किया। इस अवसर पर अजय जी, पुरशोत्तम जी, दीपक जी, सुजीत जी, युगल जी, नीरज जी, रामजन्म जी, सुमन्त जी, किशोर, अभिजीत जी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## चुनाव में मिले धोखे के आगे बिहार झुकेगा नही : दीपंकर

**पटना (एनएसबी)।** बिहार दिवस 2026 ऐसे समय पर आ रहा है जब देश और समाज गहरी मुश्किलों और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है. हर बीतते दिन के साथ अमेरिका-इजराइल द्वारा ईरान पर चल रहे युद्ध का असर भारत पर भी भारी पड़ रहा है. लाखों प्रवासी भारतीय, जिनमें बड़ी संख्या बिहार के लोगों की है, आज युद्धग्रस्त पश्चिम एशिया में फंसे हुए हैं. बढ़ती एलपीजी कीमतें और महंगाई का बढ़ता संकट आम लोगों की कमर तोड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर किसान व्यापार में आए झटकों से जूझ रहे हैं।

एसआईआर से दागदार चुनावों के जरिए एनडीए ने नीतीश कुमार के नाम पर सत्ता हासिल की थी, लेकिन आज हालात यह है कि बीजेपी उन्हें दरकिनार कर पूरी सत्ता अपने हाथ में लेने की कोशिश कर रही है। हर खाते में 10,000 देने का वादा अब सिर्फ एक झूठा सपना बनकर रह गया है और उसकी जगह लोगों को बुलडोजर राज की कड़वी सच्चाई का सामना करना पड़ रहा है। बलात्कार और हत्या जैसी हिंसक घटनाएं भी चिंताजनक रूप से बढ़ती जा रही हैं। लेकिन बिहार इस धोखे के आगे झुकेगा नहीं। बिहार इसके खिलाफ खड़ा होगा, फिर से उठेगा और हिम्मत और दृढ़ता के साथ आगे बढ़ेगा।

### समस्तीपुर के मोरवा में मनाया गया बिहार दिवस

**मोरवा (एनएसबी)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार निराला के नेतृत्व में प्रखंड मुख्यालय में बिहार दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने बिहार के गौरवशाली अतीत पर विस्तार से प्रकाश डाला। मौके पर प्रमुख सान्या नेहा, गौरव कुमार शर्मा बबलू जी, ज्ञान भास्कर, मोहम्मद अकबर सहित सभी कर्मी मौजूद थे। जबकि उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरपुर भिंडी में प्रभारी प्रधानाध्यापक अमरनाथ प्रसाद के नेतृत्व में बिहार दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। बिहार गीत गाया गया। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया मौके पर वरीय या शिक्षिका श्रीमती सविता कुमारी, ज्योति कुमारी, काजल कुमारी, सुधांशु कुमार, कमलेश कुमार एवं कुंदन रंजन सहित सीकर छात्र छात्राएं एवं अभिभावक मौजूद थे।

## मुजफ्फरपुर में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, मोतीपुर शाखा ने मनायी चतुर्थ वर्षगांठ

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, मुजफ्फरपुर की मोतीपुर शाखा का चौथा स्थापना दिवस रविवार को पुरानी बाजार स्थित शाखाध्यक्ष कृष्णा सिंह के आवासीय परिसर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए पूर्व सैनिकों ने संगठन की मजबूती और समाज सेवा का संकल्प दोहराया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखाध्यक्ष कृष्णा सिंह ने की। जबकि मंच संचालन पूर्व सैनिक जलेश्वर शाही ने किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण परिषद के कार्यों की समीक्षा और भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा रही। संरक्षक ग्रुप कैप्टन बसंत कुमार ने अपने संबोधन में मोतीपुर शाखा के गठन से लेकर अब तक



स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन करते अतिथिगण।।

की यात्रा की सराहना की। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद मुजफ्फरपुर द्वारा किए जा रहे कार्य अनुकरणीय हैं। शाखाध्यक्ष कृष्णा सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए संगठन की एकता और आपसी सामंजस्य को और अधिक प्रगाढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम को मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष दीनबंधु शाही, महासचिव बीरेंद्र कुमार, वरिष्ठ पूर्व सैनिक कैप्टन आर डी राय और आनंद कुमार ने संबोधित किया। वक्ताओं ने पूर्व सैनिकों की समस्याओं और उनके समाधान हेतु एकजुट रहने की बात कही।

इस समारोह में संजय कुमार सिंह, राम इकबाल शर्मा, शत्रुघ्न सिंह, कामाख्या सिंह, अरुण कुमार सिंह, अरुण पाण्डेय, सुदर्शन शर्मा, केशव सिंह, विश्वनाथ ठाकुर, एस सी पंडित, प्रभात कुमार सिंह, युगल किशोर सिंह, रवींद्र शाही, हरिश्चंद्र प्रसाद शाही, मनोज कुमार सिंह, आर सी चौधरी, मदन मोहन झा, शिव कुमार सिंह, रबिंद्र ठाकुर, बीरेंद्र मिश्रा, रामनरेश ठाकुर विश्वनाथ झा, राम पुनीत सिंह, सुजय कुमार सिंह, भाग्य नारायण सिंह, राणा प्रताप सिंह, परीक्षण चौधरी और श्रीनारायण ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## एकलव्य सेंटर में प्रशिक्षण हेतु सहरसा जिले के पांच बालक बालिका पहलवान हुए चयनित

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** भारत सरकार द्वारा सभी राज्यों में अलग-अलग खेल विधाओं के लिए आवासीय एकलव्य सेन्टर खोलने का प्रस्ताव के तहत बिहार राज्य खेल प्राधिकरण बिहार





सरकार पटना एवं सहरसा जिला कुश्ती संघ द्वारा खेल भवन सहरसा में आये हुए तकनीकी पदाधिकारी रेफरी के समक्ष कुश्ती बालक बालिका का ट्रायल करके चयनित किया गया था। जिसमें सहरसा जिला से दो बालक पहलवान को चयनित किया गया। जिसमें राहुल कुमार पिता शंभू शर्मा ग्राम पंचगछिया कासिमपुर निवासी मो इम्तियाज पिता इसाक दोनों का पाटलिपुत्र स्टेडियम कंकड़बाग पटना में एकलव्य सेन्टर में ट्रेनिंग चल रही है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना द्वारा बालिका पहलवान का सूची अभी प्रकाशित किया गया है। जिसमें सहरसा से चंचल कुमारी पिता बलबीर सिंह ग्राम कटघरा, सलखुआ, संध्या कुमारी पिता नंदन पासवान ग्राम खोचर देवा सलखुआ, अंशु कुमारी पिता संटू पासवान ग्राम खोचरदेवा सलखुआ शामिल है। सभी बालिका पहलवान बलवीर कुमार के स्कूल की है। इन सभी का एकलव्य सेंटर उमर गर्ल्स कॉलेज बेगूसराय में हॉस्टल बनाया गया है। जहां महिला कोच द्वारा आवासीय निःशुल्क 12वीं कक्षा तक पढ़ाई,सुबह शाम नाश्ता के साथ खेल कीट, खेल पोशाक, छात्रवृत्ति हरेक महीने 1500 सौ रूपया सभी पहलवानों के खातों पर बिहार सरकार द्वारा दिया जाएगा। साथ ही सरकारी नौकरी की गारंटी बिहार सरकार द्वारा की गई है।सहरसा कुश्ती संघ सचिव सह नेशनल कोच हरेंद्र सिंह मेजर ने कहा मेरा मेहनत जुनून संकल्पित विश्वास सुदूरवर्ती गांव से बालिका पहलवानों का उदय हुआ जो रंग लाई। जिले में एकमात्र कुश्ती खेल में पांच जांबाज जिसमें दो बालक पहलवान तीन बालिका पलवानों का चयन किया गया। सभी खेलों को पीछे छोड़ते हुए यह सुनामी उपलब्धियां इतिहास बनाने का सौभाग्य सहरसा जिले को प्राप्त हुआ। इस मौके पर जिले के सभी खेल संघो ने जांबाज पहलवानों को साथ ही सचिव नेशनल कोच हरेंद्र सिंह मेजर को बधाई दी।